* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते सीएम नीतीश कुमार


* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 114 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com


# विकास और समृद्धि के लिए फिर बनाएं प्रचंड बहुमत से एनडीए सरकार : अमित शाह

## घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा पर आये थे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

मदन कुमार / सुमित सिंह

**डिहरी ऑन-सोन/बेगूसराय(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के शाहाबाद एवं मगध प्रमंडल के दस जिलों के कार्यकर्ताओं का क्षेत्रीय सम्मेलन गुरुवार को डिहरी के कैनाल रोड स्थित ललन सिंह स्पोर्ट्स क्लब मैदान एवं बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी के मैदान में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में दो तिहाई बहुमत से फिर से एनडीए की सरकार बनाना है। सिर्फ भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां बूथ अध्यक्ष भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। मैं भी अपने पार्टी में कभी बूथ अध्यक्ष ही था। उन्होंने कहा कि आज यहां से संकल्प लेकर जाना है कि इस क्षेत्र की 80 प्रतिशत सीट एनडीए के पास हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल सरकार बनाने का





नहीं बल्कि प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर नरेंद्र मोदी-नीतीश कुमार की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। श्री शाह ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार में हर घर को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी है, विधवा, बुजुर्गों और दिव्यांगों की पेंशन 1100 रुपये की गई है, ममता एवं आशा कार्यकर्ताओं, रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षकों का मानदेय बढ़ाया गया है। युवाओं के लिए भी कई योजनाएं लागू की गई हैं। गृह मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए भी वह काम नहीं कर सकते जो एनडीए सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ भ्रष्टाचार में डूबा रहा। बोफोर्स, चारा, लैंड फॉर जॉब, रेलवे जमीन और बेनामी संपत्ति जैसे घोटाले इसकी गवाही देते हैं। श्री शाह ने कहा कि एक तरफ भ्रष्टाचारियों की लंबी सूची है, दूसरी तरफ 24 साल से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने वाले नरेंद्र मोदी हैं, जिन पर कभी कोई आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा कि विकास का रास्ता सिर्फ नरेंद्र मोदी जी की ही ओर से आता है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यात्रा का विषय विकास नहीं था। उन्होंने कहा अभी राहुल बाबा यात्रा करके गए हैं क्या आपको इसका विषय पता है। यात्रा का विषय शिक्षा, बिजली, सड़क, रोजगार नहीं था बल्कि घुसपैठियों बचाव यात्रा कर रहे थे। उनका विषय बांग्लादेश के घुसपैठियों को बचाने का था। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के बिना विकसित भारत की परिकल्पना संभव नहीं है, इसलिए कार्यकर्ता जनता को समझाएं कि बिहार का भविष्य नरेंद्र मोदी के साथ ही सुरक्षित है। वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री की परिकल्पना विकसित भारत बनाने की है। श्री शाह ने कहा कि मगध शाहाबाद क्षेत्र में हमें कम सफलता प्राप्त हुई थी परंतु (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कल गयाजी आयेंगी

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला के बीच गयाजी में इन दिनों खास चर्चा है। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और देश के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी विष्णुपद मंदिर आकर अपने पितरों का पिंडदान करेंगे। सूत्रों के मुताबिक 19 सितंबर को अंबानी परिवार और 20 सितंबर को राष्ट्रपति मुर्मू का गयाजी आगमन प्रस्तावित है। जिला प्रशासन और विष्णुपद मंदिर प्रबंधन समिति ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। डीएम शशांक शुभंकर ने कहा कि राष्ट्रपति के आने की सूचना है, लेकिन औपचारिक जानकारी अब तक नहीं मिली है। उन्होंने साफ कहा कि डिटेल साझा करना संभव नहीं लेकिन प्रशासन अपनी ओर से तैयारी में जुटा है।

### सब्जी विक्रेता की पीट-पीटकर हत्या

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के काको थाना क्षेत्र के काको बाजार में महज पांच रुपए को लेकर हुए विवाद ने एक सब्जी विक्रेता की जान ले ली। मृतक की पहचान पखनपुरा गांव निवासी मो. मोसिन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत के चुंगी वसूलने वाले ठेकेदार विक्की पटेल ने सब्जी विक्रेता से 20 रुपये की मांग की। मोसिन ने 15 रुपये देने की बात कही और बाकी 5 रुपये सब्जी बेचने के बाद देने का आश्वासन दिया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान ठेकेदार ने सब्जी तौलने वाले बटखारे से मोसिन के सीने पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मोसिन की मौके पर ही मौत हो गई।

### सरकारी व निजी बसों में नई व्यवस्था लागू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। अब महिलाओं और बच्चों के लिए आगे की चार पंक्तियां रिजर्व रहेंगी। साथ ही चालक-खलासी के लिए खाकी ड्रेस और नेमप्लेट अनिवार्य होगा। नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने आदेश जारी कर सभी बसों (सरकारी व निजी) में आगे की चार पंक्तियां महिलाओं और बच्चों के लिए रिजर्व करने का निर्देश दिया है। इन सीटों पर 'महिला एवं बच्चों के लिए' लिखना अनिवार्य होगा।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान हर समूह की होगी वीडियोग्राफी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान हर समूह की वीडियोग्राफी होगी। साथ ही मूर्ति विसर्जन के दौरान मांस फेंकने और छतों से पत्थरबाजी की घटना पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस बार ऐसी घटनाओं से बचने के लिए भौतिक सत्यापन किया जाएगा। आला अधिकारियों ने इसकी पूरी तैयारी कर रही है। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिया गया। इसमें सभी जिलों के डीएम, एसपी, डीआइजी, आइजी, प्रमंडलीय आयुक्त एवं रेलवे एसपी शामिल हुए।

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पर ब्याज माफी के बाद मुख्यमंत्री ने युवाओं को दिया एक और तोहफा

# बिहार में बेरोजगार ग्रेजुएट युवाओं को हर माह मिलेंगे एक हजार रुपये : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सात निश्चय योजना के तहत बिहार के युवाओं को क्रेडिट कार्ड देकर उनके भविष्य को संवारने की पहल की। इससे अब तक लाखों विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। 15 अगस्त को उन्होंने बिहार के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्य परीक्षाओं में लगने वाली मोटी फीस को ही माफ नहीं किया बल्कि पीटी के लिए मात्र सौ रुपये निर्धारित कर दिए। उनकी इस घोषणा से बिहार के गरीब से गरीब युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलने लगा है। इसको लेकर अब उन्होंने एक बार फिर एक नयी घोषणा की है जिसके तहत स्नातक पास बेरोजगार युवाओं के लिए एक हजार रुपए भत्ता देने की घोषणा की है। इस



बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, 'नवम्बर 2005 में नई सरकार बनने के बाद से ही अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देना तथा उन्हें सशक्त और सक्षम बनाना हमलोगों की प्राथमिकता रही है। आप अवगत हैं कि अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आने वाले समय में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे नौकरी/रोजगार प्राप्त कर सकें।' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे लिखा है कि 'मुझे यह बताते हुए बहुत ही अधिक प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत पूर्व से संचालित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का विस्तार किया गया है। इसके अन्तर्गत इंटर उत्तीर्ण युवक-युवतियों को पहले से दी जा रही स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ अब कला, विज्ञान एवं वाणिज्य उत्तीर्ण स्नातक बेरोजगार युवक-युवतियों को भी दिए जाने का निर्णय लिया गया है। 20-25 आयु वर्ग के वैसे स्नातक उत्तीर्ण युवक-युवतियां जो कहीं अध्ययनरत नहीं हैं तथा नौकरी/रोजगार हेतु प्रयास कर रहे हैं, उनका कोई स्वरोजगार नहीं है अथवा सरकारी, निजी, गैर सरकारी नियोजन प्राप्त नहीं है, को भी 1000 रूपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता का भुगतान किया जाएगा।' मुझे उम्मीद है कि इस सहायता भत्ता का उपयोग युवक-युवतियां आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त (शेष पृष्ठ 10 पर)

# प्राचार्य को 60 हजार रिश्वत लेते निगरानी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** पटना से गुरुवार को कैमूर आई निगरानी विभाग की टीम ने जिले के मोहनियां पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अजय कुमार को उनके कार्यालय कक्ष से 60 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी के पदाधिकारी ने बताया कि प्रिंसिपल द्वारा उनके कालेज में कार्यरत एक प्रोफ़ेसर से मार्च से लेकर अगस्त तक वेतन की राशि निकासी के लिए 60 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रोफ़ेसर के आवेदन पर निगरानी में कांड संख्या 82/ 2025 दर्ज की गई। आज निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम के द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित कार्यालय कक्ष से घूस लेते हुए प्रिंसिपल को रंगे हाथ पकड़ा गया है। पदाधिकारी ने बताया कि निगरानी द्वारा मामले का सत्यापन किया गया। सत्यापन में रिश्वत लेने की मांग करने की बात सही पाया गया। गिरफ्तारी के बाद प्रिंसिपल के विरुद्ध अग्रेत्तर कारवाई की जा रही है।

# विवाहिता ने जहर देकर ली पति-ससुर की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले के अगरेर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता ने अपने पति और ससुर को खाने में जहर देकर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं जहर युक्त भोजन खाने से उसका देवर भी गंभीर रूप से बीमार हो गया है और जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना में जान गंवाने वालों की पहचान आरोपी महिला के पति विशाल चौधरी और ससुर बेचन चौधरी के रूप में हुई है। वहीं, देवर विकास कुमार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला लंबे समय से पारिवारिक कलह और मारपीट से परेशान थी। बताया जा रहा है कि डिप्रेशन में आकर बुधवार की रात उसने पति, ससुर और देवर के खाने में जहर मिला दिया। इसके बाद पति और ससुर की मौके पर ही मौत हो जबकि देवर अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। मृतक बेचन चौधरी मूल रूप से गंगौरा रामपुर (बक्सर जिला) के रहने वाले थे। वे अपने दो पुत्रों और बहू के साथ अगरेर में किराए के मकान में रहकर राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही अगरेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने आरोपी महिला और उसकी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि, फिलहाल पुलिस ने इस मामले पर आधिकारिक बयान देने से इनकार किया है। सदर अस्पताल सासाराम के डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अगरेर से एक पिता और उसके दो पुत्रों को अस्पताल लाया गया था। इनमें पिता और एक पुत्र की मौत हो चुकी है जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर ने पुष्टि की कि मौत जहर खाने से हुई है।

# संत मिलन से ज्यादा कोई सुख नहीं : अवधेश

## सीएम नीतीश ने किया धार्मिक न्यास समागम का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित धार्मिक न्यास समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पिछड़ा वर्ग



**उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन एवं देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सदस्य लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने देव सूर्य मंदिर की बालू से बनी प्रतिकृति को भेंट कर सम्मानित किया।**

एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ. रणवीर नंदन, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य सायन कुणाल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि संत मिलन से ज्यादा कोई सुख नहीं है हमारे समाज में गुरु की महत्ता है और गुरु सदैव पूजनीय रहे हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि भारत संतों की भूमि रही है और सनातन सुरक्षित रहे यही पूरा राज्य के लोग चाहते हैं। इस मौके पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत सांस्कृतिक धरोहरों का देश रहा है और भारत के लोग सनातनी रहे हैं और सनातन का सदैव सम्मान करते हैं। इस मौके पर पुनौरा धाम सीतामढ़ी के महंत कौशल किशोर दास ने कहा कि बिहार मां जानकी की जन्म भूमि रही है और इस सांस्कृतिक धरोहर को बिहार के लोग बहुत ही सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। कार्यक्रम में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश(शेष पृष्ठ 10 पर)

# अमित शाह व नीतीश कुमार की मुलाकात के बाद सीट बंटवारे पर बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की सियासत में लंबे समय से चल रही सीट बंटवारे की चर्चाओं पर आज बड़ी तस्वीर देखने को मिली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की करीब आधे घंटे तक चली बंद कमरे की बैठक में जदयू-भाजपा गठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बनती हुई दिखाई पड़ रही है। दोनों के बीच हुई बैठक बेहद गोपनीय रही लेकिन सूत्रों के मुताबिक इसमें न सिर्फ सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय हुआ बल्कि आने वाले चुनावी अभियान की रूपरेखा पर भी गहन चर्चा की गई। बैठक में दोनों दलों के चुनिंदा दिग्गज नेता शामिल थे।भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल शामिल रहे। वहीं जदयू की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री विजय चौधरी और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बैठक में शामिल रहे। माना जा रहा है कि सीट बंटवारे में जदयू और बीजेपी के बीच सीट बंटवारे पर आपसी बातचीत के बीच सीटों को लेकर सहमति बनी साथ ही सहयोगी दलों के सीटों पर भी चर्चा हुई। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति रामविलास को भाजपा कोटे से सीटें दी जाएंगी। चिराग की पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी इसका फैसला भाजपा करेगी। वहीं उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और जीतन राम मांझी की हम पार्टी को साधने की जिम्मेदारी जदयू प्रमुख नीतीश कुमार पर होगी। सीटों के फाइनल बंटवारे को लेकर दोनों दलों ने आपसी सहमति जताई और गठबंधन को लेकर कोई विवाद नहीं हो इसे लेकर बातचीत हुई। बैठक में अमित शाह ने साफ किया कि केंद्र सरकार बिहार को हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ हर हाल में जनता तक पहुंचना चाहिए। राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बिहार को जितनी मदद चाहिए उतनी मिलेगी मिलेगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि आने वाले दिनों में भाजपा और जदयू मिलकर बड़े पैमाने पर चुनावी सभाएं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगभग सभी जिलों में विशाल जनसभाएं होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू नेताओं की भी अलग-अलग जगहों पर सभाएं आयोजित की जाएंगी। भाजपा और जदयू मिलकर संयुक्त रोडमैप तैयार करेंगे ताकि गठबंधन का संदेश मजबूत तरीके से जनता तक पहुंचे। इस मुलाकात ने साफ कर दिया है कि भाजपा और जदयू के बीच सीट बंटवारे को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई थी अब उसका समाधान लगभग खत्म हो गया है। दोनों दल आने वाले दिनों में एकजुट होकर विपक्ष के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेंगे।जीतन राम मांझी और चिराग पासवान को सीटों को लेकर दोनों बड़े नेता स्थिति को संभालेंगे। कुल मिलाकर यह बैठक सिर्फ सीट बंटवारे तक सीमित नहीं रही बल्कि चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के तालमेल और जनता तक केंद्र राज्य योजनाओं के लाभ पहुंचाने की दिशा में ठोस रोडमैप तैयार करने का भी बड़ा मौका साबित हुई।

# नहर में गिरी सरिया लदी ट्रक चालक-खलासी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बिहटा-बिहिया स्टेट हाईवे एसएच-102 पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र स्थित बौली पोखरा के पास आज सरिया (छड़) लदा एक ट्रक बेकाबू होकर बांड़ी नहर (पईन) में जा गिरा। ट्रक का अगला हिस्सा नहर में धंस गया जबकि ट्रॉली में लदा सरिया केबिन और आगे का शीशा तोड़ते हुए बाहर निकल गया। हादसे में चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान पटना के भगवानगंज थाना क्षेत्र के शिवनंदनचक गांव निवासी राम आशीष यादव के पुत्र सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है। खलासी 19 साल का निरंजन कुमार, मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मटौढ़ा गांव निवासी भीम कुमार का पुत्र था। दोनों मृतक आपस में ममेरे-फुफ़ेरे भाई हैं। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक के केबिन को चीरते हुए भारी-भरकम सरिया बाहर निकल गया और चालक-खलासी की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग और राहगीर घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना से एसआई मो. इसराफिल, रणवीर कुमार राय पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौके पर जेसीबी और क्रेन की मदद से सरिया हटाया गया। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया।

CMYK

# प्रत्याशी चयन के लिए बिहार कांग्रेस चुनाव समिति ने सर्वसम्मति से आलाकमान को किया अधिकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में नवगठित बिहार प्रदेश चुनाव समिति की विस्तृत बैठक में मुख्य रूप से तीन बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। सर्व प्रथम प्रत्याशी चयन प्रक्रिया के सभी सदस्यों ने विस्तृत रूप से अपनी-अपनी राय रखी और सबने अपनी राय में आलाकमान को प्रत्याशी चयन को अधिकृत करने की बात कहीं। तत्पश्चात बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने सबों को प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को अधिकृत करने के लिए हाथ उठाकर समर्थन करने को कहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने दोनों हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में 24 सितम्बर को अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक पर विस्तृत चर्चा हुई। आजादी के बाद बिहार में पहली बार सी डब्लू सी की बैठक होगी। इस पर सभी लोगों ने अपनी-अपनी राय रखीं और सभी लोग इस सी.डब्लू.सी. की विस्तारित बैठक को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इसी के साथ 26 सितम्बर को प्रियंका गांधी के होने वाले कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा के बाद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक समिति गठित करने की बात कहीं गयी। चूंकि प्रियंका गांधी की बिहार में पहली जनसभा होगी। चूंकि प्रियंका गांधी राहुल गांधी द्वारा किये गये वोट अधिकार यात्रा में दरभंगा में शामिल हुई और दो दिनों तक उस यात्रा का हिस्सा रहीं। बैठक में मुख्य रूप से बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, विधान परिषद दल के नेता डा0 मदन मोहन झा,सी.ई.सी सदस्य सांसद डा0 जावेद, पूर्व अध्यक्ष सांसद डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह, डा0 शकील अहमद, रामजतन सिन्हा, प्रभारी सचिव सुशील पासी, शाहनवाज आलम, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, सांसद मनोज राम, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, राजेश राठौड़, डा0 समीर कुमार सिंह, संजय कुमार तिवारी, विश्वनाथ राम, कपिलदेव प्रसाद यादव, मोती लाल शर्मा, संजीव प्रसाद टोनी,ब्रजेश पाण्डेय, शकीलउज्जमा अंसारी, जमाल अहमद भल्लू,कौकब कादरी, अजित शर्मा, कुमार आशीष, डा0 संजय यादव, सरवत जहां फातिमा,नागेन्द्र कुमार विकल, शिव प्रकाश गरीब दास, सूरज यादव, निर्मलेन्दु वर्मा, कैलाश पाल, साधना रजक, खुशबू कुमारी, विश्वनाथ बैठा, पूनम पासवान, चंदन यादव, शकीलुर रहमान, अनुराग चंदन,कैसर अली खां, प्रभात कुमार सिंह, डा0 कमलदेव नारायण शुक्ला, संतोष कुमार श्रीवास्तव, डा0 रमेश प्रसाद यादव, शशि रंजन, नदीम अख्तर अंसारी, नीतू निषाद, रामशंकर कुमार पान, उदय मांझी, रेखा सोरेन, सुनील कुमार पटेल, मंजू राम, अंशुल अभिजीत उपस्थित थे।

# वाणिज्य विभाग के चार कार्यरत एवं तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग में एक नई पहल की शुरूआत करते हुये अगस्त माह के कर्मचारी को योजना के अन्तर्गत उनके कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए चार रेलकर्मी अभिषेक कुमार, वरीय टिकट परीक्षक-पटना, मुकेश कुमार मुख्य वाणिज्य लिपिक, बाढ़, आनंद कुमार, वरीय बुकिंग लिपिक, आरा एवं मधेश्वर चौधरी, वरीय टिकट परीक्षक-दानापुर को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार योजना का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य विभाग के कर्मियों के बीच रेल सेवा में कार्य के प्रति लगन एवं विशेष योगदान को बढ़ावा दिया जाना है। यह पुरस्कार योजना आगे भी लागू रहेगी एवं प्रत्येक माह रेलवे में विशिष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों का चयन करके उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। इसके साथ ही अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुए तीन रेलकर्मी अभय कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य पर्यवेक्षक (मुख्या. ) दानापुर, राजदेव सिंह, वाणिज्य पर्यवेक्षक-पटना एवं जुगेश्वर प्रसाद, मुख्य टिकट निरीक्षक-पटना को भी सेवा काल में उनके बेहतर योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज नयन एवं वाणिज्य कार्यालय के सभी कर्मचारीगण मौजूद थे।

## हिन्दी ही कराएगी वैश्विक ताकतों के बीच संधि : प्रो. आतिश पराशर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** हिन्दी पखवाड़ा के तहत दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विश्व भाषा के रूप हिन्दी की संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में सीयूएसबी और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने राजभाषा हिंदी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के विशेष कार्य पदाधिकारी प्रो आर. के. सिंह ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजेश्वर कुमार शामिल हुए।दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

# रूस-यूक्रेन और स्पेन के श्रद्धालुओं ने गयाजी में किया पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी में पिंडदान से हमारे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है उन्हें मोक्ष मिलता है। इसी विश्वास के साथ हम आज पिंडदान के लिए गयाजी आए हैं। पिंडदान के बाद हमें काफी अच्छा लग रहा है। शांति महसूस हो रही है। ये बातें रूस की रहने वाली प्रिंसेस (32) ने कही। प्रिंसेज अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करने गुरुवार को गयाजी आई थी। प्रिंसेस के साथ रूस, यूक्रेन, स्पेन के अलावा अन्य देशों के 17 श्रद्धालु गयाजी पहुंचे थे। इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। सभी विदेशी श्रद्धालुओं ने विष्णुपद मंदिर परिसर स्थित तुलसी बगीचा के पास अपने-अपने पितरों की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान किया।प डा-महंतों ने पूरे विधि-विधान से श्राद्ध कर्मकांड संपन्न कराया। पूजा कराने वाले पंडा आचार्य माधव ने बताया कि, विदेशी श्रद्धालु सनातन से जुड़कर हमारे धर्म का झंडा बाहर फहरा रहे हैं, ये गर्व की बात है। देश में कुछ लोग रहकर भी अपनी संस्कृति को नहीं मानते, लेकिन दूसरे देशों के लोग हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में श्रद्धापूर्वक मना विश्वकर्मा पूजनोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में भक्ति-भाव से ओत-प्रोत वातावरण में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। कार्यालय सह आवासीय परिसर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल एवं सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने पूजन एवं हवन में भाग लिया। उनके साथ मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। सामूहिक आरती के दौरान उपस्थित जनसमूह का भावपूर्ण जयघोष ने माहौल को और भी भक्ति-भाव बना दिया।

पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया तथा सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सपरिवार एक साथ खिचड़ी-प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में कर्मचारी कल्याण संघ एवं पूजा समिति के सदस्यों का विशेष समन्वय रहा जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए रोस्टर क्लीयरेंस प्राप्त कर 25 तक सरकार को सौंपने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उच्च शिक्षा विभाग पटना के तत्वावधान में मदन मोहन झा सभागार में बिहार के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक शिक्षा सचिव अजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पूर्व शिक्षा सचिव एवं सलाहकार बैधनाथ यादव और निदेशक प्रोफेसर नवीन कुमार अग्रवाल ने किया। मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, उप कुलसचिव द्वितीय डॉ. अंशु कुमार राय एवं अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हुए। तेरह बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए रोस्टर क्लीयरेंस प्राप्त कर 25 सितंबर तक सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया। मुंगेर विश्वविद्यालय एआईएसएचई फॉर्म भरने में प्रथम स्थान पर रहा जबकि उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने में पीछे रहा।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में आज 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा। मुख्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह का औपचारिक शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया। शपथ के पश्चात अपने संबोधन में श्री गोयल ने सभी को दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर स्वच्छता को निरंतर अपनाने और आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए निबंध व स्लोगन लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच भी निबंध और नारा-लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मा. सं.) अनिल कुमार चावला, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) शुभ-ब्रता भादुरी, अपर महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) अरूपम विश्वास, अपर महाप्रबंधक (वाणिज्य) मनीष जैन, उपमहाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन सहित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बी. डी कॉलेज का वृक्ष वेद देगा पर्यावरण को नया जीवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के कांफ्रेंस हॉल में तरुमित्र और कॉलेज की इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता तरुमित्र, पटना की यूथ कोऑर्डिनेटर देवोप्रिया दत्ता रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और यह बताया कि किस प्रकार वे प्रकृति की रक्षा और संरक्षण के कार्यों से जुड़ीं। उनके प्रेरणादायी विचारों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या प्रो रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने एवं पर्यावरण संरक्षण सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इको क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ सरिता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को इको क्लब की गतिविधियों को साझा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इसी दौरान कॉलेज की इको क्लब का नाम बदलकर 'वृक्ष वेद' कर दिया गया। नामकरण की यह पहल एक स्नातक छात्र द्वारा सुझाए गए विकल्प से हुई। कुल छह नामों में से 'वृक्ष वेद' को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता टॉक आयोजित

## सब मिलकर करें सहयोग तो पटना शहर बनेगा सुंदर और स्वच्छ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता टॉक' एवं 'स्वच्छता की बात, संगीत के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम वार्ड संख्या 49 बांकीपुर की पार्षद सीमा वर्मा, सफाई कर्मी राजवती देवी, बांकीपुर अंचल के नगर प्रबंधक लालदेव यादव तथा नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर एवं लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने संयुक्त रूप से किया। स्वच्छता टॉक का संचालन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस दौरान सफाई कर्मी राजवती देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वच्छता एक पवित्र कार्य है। हम दिन भर झाड़ू लगाते हैं ताकि शहर साफ-सुथरा बना रहे, लेकिन कुछ लोग सामने से ही कचरा फेंक देते हैं। उनसे मेरा निवेदन है कि कचरा हमेशा डस्टबिन में ही डालें। उनकी इस अपील ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को गहराई से प्रभावित किया। वार्ड संख्या 49 की पार्षद सीमा वर्मा ने कहा स्वच्छता ही सेवा है। यह अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। पूरे आयोजन की परिकल्पना और मार्गदर्शन नगर आयुक्त अनिमेष पाराशर के निर्देशन में की गई थी। कार्यक्रम में लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने अपने लोकगीतों से स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने गीतों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। घर-घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनाएंगे। सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना ओ भैया साफ रहना। इसके साथ ही उन्होंने गंगा मां और छठी मैया को समर्पित भजन और लोकगीत भी प्रस्तुत किए जिनसे पूरे माहौल में भक्ति और स्वच्छता दोनों का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता में आईईसी टीम के सुकुमार रॉय, अमित कुमार, खुशबू आदि ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने सभी उपस्थित लोगों से करबद्ध प्रार्थना की। शहर को स्वच्छ बनाए रखना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। आइए, हम सब मिलकर अपने पटना को साफ और सुंदर बनाने में सहभागी बनें।

# किसी की किस्मत बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण : आनंद कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एक्यूरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम से हुई। बी.टेक, फार्मेसी, लॉ, बीबीए, बीसीए, बी.कॉम (ऑनर्स) और पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले करीब 1,000 छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में सुपर 30 के संस्थापक व पद्मश्री सम्मानित आनंद कुमार, मेडोज फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. एस.ए.एस. किर्मानी, अर्जुन पुरस्कार विजेता पिंकी सिंह, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के सहायक निदेशक विकास बघेल और स्टैंड-अप कॉमेडियन मोहित दुडेजा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आनंद कुमार ने छात्रों को शिक्षा की शक्ति पर भरोसा रखने की प्रेरणा देते हुए कहा किसी की किस्मत बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण है। संस्थान की चेयरपर्सन पूनम शर्मा ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए इसे बड़े सपनों और मेहनत की यात्रा की शुरुआत बताया। कार्यक्रम का समापन इंटरएक्टिव सत्र और संवाद के साथ हुआ।

# महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलायी स्वच्छता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' मिशन के तहत स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल द्वारा स्वच्छता ही सेवा-का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के पहले दिन 17 सितंबर को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। उन्होंने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। महाप्रबंधक ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिये समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा।

# बिहार की जमीन-मिट्टी-10 लाख पेड़ 1 रुपये में अडानी को चढ़ावा

## मोदी-नीतीश की 'भक्ति' का प्रसाद, जनता की आवाज बनी कांग्रेस का विशाल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की भाजपा-जदयू सरकार ने भागलपुर के पीरपैंती में 1,050 एकड़ उपजाऊ जमीन- जिसमें आम, लीची और सागवान के करीब 10 लाख पेड़ लगे हैं को मात्र 1 रुपया प्रति वर्ष की हास्यास्पद दर से अडानी पावर लिमिटेड को 33 साल के लिए सौंप दिया है। यह 2,400 मेगावाट का कोल-बेस्ड थर्मल पावर प्लांट है जिसकी लागत करीब 21,400 करोड़ रुपये है, लेकिन बिहार के गरीब किसानों और आम लोगों को इससे मिलने वाली बिजली 6.075 रुपये प्रति यूनिट की महंगी दर पर बेची जाएगी जबकि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में ऐसी बिजली 3-4 रुपये प्रति यूनिट उपलब्ध है। क्या यह 'विकास' है या बिहार की जनता पर 'डबल लूट' का खेल मोदी सरकार का 'राष्ट्रसेठ' अडानी को यह भेंट बिहार के पर्यावरण, किसानों और अर्थव्यवस्था को तबाह करने का षड्यंत्र है। इस काले सौदे के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पटना में विशाल विरोध मार्च निकाला। मार्च प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से पूर्वाह्न 11:15 बजे शुरू हुआ और राजेंद्र बाबू की समाधि, बांसघाट तक पहुंचा। मार्च का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया जिसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस विधानमंडल दल नेता डॉ. शकील अहमद खान, विधान परिषद कांग्रेस दल नेता डॉ. मदन मोहन झा समेत प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और हजारों समर्थक शामिल हुए।

# भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ, प्रदेश कमिटी द्वारा बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय, पटना में 'विकास की बात- चाय के साथ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मुकेश कुमार नंदन ने की जबकि संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. मंटु गुप्ता ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी विकास के मूल मंत्र के कारण ही भारतवासियों के दिलों पर राज कर रहे हैं।' राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला सामने न आना प्रधानमंत्री की ईमानदार छवि का प्रमाण है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने कहा कि मोदी आज ग्लोबल लीडर हैं जो पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, पूर्व मंत्री नागमणी, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम जी, श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सहित कई नेताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश की विकास यात्रा पर विचार साझा किए।

# दानापुर रेल मंडल में स्वच्छता ही सेवा शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** दो अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) - 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष्य पर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए दानापुर मंडल में रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु स्वच्छता शपथ दिलायी गयी तथा सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, ओपी आधार राज एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक, इंफ्रा राजीव कुमार सहित मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही दानापुर मंडल के मुख्य स्टेशनों (पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पटना साहिब इत्यादि) पर स्वछता शपथ, प्रभातफेरी एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। ताकि रेल यात्रियों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

# नगर परिषद् एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा आगामी पर्व, त्योहार के दौरान विभिन्न स्त्रोंतो से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों, वरीय पुलिस पदाधिकारीगण, सभी नगर निगम के आयुक्त, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया। इस प्रशिक्षण में कुल 216 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण, भा.व.से. ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए बताया कि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु अधिसूचित 'ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000 (यथा सोधित) तथा ''द बिहार कन्ट्रॉल ऑफ द यूज एण्ड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट, 1955 की चर्चा करते हुए इसके प्रावधानों को अमल में लाते हुए आगामी पर्व, त्योहारों के दौरान लाउडस्पीकर, डी.जे. आदि से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# दुर्गावती नदी पर 7.60 करोड़ से बनेगा कुदरा-रामपुर पुल

## विधायक संगीता कुमारी ने पुल का किया शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के चिर प्रतीक्षित दुर्गावती नदी पुल का निर्माण सात करोड़ साठ लाख रुपये से होगा। कुदरा-रामपुर के बीच बनने वाले इस पुल का शिलान्यास स्थानीय विधायक संगीता कुमार ने की। शिलान्यास के समय आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पुल के निर्माण होने से क्षेत्र का चौतरफा विकास होगा। वर्षों से क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि कुदरा-रामपुर के बीच पुल बने जिससे कि क्षेत्र के किसानों का उत्पादन कम लागत व कम समय में बाजार में पहुंच सके। मालूम हो कि पुल के बन जाने से कैमूर के कुदरा, भभुआ, रामपुर व रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड के दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों को लाभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित सिंह व संचालन अरविंद आर्य ने किया।। कार्यक्रम में जिला पार्षद श्वेता गुप्ता, गजेंद्र गुप्ता, उमाशंकर कुशवाहा, अनिल पांडे, राम इकबाल सिंह, अरविंद सिंह, राकेश पांडे, रजनीश ओझा, धीरज पांडे, राजू पांडे, पप्पू पांडे, सुदर्शन सिंह, डॉ उपेन्द्र सिंह, समेत दर्जनों गणमान्य व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रयास से 86 युवाओं को मिला रोजगार अवसर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (रोहतास)।** डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा संचालित डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज एंड स्किल हार्नेसिंग केंद्र में सोमवार को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पूरा करने वाले 30 उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र और नौकरी का प्रस्ताव पत्र प्रदान किया गया। 90 दिनों की डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन प्रतिभागियों में समहुता, बकनौरा, बंजारी सहित रोहतास प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए युवा शामिल थे। अब तक दीक्षा केंद्र, कल्याणपुर के माध्यम से 330 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। कार्यक्रम में अंशु तिवारी, अध्यक्ष सुरभि क्लब, रोहतास सीमेंट वर्क्स मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी 30 प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में डालमिया भारत फाउंडेशन एवं एनआईआईटी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से रोहतास जिले के 56 आईटीआई पास युवाओं को भी विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। नौकरी का प्रस्ताव मिलने पर इन अभ्यर्थियों ने डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था के सहयोग से उन्हें अपने करियर की नई शुरुआत करने का अवसर मिला है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी 86 युवाओं (30 दीक्षा केंद्र से और 56 आईटीआई से) ने कहा कि इस पहल ने उन्हें न केवल रोजगार दिया है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षुओं द्वारा सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बंद आरओबी नहीं खुला तो होगा रेल का चक्का जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के बंद आरओबी से आक्रोशित शहरवासियों ने रेल का चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। सर्वदलीय जन संघर्ष समिति के बैनर तले नागरिकों का एक शिष्टमंडल मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू जंक्शन से मिला। शिष्टमंडल ने मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया है कि रेल प्रशासन वर्षों से रिपेयरिंग के नाम पर बंद कुदरा आरओबी पर वाहनों का परिचालन शुरू कराए। सदस्यों ने कुदरा रेलवे स्टेशन से पश्चिम अंडरब्रिज बनाने की भी मांग की है जिससे स्थानीय लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी को दूर किया जा सके। सदस्यों का कहना है कि आरओबी की मरम्मती के लिए आरओबी के दोनों तरफ ओवरहेड बैरियर लगाया गया है जिससे व्यवसायिक वाहनों का परिचालन पूरी ठप है जिससे कुदरा के व्यवसाय बंद होने के कगार पर है। पिछले चार वर्षों से अधिक समय से कुदरा का आरओबी बंद है। प्रशासन द्वारा न तो आरओबी का मरम्मत करा रही है और न ही व्यवसायिक वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करा रही है। सदस्यों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से बंद आरओबी को फिर से चालू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। समिति के सदस्यों का कहना है कि अगर प्रशासन उनके मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो जल्द ही रेल चक्का जाम की तिथि घोषित की जाएगी। शिष्टमंडल में अशोक कुमार, कृपा नारायण सिंह, मनोज पाल, रवि जायसवाल, संजू बाबा, राकेश कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, विजय कुमार, राजेश सिंह व अजय पासवान शामिल थे। कैमूर का आर्थिक जोन कुदरा चावल व्यवसाय के लिए देश में विख्यात है। यहां का चावल प्रदेश के कोने-कोने के सिवा देश के हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मध्यप्रदेश, चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश समेत दर्जनों राज्यों में जाता है जिससे कुदरा में अनेकों राज्यों से बड़े-बड़े व्यवसायिक वाहनें आती हैं। आरओबी पर ओवरहेड बैरियर लगने से चावल व्यवसाय को काफी धक्का लगा है। कुदरा का चावल व्यवसायियों के साथ-साथ सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं।

## विधि प्रकोष्ठ ने पीएम मोदी का 75 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75 वां जन्मदिन अधिवक्ता संघ भवन में विधि प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी रोहतास के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रोहतास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा, वरीय अधिवक्ता कमल बहादुर एवं प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दिये तथा इस कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को केक एवं मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री को बधाई दिये। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश सिन्हा ने कहा कि 17 सितंबर 2025 से 2 अक्तूबर 2025 तक प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवारा के तहत विधि प्रकोष्ठ की तरफ से निः शुल्क विधिक परामर्श शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया जायेगा जिससे आर्थिक रूप से वंचित लोगों को सुलभ विधिक परामर्श मिल सके, साथ ही घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल की घोषित सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने तथा उसका लाभ उन्हें कैसे मिले इसकी जानकारी विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता बंधुओं द्वारा जगरूकता अभियान के तहत दी जायेगी।

## जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में वन प्रमंडल ने किया बटर फ्लाई मंथ उत्सव आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/ तिलौथू (रोहतास)।** जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल, चंदनपुरा, तिलौथू के प्रांगण में वन प्रमंडल सासाराम, रोहतास की ओर से बटर फ्लाई मंथ-2025 उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ।

इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, दीपक कुमार सिंह, कोमल निगम (जिला युवा अधिकारी, रोहतास), सोहैल मदन (संस्थापक, वाइल्ड टेल्स फाउंडेशन), वरुण प्रधान एवं वनपाल सुमित कुमार समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण में आए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीतों से किया।

कार्यक्रम के तहत विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं ने मां तुतला भवानी परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही दिल्ली से आए विशेषज्ञ सोहैल मदन और शिवम ने विद्यालय के उप-व्यवस्थापक मो. सफर अली एवं शिक्षिका खुशनुमा के साथ मिलकर बच्चों को तितली के जीवन चक्र एवं पर्यावरण संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी।

विद्यालय के कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्रों के बीच वन्यजीव संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 32 चयनित बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया जबकि सभी प्रतिभागियों को वन विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाणपत्र दिए गए। सभा को संबोधित करते हुए वन पदाधिकारियों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए सरल उपाय सुझाए। उन्होंने सभी बच्चों को जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने और 'एक पेड़ मां के नाम' का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। साथ ही प्लास्टिक के प्रयोग से बचने का संदेश दिया।

## आयरकोठा थाना में नये थानाध्यक्ष ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में शिवम कुमार ने योगदान दिया। इससे पहले वह पुलिस अधीक्षक कर्यालय में कार्यरत थे। आयरकोठा थाने की कमान संभालते ही कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराधिक गतिविधियों पर रोक, असामाजिक तत्वों तथा अवैध कार्यों पर अंकुश लगाना एवं अपराधियों व शराब माफियाओं पर नकेल कसना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमलोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी ध्यान भरपूर रखा जाएगा, लेकिन ग्रामीण लोगों का सहयोग प्रार्थनीय है। कहा कि आगामी दुर्गा पूजा व विधानसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में भ्रमण किया जाएगा। भ्रमण के दौरान लोगों से फीडबैक लिया जायेगा। ताकि किसी तरह की कोई दिक्कत न हो।

## मां शीला वाटिका में धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड क्षेत्र में हस्त शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गयी। वहीं मां शीला होटल एवं बैंक्वेट हॉल के प्रांगण में निरंजन इंटरप्राइजेज के तत्वावधान में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा की गई। पूर्व जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह, लोजपा (आर) प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह व सौरभ सिंह ने पूजा कर अपने प्रतिष्ठान की मंगल की कामना की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण व प्रीति भोज का आयोजन किया गया। वही सोनू सिंह ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान भक्तिमय गीत संगीत का कार्यक्रम का रात तक चला जिसमें भोजपुरी गायिका प्रीति तराना, पूजा पाण्डेय, पूजा श्री एवं गायक विकास पाण्डेय, मनीष ओझा आदि कलाकारों ने भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति किया। वही गीतों पर लोग झूमते रहे। गायकों ने भक्ति गीतों पर खूब जलवा बिखेरा। वहीं उद्घोषक अनिल विश्वास, विकास पाण्डेय व आकाश बाबा ने लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर खुशबू राज, सोना सिंह, सुरुचि सिंह, उत्तम सिंह, संजय सिंह उर्फ बाला जी, सुनील सिंह, रंगु सिंह, रमेश सिंह समेत कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : जोखन चन्द्रवंशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जोखन चन्द्रवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया। उन्होंने अपनी पत्नी प्रियंका देवी के साथ केक काटा और मिठाइयां बांट खुशी का इजहार किया। इस मौके पर उन्होंने श्री मोदी को कर्मयोगी बताते हुए कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने न केवल गरीबों, पिछड़ों, युवा और महिलाओं को विकास के लिए योजना बनाई बल्कि उन्हें जमीन पर भी उतारा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज देश ही नहीं विश्व की राजनीति में चमकते सूर्य हैं। आज दुनिया के सभी देश भारत की ओर देख रहे हैं। आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है और भारत के निर्णय पर बड़े देश की नजर भी रहती है।

## राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** फजलगंज स्टेडियम सासाराम में राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में कैमूर जिले के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। एथलेटिक्स (100 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, क्लब थ्रो, लॉन्ग जंप) एवं बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया। राज्य के 14 जिलों में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तकनीकी पदाधिकारी, समावेशी शिक्षक एवं वॉलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आरके हॉस्पिटल में निशुल्क इलाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आरके हॉस्पिटल यदुपुर के परागण में डीएवी स्कूल यदुपुर के बच्चों का फ्री स्वास्थ्य जांच डॉक्टर राकेश कुमार डॉक्टर प्रवीण कुमार के द्वारा आयुष्मान विभाग के अधिकारी डीपीसी के नेतृत्व में किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य बेहतर बनाना है। वही प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इन शिविर में विशेष तौर पर महिलाओं और बच्चों की जांच उपचार और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान लगाए जाने वाले शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया मोतियाबिंद, दृष्टिबाधित, छय रोग और सिकल सेल रोग आदि की जांच किया जा रहा है। मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर निशु पटेल, जितेंद्र पांडे सहित अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे।

## अम्बेडकर के सपनों को साकार कर रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी : ललन पासवान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पूर्व विधायक ललन पासवान ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि भारत जैसे विकासशील देश में प्रत्येक सरकार स्वयं को लोगों की सरकार की यह प्रतिबद्धता कल्याणकारी राज्य के विचार और आर्थिक एवं सामाजिक न्याय की गारंटी देने वाले एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना की कसौटी पर कसी जानी चाहिए। यह पैमाना संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप है। सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और जीवन में सुगमता सुनिश्चित करने में मोदी सरकार सबसे आगे है। उन्होंने कहा था कि केवल राजनीतिक समानता पर्याप्त नहीं होगी। यदि राज्य सामाजिक और आर्थिक समानता सुनिश्चित नहीं करता तो भारत का लोकतंत्र संकट में पड़ जाएगा। इस संदर्भ में संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत व्यापक मार्गदर्शन प्रस्तुत किया और मौलिक अधिकारों के उलट संविधान के इस हिस्से को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर भी रखा। स्पष्ट है कि सरकारों से नीति निर्देशक तत्वों के अनुपालन की अपेक्षा की गई और उन्होंने इस राह पर चलने का प्रयास भी किया, लेकिन इस मोर्चे पर 2014 के बाद आई तेजी बिल्कुल साफ दिखती है। सरकार की नीतियों, लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए पीएम मोदी अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में बहुत अलग है। सामाजिक न्याय के संदर्भ में भारत के राष्ट्र निर्माताओं के सपनों को साकार करने की दिशा में वे बहुत आगे निकल गए हैं। कई तथ्य इस कथ्य को पुष्ट करते हैं। मोदी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की हैं। जैसे 2015 में शुरू की गई पीएम आवास योजना के अंतर्गत 262 करोड़ घर बनाए गए। 2016 में शुरू की गई सब्सिडी वाली घरेलू गैस कनेक्शन की पीएम उज्ज्वला योजना ने 10.33 करोड़ घरों को कवर किया। नल के जरिये जल योजना 2019 में शुरू हुई और जल जीवन मिशन ने 15.60 करोड़ घरों को कवर किया। शौचालय निर्माण के लिए 11 करोड़ घरों को सुविधा उपलब्ध कराई गई। पूरे परिवार के लिए स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा भी इन पहलों में शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर महावीर मंदिर में हवन पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनको दीर्घायु होने के लिए भभुआ पूरब मोहल्ला के प्राचीनतम हनुमान मंदिर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पांडे के साथ पूजा हवन किया गया। साथ में भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमन देवी, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रभान सिंह पटेल, रवि शंकर अग्रवाल, प्रवक्ता सुजीत सिंह, दिनेश गुप्ता, अजय सिंह, नरेंद्र आर्य, अरविंद राय, संतोष साह, अरविंद आर्य, मंटू दास, सम्राट राजन तिवारी, बिटु जयसवाल, अनुराग केसरी, मुकेश यादव, संदीप केसरी, अजय पासवान इत्यादि कार्यकर्ता पूजा हवन में शामिल हुए। रवि शंकर अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि अम्बर से ऊंचा जाना है, एक भारत नया बनाना है के संकल्प के साथ देश के नवनिर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु जीवन एवं विकसित भारत के लक्ष्य तक नेतृत्व करने की आकांक्षा के साथ संकटमोचक हनुमान की शरण में हवन पूजन किया गया।


## नगर विकास एवं आवास विभाग

बिहार सरकार

### कार्यालय नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद)

**अतिअल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025–26**

**(https://eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 15.09.2025
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– 22.09.2025 को 11:00 बजेसे On Website (https://eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :– दिनांक– 03.10.2025 को 15:00 बजेतक
5. प्री बीड मीटिंग का समय/स्थान एवं तिथि :– दिनांक– 23.09.2025 के समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय, नगर पंचायत बारूण, (औरंगाबाद) On Website (https://eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक–04.10.2025 के 15:30 बजेके बाद On Website(https://eproc2.bihar.gov.in)
7- वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– तकनीकि बीड निष्पादन के उपरांत
8. अग्रधन, बैंक गारण्टी, सभी शपथ पत्र एवं *Existing Commitment* (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक–03.10.2025 के 15:00 बजे तक, :– 1. स्थान–कार्यालय, नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद) 2. कार्यपालक अभियंता, बुडको कार्यालय,औरंगाबाद
9. **कार्य का विवरण** :–

**मद का नाम**– षष्टम् वित्त एवं 15वीं वित्त के कर्णांकित राशि से।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मौनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड संख्या–01 में रामरतन चौधरी के घर से मंगरू चौधरी के घर तक नाली मरम्मती नया नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2348581.00 | 47000/- | 5000/- | 590/- | 02माह |
| 2. | वार्ड संख्या–01 में राहुल ठाकुर के घर से स्वः कन्हाई चौधरी के घर होते हुए कृश्णा चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं ढक्कन युक्ल नाली एवं असरफी चौधरी के घर से रामजी चौधरी के घर तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाली निर्माण कार्य। | 1626180.00 | 32500/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 3. | वार्ड संख्या–02 में रविन्द्र राम के घर से षंकर राम के घर होते हुए लाल मोहन के घर तक नाली मरम्मती ढक्कन सहित एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2404358.00 | 48100/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 4. | वार्ड संख्या–03 मे गॉधी स्मारक से बबन सोनी के घर तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2381427.00 | 48000/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 5. | वार्ड संख्या–03 में अरूण चौधरी के घर से मेन रोड बारूण तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2075400.00 | 41500/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 6. | वार्ड संख्या–03 में बबन सोनी के घर से उमा षंकर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1408820.00 | 28200/- | 2500/- | 590/- | 02 माह |
| 7. | वार्ड संख्या–03 में श्रीदुर्गा क्लब (नव ज्योति युवा परिशद्) में पेभर ब्लॉक का निर्माण कार्य। | 1468700.00 | 29500/- | 2500/- | 590/- | 02 माह |
| 8. | वार्ड संख्या–04 में बारूण रोड से श्रीउदय सिंह के घर से देवी मंदिर तक ढक्कन सहित नाली मरम्मती एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2046630.00 | 41000/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 9. | वार्ड संख्या–05 में महमुद जी के घर से पूर्ब किओर मेंन रोड आहर तक एवं रामाषीश सिंह के घर से पष्चिम आहार तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2441809.00 | 49000/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 10. | वार्ड संख्या–05 में षिव नंदन सिंह के घर से महावीर सिंह डॉ0 नीलम क्लिनिक होते हुए सुरेष चौधरी के घर तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2428810.00 | 49000/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 11. | वार्ड संख्या–06 में गुड्डु अंसारी के घर से षलीम फारूकी के घर तक न्यू नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1817771.00 | 36500/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 12. | वार्ड संख्या–06 में मेन रोड संतन चाय दुकान से श्री गणेष इण्टरप्राइजेज तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाला निर्माण कार्य। | 2020200.00 | 40400/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 13. | वार्ड संख्या–07 में वकील राम के घर से मेन रोड बारूण नवोदय विद्यालय के कोना तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2432470.00 | 49000/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 14. | वार्ड संख्या–08 में कृश्णा चंद्र वंषी के घर से गुड्डू पासवान के घर होते हुए एवं ओम पाण्डेय, बच्चन ठाकुर गणेष राम से अर्जुन चौकीदार के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं नाली जीर्णोद्धार कार्य। | 1341400.00 | 27000/- | 2500/- | 590/- | 02 माह |
| 15. | वार्ड संख्या–11 में युगल सिंह के घर से हरिनारायण मिंटु प्रसाद के घर से राम नाथ रजक के घर तक नाली निर्माण सहित एवं पी0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 1577900.00 | 31600/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |
| 16. | वार्ड संख्या–11 में नूरगंज में रविन्द्र पासवान के घर से धर्मेन्द्र पासवान के घर तक एवं रामजी पासवान के घर से यमुना राम के घर होते हुए नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1426300.00 | 28500/- | 2500/- | 590/- | 02माह |
| 17. | वार्ड संख्या–11 में महावीर गंज में विक्रम पासवान के घर से संत पासवान के घर होते हुए देवी मंदीर तक एवं NH-2 से सरोज पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली | 1115100.00 | 22300/- | 2500/- | 590/- | 02 माह |

**निविदा की वैद्यता अवधि : 120दिन**

**विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।**

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, बारूण**

PR- 014944 (B & C) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

### बैंक कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**नवादा**। बुद्धवार को अग्रणी जिल प्रबंधक कार्यालय एवं पंजाब नैशनल बैंक नवादा शाखा के द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों ने स्वच्छता शपथ ली। स्वच्छता शपथ मंडल प्रमुख संदीप कुमार चौधरी, अग्रणी जिला मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, मुख्य प्रबंधक विजय कुमार की अगुवाई में की गई। सभी स्टाफ सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और अपने बीच के लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। वरीय नागरिक डॉ. सुबोध कुमार ने स्वच्छता शपथ पढ कर सबों को शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम में कार्यानन्द प्रसाद, विश्वजीत कुमार, पंकज कुमार, सुधीर सिन्हा, मिंटू कुमार, विकास कुमार, शशिभूषण कुमार, पिंटू कुमार झा, बिपीन कुमार, परेश कुमार, राजेश कुमार, राजीव कुमार, नम्रता, नूतन, सर्वेश सिंह एवं उपस्थित ग्राहकों ने शपथ लिया।

### आसो पासवान बने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड के पकरी गांव निवासी आसो पासवान को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) का सदस्य बनाया गया है। नवादा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर ने उन्हें सदस्य मनोनीत किया है। उन्हें नवादा के डीआरडीए कक्ष में 19 सितंबर को होने वाले जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए बुलाया गया है। उनके मनोनयन पर दत्तरौल पंचायत के उप मुखिया अशोक पासवान, बसंत पासवान, भरत पासवान, सुरेंद्र पासवान, शिवालक पासवान, उपेन्द्र शर्मा, अंबेडकर जागृति मंच के कोषाध्यक्ष लवली टेलर, किरो पासवान, जगन्नाथ पासवान, उत्तम पासवान सहित अन्य ने खुशी का इजहार किया है।

### अनुशासनहीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं : डॉ. रघुनाथ प्रसाद कछवे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पैरू महतो सोमरी कॉलेज पहड़पुरा में मंगलवार को नवनियुक्त सचिव सह नालंदा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रघुनाथ प्रसाद कछवे का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिवार में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। अपने संबोधन में डॉ. कछवे ने कहा कि कॉलेज में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अनुशासनहीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे समय-समय पर बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम में नालंदा कॉलेज के डॉ. प्रभाष कुमार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मार्गदर्शन दिया और शिक्षा की गुणवत्ता तथा संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया। कॉलेज के संघ अध्यक्ष डॉ बलिराम प्रसाद ने कहा कि सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सभी कर्मचारी करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. कछवे के नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा और प्रशासन दोनों क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार, प्रो. दिनेश कुमार (टी.आर.), प्रो. प्रेमनाथ, प्रो. भूषण राम, नारायण प्रसाद, शिव बालक प्रसाद सहित सैकड़ों कर्मचारी एवं शिक्षण-गैर शिक्षण स्टाफ मौजूद रहे।

# दो हत्याभियुक्त व सहोदर भाई गिरफ्तार

## 11 वर्षों से अधिक समय से फरार चल रहे थे दोनों हत्यारोपित भाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल पुलिस एवं एसटीएफ ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से छापेमारी कर हत्या मामले में ग्यारह वर्षो से अधिक समय से फरार चल रहे दो हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया है। बुधवार को कौआकोल थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने बताया कि 22 अप्रैल 2014 को संध्या शादी की खरीददारी कर कौआकोल बाजार से लौटने के क्रम में करमाटांड़ गांव के पास रुस्तमपुर गांव निवासी तारा देवी एवं उनके पुत्र गोपाल सिंह की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद कांड के वादी रामायण सिंह के द्वारा कौआकोल थाना कांड संख्या-49/14 के तहत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में सुरेन्द्र सिंह एवं बीरेंद्र सिंह, दोनों पिता सुदेशी सिंह उर्फ सिधेशर सिंह, बीरेंद्र मण्डल एवं विजय मण्डल, दोनों-पिता विशुनदेव मण्डल,चारो ग्राम-रुस्तमपुर, थाना-कौआकोल, श्रीकांत सिंह उर्फ महतो, पिता-चान्दो सिंह,ग्राम-भंडाजोर, थाना-रोह, रणजीत सिंह एवं मुरलीधर सिंह, दोनों पिता-रामबालक सिंह, ग्राम-कपासी, थाना-कंडे, जिला-शेखपुरा तथा मनोज सिंह, पिता-अर्जुन सिंह,ग्राम-बहचा,थाना-चंद्रदीप,जिला-जमुई कुल आठ अभियुक्त बनाये गए थे। जिसमें घटना के बाद से ही बीरेंद्र मण्डल एवं विजय मण्डल, दोनों पिता-विशुनदेव मण्डल,ग्राम-रुस्तमपुर फरार चल रहे थे। कांड अनुसन्धान के बाद आरोप पत्र समर्पित किया गया था। वहीं इस मामले में माननीय न्यायालय द्वारा 3 अगस्त 2024 को स्थायी वांरट निर्गत किया गया था। जिसके बाद कांड की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी अनुसन्धान के सहयोग से नवादा एसपी के निर्देश पर जिला पुलिस ने एसटीएफ टीम के सहयोग से छापेमारी कर पुलिस ने बीरेंद्र मण्डल को हरिद्वार,उत्तराखंड से एवं विजय मण्डल को अमरोहा,उत्तरप्रदेश से 14 सितंबर 2025 को गिरफ्तार कर कौआकोल थाना लाया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया। एसडीपीओ के अनुसार बीरेंद्र मण्डल के विरुद्ध कौआकोल थाना में छह मामले एवं विजय मण्डल के विरुद्ध तीन मामले दर्ज हैं। प्रेस वार्ता में कौआकोल थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर उमाशंकर कुमार, एसआई सुजाता कुमारी, एएसआइ रामलखन शर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



## नूरसराय में 9.47 करोड़ की जल निकासी योजना का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नूरसराय (नालंदा)**। नूरसराय के संगत परिसर में गुरुवार को बहुप्रतीक्षित जल निकासी योजना का शिलान्यास किया गया। इस योजना के तहत पक्का नाला निर्माण और गाद सफाई कार्य कराया जाएगा, जिसकी लागत 9 करोड़ 47 लाख रुपये है। कार्यक्रम का उद्घाटन लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और पूर्व एमएलसी राजू यादव ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे के शिल्पकार हैं और वे जनता के दिलों में बसते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोलते नहीं, बल्कि उनका काम बोलता है। बिहार में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने राजगीर में 1130 करोड़ की लागत से बनी खेल विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए इसे राज्य की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। वहीं, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार चुनाव को ध्यान में रखकर काम नहीं करती है। "यदि सिर्फ चुनाव के लिए काम होता तो लाभ केवल वोट देने वालों तक सीमित रहता, पर सरकार बिना भेदभाव हर घर तक विकास पहुंचा रही है।" विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाया है। आज बिहार पुलिस विभाग में 29 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जदयू और एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## कल्याण मंत्री ने विकास मित्रों से किया जनसंवाद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बुधवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने डीआरसीसी भवन, नवादा में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 222 विकासमित्रों से संवाद किया। जनक राम ने बताया कि 15 सितम्बर को बिहार महादलित विकास मिशन ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत किसी विकासमित्र की दुर्घटना जनित मृत्यु की स्थिति में 1 करोड़ की राशि का भुगतान किया जाएगा। हवाई यात्रा दुर्घटना की स्थिति में बैंक द्वारा 2 करोड़ की राशि दी जाएगी। अपंगता एवं स्थायी अपंगता की स्थिति में भी भुगतान की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मंत्री ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर विशेष कैंप लगाकर सभी विकासमित्रों के सैलरी अकाउंट इन दोनों बैंकों में खोले जाएँ। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री ने सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास हेतु नवादा जिला मे प्रस्तावित 100 आसन जिसका लागत लगभग 5,0000000/(पांच करोड़ रु) के सावित्री बाई फुले छात्रावास का स्थल निरिक्षण किया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिलाध्यक्ष लोजपा (र) मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष रालोमो राजेंद्र कुशवाहा, भाजपा अनुसूचित जाति के अध्यक्ष जीतेन्द्र पासवान सहित अन्य उपस्थिति रहे।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत के भट्टबिगहा गांव में विद्युत स्पर्शाघात के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान भट्टबिगहा निवासी अनिल मांझी के पत्नी सावित्री देवी (40 वर्ष) के रूप में की गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका शौच करने के लिए खेत के तरफ गई थी। रास्ते में बिजली का तार गिरा हुआ था। अंधेरा होने के कारण महिला गिरा हुआ तार नहीं देख पाई और तार पर पैर रख दिया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अधिक देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन लोग देखने गए। तब पता चला कि महिला बिजली के तार पर गिरी हुई है। लोगों ने बिजली ट्रांसफार्मर से बिजली काट कर महिला को उठाया और जल्दबाजी में सीएचसी नारदीगंज लेकर पहुंचा। जहां कार्यरत चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई आदित्य कुमार, एएसआई राजेश कुमार, एएसआइ अरविंद कुमार पुलिस के साथ पहुंच गई और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

## 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का शुभारंभ किया। इस वर्ष अभियान का विषय "स्वच्छोत्सव" रखा गया है, जो 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज के कल्याण का अभिन्न हिस्सा है और इसकी सफलता जन-भागीदारी पर निर्भर करेगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को जन आंदोलन के रूप में और मजबूत बनाना, सभी स्तरों पर नागरिकों एवं संस्थानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा स्थायी स्वच्छता की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना है।

जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को कम-से-कम तीन लक्षित स्वच्छता इकाइयों की पहचान कर पुराने कचरे की सफाई करनी होगी। जिला स्तर पर "स्वच्छोत्सव" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और आमजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। स्वच्छता मित्रों के लिए सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। पूजा एवं उत्सवों को प्लास्टिक मुक्त और शून्य अपशिष्ट बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।अभियान के अंतर्गत "एक दिया स्वच्छता के नाम" कार्यक्रम संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होगा। 25 सितम्बर को "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जीविका समूहों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन पर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। सोशल मीडिया और पारंपरिक माध्यमों से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा 02 अक्टूबर (गांधी जयंती) को उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और गांवों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।




## स्वच्छता जागरुकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्वच्छता ही सेवा (पखवाड़ा) कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे डीएम कुंदन कुमार ने हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया। विदित हो कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा 2025 का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टुबर 2025 तक किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जिले भर में स्वच्छता अभियान का संदेश फैला कर आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का थीम-स्वच्छोत्सव है। जिसके अंतर्गत स्वच्छ एवं हरित उत्सव मनाने पर बल प्रदान किया गया है। जो स्वच्छता, जन-भागीदारी, एवं सामुदायिक उत्सवों को स्वच्छ, शून्य कचरा व पर्यावरण अनुकूल बनाने पर केंद्रित है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति का स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा वर्ष 2025-26 तक नालन्दा जिला के सभी गांवों को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाया जाना लक्षित है। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत गतिविधियों के सफल संचालन हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग, नगर निकाय, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जीविका एवं अन्य संबंधित विभाग तथा संस्थानों को शामिल किया गया है । स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत निम्न गतिविधियों का आयोजन संबंधित विभागों एवं प्रतिष्ठानों के सहयोग से अधिकतम जन भागीदारी सुनिश्चत करते हुए जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर स्थलों का जहां वर्षों से कचरा फेके जाने के कारण कचरा का अंबार लगा है। ऐसे ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता,ब लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, शिक्षा, आईसीडीएस, डीआरडीए, जीविका, आदि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गोविंदपुर एनडीए सम्मेलन मडरा में कल

**नवादा**। जनता दल (यूनाइटेड) नवादा जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने बताया कि 238 गोविंदपुर विधानसभा का एनडीए सम्मेलन प्रखंड रोह के ग्राम मडरा के मैदान में 20 सितंबर 2025 को प्रस्तावित है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के साथ एनडीए के पांचो घटक दल के नेता सम्मेलन में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। सम्मेलन की तैयारी जोर-शोर से कराई जा रही है। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति देखने को मिल रहा है।

## जिले के 57,000 निर्माण श्रमिकों के बीच 5000 प्रति श्रमिक की दर से सहायता राशि का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार से बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत 16,04,929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना अंतर्गत उत्क्रमित सहायता राशि का सीधा अंतरण किया। प्रत्येक निबंधित निर्माण श्रमिक को 5000 प्रति श्रमिक की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवादा समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिले में अभियान चलाकर छूटे हुए सभी निर्माण श्रमिकों का शीघ्र निबंधन सुनिश्चित करें ताकि कोई भी श्रमिक इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। श्रम अधीक्षक नवादा सुनील कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के माध्यम से नवादा जिले के लगभग 57,000 निर्माण श्रमिकों को वार्षिक वस्त्र सहायता योजना का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिले के अन्य पात्र निर्माण श्रमिकों को भी विशेष अभियान चलाकर इस योजना से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, गोपनीय शाखा प्रभारी, विभिन्न प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी,बड़ी संख्या में लाभार्थी निर्माण श्रमिक उपस्थित रहे।



## नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर थाना क्षेत्र के गिरियक घोड़ा कटोरा स्थित पंचाने नदी डैम में बुधवार को नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में सिलाव थाना क्षेत्र के करिअन्ना गांव निवासी असलम आलम मलिक का 19 वर्षीय पुत्र फैसल आलम और मोहम्मद अशरफ आलम का 23 वर्षीय पुत्र अनस आलम के रूप में की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार आठ युवक दोपहर नहाने के लिए पंचाने नदी डैम पहुंचे थे। पानी में उतरते ही सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान शोर मचने पर स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे और किसी तरह छह युवकों की जान बचा ली। हालांकि फैसल और अनस को गहरे पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका और दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों के परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार, सिलाव थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद, सिलाव अंचलाधिकारी आकाश दीप सिन्हा एवं गिरियक अंचलाधिकारी सन्नी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राजगीर डीएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### विवाहिता ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के तकियापर मुशहरी गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गांव निवासी रामवली मांझी की 30 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी के रूप में की गई। इधर मृतक के माता सुमंती देवी ने पुत्री के सास व गोतनी पर हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक की मां ने बताया कि मेरी पुत्री अक्सर सास व गोतनी द्वारा बेबजह प्रताड़ित करने की बात बताती थी। बुधवार के सूचना मिली कि आपकी पुत्री फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्ज़ा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतका के मां ने पुत्री के सास व गोतनी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## दो अपराधी हथियार सहित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हिलसा के पश्चिमी बाईपास स्थित चिकसौरा चौराहे से लूट की योजना बना रहे दो कुख्यात अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीएसपी शैलजा ने प्रेस वार्ता में बताया कि हिलसा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि 6–7 अपराधी चिकसौरा चौराहे पर लूट की योजना बना रहे हैं। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान हिलसा थाना क्षेत्र के बरखंधा गांव निवासी ट्यूशन गोप और रानीबाग गांव निवासी सुधीर कुमार को एक हथियार और दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। हालांकि मौके से अन्य अपराधी फरार हो गए। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर हिलसा थाना क्षेत्र के टाडपर गांव से एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस फरार अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।



## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का सांसद ने किया उदघाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का उदघाटन नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सदर अस्पताल बिहारशरीफ में किया। इस अवसर पर वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी देखा सुना गया। कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सांसद श्री कुमार ने फीता काटकर किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और लाभ प्राप्त किया। अभियान के अंतर्गत नालंदा जिले में कुल 349 कैंप आयोजित किए गए, जिनसे 7543 लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल उपाधीक्षक, प्रबंधक, चिकित्सा पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




### सांसद की पहल पर लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का राजगीर तक किया गया विस्तार



**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। सांसद कौशलेन्द्र कुमार की पहल पर पटना–लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 13201/13202 का विस्तार अब राजगीर तक कर दिया गया है। यह ट्रेन अब राजगीर–लोकमान्य तिलक–राजगीर के बीच नियमित रूप से चलेगी। सांसद ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार आग्रह किया था कि बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी और अन्य श्रद्धालु मुंबई से पावापुरी और कुण्डलपुर भगवान महावीर की जन्मस्थली दर्शन हेतु आते हैं। लेकिन ट्रेन की सुविधा पटना तक सीमित रहने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सांसद ने कहा कि ट्रेन विस्तार से यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। रेलमंत्री ने उनकी मांग को स्वीकारते हुए राजगीर–लोकमान्य तिलक–राजगीर के बीच नियमित रूप से चलाने का निर्देश जारी कर दिए है।

## धमौल थाना के थानाध्यक्ष के रूप में हिमांशु कुमार ने संभाली कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। धमौल थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में हिमांशु कुमार ने पदभार ग्रहण किया। जिले में पदस्थापना अवधि पूर्ण होने के बाद कई थानेदारों का तबादला कर दिया गया था। इसी क्रम में पूर्व थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू का स्थानांतरण गयाजी जिले में हो गया था। एसपी अभिनव धीमान ने नगर थाना नवादा में अपनी तेजतर्रार कार्यशैली से पहचान बना चुके एसआई हिमांशु कुमार को धमौल थाना की जिम्मेदारी सौंपी है। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखना होगी। साथ ही अपराध नियंत्रण, नशा उन्मूलन तथा आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस-जनता के बीच समन्वय से ही क्षेत्र में बेहतर माहौल कायम किया जा सकता है। वे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी तत्परता से काम करेंगे। थाना क्षेत्र के लोगों में नए थानाध्यक्ष को लेकर उम्मीदें जगी हैं। लोगों का मानना है कि उनके अनुभव और कार्यकुशलता से धमौल में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी। थानाध्यक्ष के रूप में ज्वॉइन करते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने उनका स्वागत किया। मौके कर जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, उप प्रमुख धर्मराज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि विनोद कुमार, धमौल सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, गुलनी मुखिया मनोज चौरसिया, समाजसेवी ब्रह्मानंद शर्मा, कौशल कुमार सिंह, पत्रकार विश्वनाथ कुमार सहित अन्य थे।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार जिले में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ किया और जनसभा को संबोधित किया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवादा सदर अस्पताल में किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सदर अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं, जिनमें निःशुल्क सामान्य चिकित्सीय परामर्श, विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा ओपीडी सेवाएं, बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, एचपीवी टीकाकरण, हेमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर (बीपी), एएनसी समेत विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें की जाएंगी, ताकि समय पर रोगों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## फर्नीचर दुकान में लगी आग, 35 लाख का सामान जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ला में असम फर्नीचर की दुकान में बुधवार की देर रात अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि बगल में स्थित एसबीआई बैंक का एक ग्राहक सेवा केंद्र और एक कार चपेट में आ गई। आग की लपटें और धुएं का गुब्बार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घर छोड़कर सड़क पर निकल आए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक दुकान के अंदर रखी एक कार जलकर खाक हो गई और गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका भी हुआ। आग की इस घटना में करीब 35 से 40 लाख रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकान संचालक संतोष कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के बाद दुकान में हवन हुआ था। उसके बाद वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। धुआं और आग की लपटें उठता देख आसपास के लोगों ने उन्हें जानकारी दी। आशंका जताई जा रही है कि हवन की चिंगारी से ही आग भड़की और धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। स्थानीय सत्येंद्र पासवान ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि कई लोग मिलकर भी उसे काबू नहीं कर सके। बाद में दमकल की टीम ने आकर स्थिति नियंत्रित की। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। दुकानदार द्वारा आवेदन दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# मतदान केंद्रों का सत्यापन अगले 7 दिनों के अंदर कराना सुनिश्चित करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 एवं आगामी दुर्गा पूजा को शांति सौहार्द से सम्पन्न करवाने के मद्देनजर विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने सभी बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन अगले 7 दिनों के अंदर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी मतदान केंद्रों पर बेसिक सुविधा यथा रैंप की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, रोशनी की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, टॉयलेट की व्यवस्था का भौतिक जांच अवश्य करवा लें। यदि किसी बूथ पर बेसिक सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे तेजी से करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जितने भी मतदान केंद्र हैं उसका भौतिक सत्यापन करवा ले साथ ही आसपास के क्षेत्र में लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी हेतु जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर चुनाव कार्य में बाहर से आने वाले केंद्रीय पुलिस बल के ठहराव स्थल/ क्लस्टर पॉइंट को चिन्हित करें एवं वहां पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, बिजली इत्यादि की व्यवस्थाओं का आकलन करते हुए तेजी से काम करवाये। शराब विनष्टीकरण की समीक्षा के दौरान सहायक आयुक्त उत्पाद को निर्देश दिया गया है कि संबंधित थानाध्यक्ष के साथ समन्वय कर लंबित शराब विनष्टीकरण कार्य को तेजी से करवाये। पर्व त्यौहार सीजन को ध्यान में रखते हुए वाहनों का जांच और प्रभावी रूप से करवाये।डोभी चेक पोस्ट का लगातार वाहन जांच करवाते रहें। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के दर्ज मामलों को निपटारा तेजी से करवाये। सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखें। डीएम ने सभी एसडीओ को निर्देश दिया है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव एवं दुर्गा पूजा को देखते हुए अपने क्षेत्र में निरोधात्मक कार्रवाई तेजी से करवाये। उन्होंने सभी सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा के प्रतिमा स्थापित हेतु आयोजको को लाइसेंस लेना अनिवार्य है।प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु रूट वेरीफिकेशन अच्छे से करवाये। सभी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से करें।इस बार ड्रोन के माध्यम से सभी स्थानों पर निगरानी रखी जाएगी जहां की जरूरत हो पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगवाये। अपनी-अपनी क्षेत्र में फ्लैग मार्च लगातार करवाये। जितने भी संवेदनशील स्थान है उसका लगातार भ्रमण करें। सभी पूजा पंडाल के समीप पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करवाया जाए तथा लगातार पूजा पंडाल समिति एवं आयोजन समिति के साथ संपर्क में रहे। सभी पूजा पंडाल में फायर सेफ्टी की पूरी व्यवस्था आयोजक से करवाया जाए। इसके अलावा विद्युत संबंधित सभी एसओपी का पालन करवाया जाए।सभी पूजा पंडाल में सेपरेट प्रवेश एवं निकास गेट बनाया जाए ताकि आम श्रद्धालुओं को आराम से निकास हो सके।उन्होंने सभी सीओ को कहा कि इस वर्ष सभी नदी तालाब में पानी ज्यादा है, इसका ध्यान रखते हुए विसर्जन वाले नदी तालाब के समीप जरूरत पड़ने पर बैरिकेडिंग करवाये। रावण दहन के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले रावण दहन स्थल का अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर ले साथ ही आयोजक समिति के माध्यम से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी इत्यादि लगवाना सुनिश्चित करें। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में लगातार निरीक्षण करें। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र एवं संवेदनशील स्थानों के लोगों से बातचीत करें एवं वर्तमान स्थिति का जानकारी ले।

## अभियंता निरंजन कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के अभियंता निरंजन कुमार के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को विश्वविद्यालय द्वारा प्रशासनिक भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. ब्रजेश कुमार राय, प्रतिकुलपति प्रो. बी.आर.के. सिन्हा, कुलानुशासक प्रो. उपेन्द्र कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार, प्रो. विकास मोहन सहाय, मनोज कुमार शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार एवं संघ के अन्य सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने निरंजन जी के निधन को विश्वविद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने दूरभाष पर निरंजन जी के निधन पर अपनी पीड़ा और शोक संवेदना व्यक्त की। निरंजन जी का समर्पण, उनकी कार्य के प्रति निष्ठा और संस्थान के लिए उनका अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके कार्यकाल में उन्होंने न केवल संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि अपनी विनम्रता, सहयोगी भावना और मेहनत से सभी के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति और कार्यशैली हम सभी के लिए एक आदर्श बनी रहेगी। सभी उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस दुखद घड़ी में निरंजन जी के परिवार, मित्रों और प्रियजनों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की। ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति व साहस प्रदान करें।

## मगध विश्वविद्यालय में प्रो. इ.बी. सिंह स्मृति व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभाग मगध विश्वविद्यालय बोध गया अन्तर्गत विभाग के संस्थापक प्रो. इ.बी. सिंह की स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला का भव्य शुभारंभ हुआ। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस.एन.पी. यादव 'दीन' ने विभाग के संस्थापक प्रो. ई.बी. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व्याख्यान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। व्याख्यान श्रृंखला के पहले वक्ता के रूप में सेंट एंड्रयूज कॉलेज, डी.डी.यू. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के डिस्टिंग्विश्ड वैज्ञानिक प्रो. मोहम्मद राशिद तनवीर ने सौर ऊर्जा : अगली पीढ़ी की ऊर्जा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण में प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कुलपति प्रो. एस. पी. शाही के निरंतर प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया और विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस.एन.पी. यादव 'दीन' को सह-शैक्षणिक गतिविधियों की श्रृंखला आरंभ करने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाने हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सम्मानित समारोह में मुख्य वक्ता प्रो. तनवीर और प्रो. मुकेश कुमार को प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ सुप्रिया कुमारी ने सम्मानित किया जबकि अधिष्ठाता प्रो. एस एन पी यादव दीन को डॉ. रूपेश कुमार झा ने सम्मानित किया। डॉ. पार्थ प्रतिम दास ने विभाग के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए संस्थापक प्रो. ई.बी. सिंह के योगदान को याद किया। प्रो. एस एन पी यादव दीन ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने प्रो. सिंह की दूरदर्शिता और मेहनत को नमन करते हुए कहा कि आज विभाग ने जिस मुकाम को हासिल किया है, वह उनकी देन है।

## टिकारी विधानसभा में जन सुराज नेता का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ. बी. डी. शर्मा ने बुधवार को टिकारी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने गांव के रास्ते विभिन्न गांवों का भ्रमण शुरू किया। डॉ. शर्मा ने ददरेजी, चिचौरा, सिंदुआरी, पकरी, ढिबरी, औरानी, खभरा, मऊ और उसास देवरा गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में टूटी सड़कें, कीचड़ और जलजमाव की समस्याएं गंभीर हैं। ग्रामीणों ने भी स्वीकार किया कि लंबे समय से क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हुए हैं। डॉ. शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं को उन्होंने उद्देश्यों की जानकारी दी और कहा कि ईमानदार नेतृत्व से क्षेत्र की स्थिति में सुधार संभव है।

## नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवारा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर देशभर में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इसी क्रम में बिहार के गया विधानसभा क्षेत्र 230 में आज 'चलो जीते हैं' मोदी रथ को केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाज एवं राज्य सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा आजाद पार्क के समीप झंडा दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ हर जन तक सेवा, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश पहुंचाने हेतु निकला है। मंत्रीगणों ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन संघर्ष, निष्ठा और सेवा का आदर्श है। इस रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी जाएगी कि समाज का सच्चा सेवक वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता। प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन विभिन्न स्थानों पर कर युवाओं और नागरिकों को सेवा की प्रेरणा दी जाएगी।

**अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम-सेवा का सजीव उदाहरण**

रथ को रवाना करने के बाद मंत्री शोभा करंदलाज एवं डॉ प्रेम कुमार ने जयप्रकाश नारायण अस्पताल जाकर भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हालचाल लिया। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों को फल वितरित कर सेवा और करुणा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक स्पष्ट दिखाई दी। मंत्रीगण ने कहा कि सेवा केवल भाषणों से नहीं, बल्कि कार्यों से प्रकट होती है। यह पहल समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा की भावना पहुँचाने का एक प्रेरक प्रयास है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय मांझी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, प्रदेश नेता प्रेम सागर, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ऋषि लोहानी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, गुंजन मिश्रा, हरि यादव, राजेश मस्तान, संजीत कुमार सिंह, राजनंदन प्रसाद गांधी, डॉ जेड खान, बंटी वर्मा, वार्ड पार्षद धर्मेंद्र कुमार, संतोष सिंह, राम पुकार सिंह, कौशलेंद्र प्रसाद, गोपाल चंद्रवंशी, महेंद्र प्रसाद, पवन कुमार, संजय रविदास, अशोक सिंह, करुणा सिंह, मनोज चंद्रवंशी, शिवनारायण प्रसाद सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने सेवा पखवाड़े की सफलता के लिए अपना योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में समाज की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का प्रतीक है। 'चलो जीते हैं' मोदी रथ और अस्पताल में फल वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा का संदेश घर-घर पहुंचेगा।

## प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने स्लम बस्ती में पीएम मोदी का मनाया जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जिला के स्लम बस्ती, महादलित टोला में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने हजारों गरीबों के साथ केक काट कर मनाया। इस अवसर पर सभी के बीच मिठाइयां, बिस्कुट, केक, चॉकलेट बांटा गया।

इस दौरान प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि आज हम लोग दुनिया के सबसे ताकतवर नेता और प्रधानमंत्री मोदी जी का 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। नरेंद्र मोदी के शासन काल में देश मजबूत हुआ है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश हो गया है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का 2047 में विकसित भारत बनाने का जो संकल्प है उसे वह पूरा करेंगे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मोदी जी स्वस्थ रहे, दीर्घायु हो।

मोदी जी के जन्मदिन पर बिहार सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों को 5 हजार रुपया कपड़ा के लिए उनके खाता में ही डाल दिया। नरेंद्र मोदी ने 12 लाख तक के आय को टैक्स मुक्त कर दिया। जीएसटी में भारी राहत दी गई। श्री चंद्रवंशी ने लोगों से आह्वान किया कि नरेंद्र मोदी को मजबूत करना है तो आने वाला विधानसभा चुनाव में एनडीए को वोट देकर नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनाएं।

मौके पर वार्ड पार्षद नीरज कुमार, विकाश, राहुल कुमार मांझी, बबलू कुमार, सूरज कुमार चंद्रवंशी, गोलू कुमार, टुनटुन कुमार, अनिल कुमार, राजू मांझे, राजदेव मांझी, मीना देवी, सीता देवी आदि मौजूद रहे।

## मजदूर की हत्या के विरोध में बन्द रहा पंचानपुर बाजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के लभरा ग्राम में पीट कर हुई मजदूर की हत्या के विरोध में गुरुवार को पंचानपुर बाजार पूरी तरह से बन्द रहा। पंचानपुर व्यावसायिक संघ के बैनर तले व्यवसायियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रख हत्याकांड का विरोध दर्ज किया व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस की संरक्षण में सरेआम गुंडागर्दी हो रही है। पुलिस के संरक्षण गुंडागर्दी, रंगदारी हो रही है नतीजतन मजदूर की हत्या कर दी गई। श्री वर्मा ने कहा कि दलाली के माध्यम से पंचानपुर थाना की पुलिस द्वारा झूठा मुकदमा करवाया जाता है व लोगों को डराया धमकाया जाता है। व्यवसायियों ने मजदूर हत्याकांड के आरोपियों को स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाने की मांग की अन्यथा आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। बन्द के दौरान कई व्यवसायी शामिल थे। व्यवसायियों ने बताया कि दलाल इस तरह से हावी है कि मजदूर अमरेश की मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल थाना में भेजे गये पत्र में रोड एक्सीडेंट व जहर खाने की बात लिखी गई जिसका विरोध अमरेश के साथ गये लोगों ने विरोध जताया।

## कार से 43.790 किलो डोडा जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना मोड़ स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास से एक दिल्ली नंबर की कार से 43 किलो 790 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा जब्त किया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वाहन चालक कार छोड़कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान कार की सीट के नीचे से डोडा से भरे दो बोरे बरामद किए गए। मामले में शेरघाटी थाना कांड संख्या 403/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/ 25/21 (सूचना)/698, दिनांक 16.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं :

● **(क) क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3479, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन (4)/हावड़ा के अधीन पिनरगड़िया गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 89,39,272/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,78,800/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3485, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत चंदननगर स्टेशन पर फसाड (अग्रभाग) और पॉर्च के विकास और बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षालय के आंतरिक विकास और अन्य सहायक कार्यों" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 48,07,413/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 96,200/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3487, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत तारकेश्वर में विस्तारित स्टेशन भवन (भूतल) के शेष कार्य को पूरा करने और स्टेशन भवन और पिलग्रिम शेड के बीच संपर्क के लिए डोम स्ट्रक्चर, पॉर्च के साथ सामने के अग्रभाग के विकास, स्टेशन भवन के बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षालय के आंतरिक विकास और मौजूदा स्टेशन भवन के अन्य सहायक कार्यों" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 48,34,905/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 96,700/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 09.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)।

● **(ख) क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3328, कार्य का नाम** : "हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 11/12-13 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 6/सी/टी के स्थान पर सीमित ऊंचाई (कट एंड कवर विधि द्वारा) का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,46,963/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 20,900/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3329, कार्य का नाम** : "हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 9/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 4/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई (कट एंड कवर विधि द्वारा) का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,48,615/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 21,000/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3330, कार्य का नाम** : "हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 23/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 14/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,40,302/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 20,800/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 4, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3340, कार्य का नाम** : "हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 21/8-9 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 13/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,43,966/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 20,900/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 5, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3419-आर, कार्य का नाम** : "हावड़ा-झील साइडिंग कोचिंग डिपो में ट्रेन सेट मेन्टेनेंस सुविधा की स्थापना " के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 5,70,41,143/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,35,200/-, **पूर्णता अवधि:** 270 दिन। **क्रम सं. 6, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3478, कार्य का नाम** : "डानकुनी गुड्स शेड में वार्फ और ड्रेनेज सिस्टम के विकास के साथ सीसीटीवी कवरेज और फॉग कैनन, एएक्यू, नॉइज मॉनिटरिंग उपकरणों के लिए विद्युत सुविधाओं का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 39,25,159/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 78,500/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 7, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3488, कार्य का नाम** : बर्द्धमान, कटवा और आजिमगंज शाखा में संबंधित कार्यों के साथ बाहरी आलोक के स्तर में सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 38,76,752/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 77,500/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 8, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3490, कार्य का नाम** : "हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-बलगोना शाखा में किमी 16/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 8/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई (कट एंड कवर विधि द्वारा) का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,48,474/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 21,000/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 9, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3492, कार्य का नाम** : "हावड़ा - बर्द्धमान मेन लाइन के लिलुआ स्टेशन पर पुराने आरआरआई को ईआई में बदलने" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 32,79,160/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 65,600/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 13.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 9 प्रत्येक के लिए)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-297/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सरकारी स्कूल का चावल बेचने ले जाते पकड़े गए प्रधानाध्यापक

### ग्रामीणों ने गाड़ी जब्त कर पुलिस को सौंपा, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोंच।** प्रखण्ड के काबर पंचायत अंतर्गत काजी बिगहा में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय काजी बिगहा के प्रधानाध्यापक को चावल बेचने के आरोप में रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय घोंघीमठ का भवन जर्जर होने के कारण कई वर्षों से कक्षाएं काजी बिगहा में संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक पिकअप गाड़ी पर 11 बोरियों में करीब साढ़े पांच क्विंटल चावल लादकर बेचने ले जा रहे थे। संदेह होने पर ग्रामीणों ने वाहन रोक लिया और चावल सहित गाड़ी जब्त कर लिया। इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन और आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी योजनाओं में हो रही गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच हो।

## दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में दशहरा का पर्व मनाने के लिये गुरूवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक सीओ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित थी जिसे संबोधित करते हुए बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कहा कि डीएम के निर्देशानुसार दुर्गापूजा पंडाल, शोभा यात्रा, रावण दहन सहित अन्य कार्यक्रमों के लिये सबसे पहले आयोजक अपना लाइसेंस जरूर बनवा लें तथा आयोजनों के अनुसार समिति के दायित्वों को ढंग से निर्वहन करें।पूजा के दरम्यान लहरियाकट मारने वाले युवकों तथा असमाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, जिसपर त्वरित कार्रवाई भी की जायेगी। बीडीओ ने दिशा निर्देश को पूरा पढ़कर सुनाया एवं आयोजकों तथा समाजसेवियों से उनकी राय ली।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : 21-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 16.09.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत स्टेशनों/केबिनों में डेटा लॉगर और एमएसडीएसी के लिए एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर के साथ डायग्नोस्टिक टर्मिनल का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 1,39,79,882/-, **बयाना राशि:** रु. 2,19,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/

ASN-187/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## जीविका की ओर से डोभी में रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** गयाजी जिला के डोभी में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट, प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण कुमार व अन्य अधिकारियों ने किया। मेले में 1723 युवाओं ने निबंधन कराया जिनमें से 365 का चयन रोजगार हेतु 68 ने आवासीय प्रशिक्षण और 79 ने स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया। इस अवसर पर एलएंडटी, बजाज, टाटा इंडिया (कुएस्स कॉर्प), यजाकी इंडिया, मेरफ, स्विफ्ट टेक्सटाइल, अबिबियास सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा. लि., होप केयर, टाटा इलेक्ट्रिकल, पूजा एजुकेशन सोसाइटी साथ ही जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने स्टॉल लगाकर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी। बीपीएम पिंकी कुमारी ने कंपनियों, अधिकारियों और स्थानीय जीविका दीदियों को सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पत्नी ने पति की गला रेत करायी हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के कचौड़ी पंचायत के लक्षनैति गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अरुण साव को उसकी ही पत्नी ने होटल मालिक के साथ अवैध संबंध में फंसकर मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात ने पूरे गांव को हिला दिया है। जानकारी के अनुसार अरुण साव अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ 26 दिन पूर्व ही गुजरात मजदूरी करने गया था। वहां पत्नी को एक होटल में काम मिल गया। होटल में काम करने के दौरान उसका झुकाव होटल मालिक की ओर बढ़ा और अवैध संबंधों के चलते उसने पति की जान लेने की साजिश रच डाली। आरोप है कि पत्नी ने होटल मालिक की मदद से अरुण साव का गला रेतकर हत्या करा दी। हत्या की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में मातम पसर गया।


**बिहार सरकार**

**नवगठित नगर पंचायत जम्होर के वार्डो का गठन/परिसीमन से संबंधित दावा-आपत्ति**

**आम-सूचना**

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना के आदेश के आलोक में नवगठित जम्होर नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) का गठन/परिसीमन कुल-11 वार्डों में किया गया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि नवगठित जम्होर नगर पंचायत के वार्ड के गठन/परिसीमन से संबंधित प्रकाशन औरंगाबद जिला के वेवसाईड पर दिनांक-18.09.2025 कों किया जायेगा। प्रकाशन के उपरान्त दिनांक-18.09.2025 से 04.10.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद के कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त किये जायेगें। कंडिका-08 के आलोक में प्रारूप प्रकाशित वार्डों सिर्फ परिसीमन, जनसंख्या तथा वार्डो के संख्याकन से संबंधित बिन्दुओं पर ही आपत्तियों दी जा सकेगी। दिनांक-04.10.2025 के बाद कोई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगें।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR. No. 015210 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

# क्या अरब सैन्य संगठन बनेगा?

इजराइल द्वारा कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर दुस्साहसपूर्ण हमले के बाद पश्चिम एशिया में मुस्लिम राजनीति अब नया मोड़ लेती दिख रही है। इस हमले ने समूचे अरब जगत को हिला दिया है। यह वैश्विक व्यवस्था के बदलने का संकेत है। अरब देशों को लगने लगा है कि इजराइल के खिलाफ अमेरिका उनकी रक्षा किसी भी स्थिति में नहीं करेगा। ऐसे में उन्हें ही एक होना पड़ेगा। अरब देशों में इस बात पर गंभीर विचार हो रहा है कि क्या वो सब मिलकर नाटो जैसा कोई सैन्य गठबंधन बना सकते हैं। हालांकि 57 मुस्लिम और खासकर अरब देशों के बीच आपसी मतभेद के चलते यह बहुत आसान नहीं है। इजराइल ने यह हमला पिछले दिनों दोहा में रह रहे हमास नेताओं पर किया था। जिसमें हमास के कई बड़े नेता मारे गए थे। कतर पर हमले के बाद सभी अरब देश अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए हैं। इस आपातकालीन शिखर सम्मेलन में क़तर के अमीर शेख़ तमीम बिन हमाद अल-थानी ने कहा कि इजराइल का हमास के वार्ताकारों पर हमला करना साबित करता है कि वह झूठ बोल रहा है कि उसका मक़सद हमास के क़ब्ज़े में मौजूद बंधकों को छुड़ाना है। उसका असली मकसद गाजा को इंसानों के रहने लायक नहीं छोड़ना है। दूसरी तरफ इजराइल का कहना है कि उसने हमले से पहले इसकी सूचना अमेरिका और क़तर को दे दी थी। तुर्किए के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगान का कहना है कि ताज़ा हमला इजराइल के ग़ैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को एक नए स्तर पर ले गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने इस्लामी देशों से इजराइल से संबंध तोड़ने की अपील की। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के महासचिव हुसैन ताहा ने इजराइल पर हमले की निंदा की और कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय क़ानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा उल्लंघन है। इजराइल को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भविष्य में भी हमास नेताओं पर हमले से इनकार नहीं किया। उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोहा में इजराइली हमले को क्षेत्रीय संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताया तो संरास में इजराइल के राजदूत ने कहा कि इजराइल हमेशा अमेरिका के हित के अनुसार कार्रवाई नहीं करता है। हालांकि इस हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'नाखुशी' जाहिर की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सम्मेलन में मिस्र ने अपने प्रस्ताव में नाटो जैसा एक सशस्त्र बल बनाए जाने की बात कही है, जिसकी अध्यक्षता अरब लीग के 22 देशों में बारी-बारी से सौंपी जाएगी और पहला अध्यक्ष मिस्र का होगा। प्रस्ताव में सेना, वायु सेना और कमांडो यूनिट में बेहतर तालमेल स्थापित करने के साथ ही ट्रेनिंग, लॉजिस्टिक्स और मिलिटरी सिस्टम को एकीकृत करने का प्रस्ताव है। साथ ही सैन्यबल के इस्तेमाल की इजाज़त सदस्य देशों और सैन्य नेतृत्व से सलाह के आधार पर दी जाएगी। मिस्र सैन्य गठबंधन में 20 हजार सैनिकों का योगदान करेगा, जबकि सहयोग के मामले में सऊदी अरब दूसरा सबसे बड़ा देश होगा। यहां सवाल यह है कि क्या ऐसा कोई सैन्य गठबंधन संभव है? इस बारे में जानकारों का कहना है कि अरब देशों के बीच नेटो जैसा सैन्य गठबंधन खड़ा करने का विचार बहुत समय से है लेकिन इस पर अमल को लेकर बात आगे नहीं बढ़ पाई। क्योंकि इन सभी देशों के सुरक्षा हित इतने अलग-अलग हैं कि उनमें सर्वसम्मति बनाना एक टेढ़ी खीर है। जैसे सऊदी अरब और ईरान क्या आपस के मतभेदों को मिटाकर साथ आ पाएंगे। क्योंकि अगर एक संयुक्त सैन्य गठबंधन बनना है तो इंटेलिजेंस शेयरिंग भी होगी। दूसरे, पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका और नेटो की ओर से इस तरह की किसी ग्रुपिंग को अमल में लाने दिया जाएगा, कहना मुश्किल है।

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**अश्विनी वैष्णव**

क्या आपको वह समय याद है जब सरकारी दस्तावेज़ को हासिल करना कितना मशक्कत का काम होता था ? कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं।

यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती।

यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

**गुजरात- जहां से शुरुआत हुई:** मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24×7 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा।

महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी।

एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था।

इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी।

इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**राष्ट्रीय परिदृश्य:** 2014 में उन्होंने गुजरात का अनुभव और सीख को दिल्ली तक पहुंचाया। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था।

उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक ने जो आकार लिया, वह दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर उभरा है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।

जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने।

ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ प्राप्त करने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हुई, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर काफी खर्च करना पड़ता था। आधार-आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया।

जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

प्रगति ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है।

जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

**सबके लिए तकनीक:** तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है।

डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं।

सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

**अंतरिक्ष और नवाचार:** भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है।

चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश।

इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा रखते हैं।

**वैश्विक नेतृत्व:** जब कोविड-19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था।

इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण।

डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

**मैन्युफैक्चरिंग क्रांति:** चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले ÷हैलो वर्ल्ड÷ से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब-मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20% से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2 नैनोमीटर (एनएम), 3 एनएम और 7 एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम-दर-कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

**बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा:** पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग-अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।

इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।

एआईकोश प्लेटफ़ॉर्म पर 2,000 से ज़्यादा डेटा सेट मौजूद हैं। मौसम से लेकर मिट्टी की सेहत तक। इन्हीं की मदद से भारत की भाषाओं, क़ानूनों, स्वास्थ्य प्रणालियों और वित्त क्षेत्र के लिए स्थानीय एलएलएम विकसित किए जा सकते हैं।

तकनीक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की समझ भारत की अनूठी एआई रेगुलेशन नीति में भी दिखाई देती है। दुनिया के केवल बाज़ार-आधारित या सरकार-नियंत्रित मॉडल से अलग, वे एक विशिष्ट टेक्नो-लीगल फ्रेमवर्क की कल्पना करते हैं।

सख्त नियम बनाकर नवाचार को रोकने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा उपायों में निवेश करती है। विश्वविद्यालय और आईआईटी मिलकर डीपफेक, गोपनीयता और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एआई-आधारित उपकरण विकसित कर रहे हैं। यह दृष्टिकोण नवाचार को बढ़ावा देता है और साथ ही सुनिश्चित करता है कि तकनीक ज़िम्मेदारी के साथ लागू हो।

**बुनियादी ढाँचे में तकनीक:** केवड़िया में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 182 मीटर ऊंची है। यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। 3डी मॉडलिंग और ब्रॉन्ज क्लैडिंग तकनीक से बनी यह प्रतिमा हर साल लगभग 58 लाख पर्यटकों को आकर्षित करती है। इस परियोजना से हज़ारों नौकरियाँ बनीं और केवड़िया एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन गया।

चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाक़े से होकर गुजरती है और इसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है।

ये सिर्फ़ इंजीनियरिंग की अद्भुत कृतियां नहीं हैं, बल्कि यह मोदी जी की उस सोच को दर्शाते हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है।

**मानव जुड़ाव:** प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को समझते हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर समझते हैं। उनकी अंत्योदय की सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। यूपीआई कई भाषाओं में काम करता है। सबसे गरीब किसान और सबसे अमीर उद्योगपति, दोनों की एक जैसी डिजिटल पहचान है।

सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआई से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए अहम् माना है। जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है।

# पकड़ो आम आदमी, छोड़ो रसूखदार...!

**आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले, असामाजिक और गलत काम करने वाले अनेक चतुर लोग हैं, जिनके लिए कड़ा कानून बनाए जाने की बहुत जरूरत है। एक बात तो बार-बार उभर कर आती रहती है कि पहले से बने कानून कम गंभीर हैं। अगर ऐसा नहीं है तब सवाल यह उठता है कि क्या इसे लागू करने के मामले में कोताही की जाती है। क्या नए कानून बनाकर फायदा होगा, अगर उन्हें वर्तमान कानूनों की तरह संजीदगी से लागू नहीं किया जा सका? निराशाजनक माहौल के बीच ऐसी बातें कभी आशा पैदा करती हैं, जब सफल राजनीति के पैरोकार और कोई अधिकृत व्यक्ति के ऐसे विचार सुनने को मिलते कि भ्रष्टाचारी कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की बातों से स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचारी लोगों की खासी पहुंच होती है और इससे संबद्ध लोग पूरी तरह सजगता से काम करते हैं। कई लोग बेखौफ होकर सक्रिय रहते हैं।**

**प्रभात कुमार**

हमारे देश में एक से एक सख्त, मगर अमल में नरम कानून हैं। नरम की जगह लचीला शब्द का भी प्रयोग किया जा सकता है। दरअसल, कानून अपनी जेब में रखने वाला कोई चालाक व्यक्ति कानून का ढीला पेच निकालकर, खुद को बचाने के लिए उसमें नया पेंच फंसा देता है। इस सामयिक उपाय से वह बच जाता है और बढ़े हुए आत्मविश्वास की छांव तले अपना तमाम काम करता रहता है। कानून के निर्माता, पालक और रक्षक भी मानते हैं कि कानून सबके लिए एक जैसा नहीं है। जिन पर लागू किया जाना चाहिए, कई बार कानून उन्हीं पर लागू नहीं हो पाता। इसीलिए बार-बार यह सवाल सिर उठाता है कि कानून को ज्यादा कठोर बनाया जाए।

आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले, असामाजिक और गलत काम करने वाले अनेक चतुर लोग हैं, जिनके लिए कड़ा कानून बनाए जाने की बहुत जरूरत है। एक बात तो बार-बार उभर कर आती रहती है कि पहले से बने कानून कम गंभीर हैं। अगर ऐसा नहीं है तब सवाल यह उठता है कि क्या इसे लागू करने के मामले में कोताही की जाती है। क्या नए कानून बनाकर फायदा होगा, अगर उन्हें वर्तमान कानूनों की तरह संजीदगी से लागू नहीं किया जा सका?

निराशाजनक माहौल के बीच ऐसी बातें कभी आशा पैदा करती हैं, जब सफल राजनीति के पैरोकार और कोई अधिकृत व्यक्ति के ऐसे विचार सुनने को मिलते कि भ्रष्टाचारी कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की बातों से स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचारी लोगों की खासी पहुंच होती है और इससे संबद्ध लोग पूरी तरह सजगता से काम करते हैं। कई लोग बेखौफ होकर सक्रिय रहते हैं।

अपने प्रयोजन के मुताबिक जो नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वह पहुंचाते भी हैं। कानून का पालन करवाने वाले ईमानदार पुलिस अफसरों का तबादला करवाना कुछ लोगों के लिए आसान होता है। ऐसे लोगों का शायद ही कभी कुछ बिगड़ता है। वे व्यवस्था, समाज और कानून की कमियों का फायदा इत्मीनान से उठाते हैं।

वर्तमान कानून भी सख्त हैं। बल्कि अपने अमल में कानून तो होते ही सख्त हैं। मगर लोगों को लगता है कानून रबड़ का बना हुआ है। यह किताब में बंद है। क्या हमें लोहे या कांटों जैसे सख्त महसूस होने वाले कानून की जरूरत है, ताकि हम उससे पीड़ित होते रहें? अभी तक यही काम मुश्किल साबित हुआ है। कुछ संजीदा लोग इसे मानवीय जिम्मेदारी, नैतिक कर्तव्य मानकर, व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास कर जागरूकता फैलाते रहते हैं।

ऐसे व्यक्ति सफल भी होते हैं। यह एक सार्थक कोशिश है। ऐसे में जब कानून लागू करने वाले कुछ लोगों से बात होती है तो वे भी यही कहते हैं कि कानून का पालन करवाया जा रहा हैज नियमित निरीक्षण किया जाता हैज लोगों को जागरूक किया जाता है। मुकदमे दायर किए जाते



हैं और जुर्माना भी वसूल किया जाता है, लेकिन फर्क नहीं पड़ता।

आए दिन सार्वजनिक मंच से हाथ उठाकर कहा जाता है कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, किसी भी सूरत में ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आशय यह कि कड़े कानून की बात बार-बार की जाती है। कोई नया मामला सामने आता है तो नया कानून बनाने की बात की जाती है, लेकिन बहुत जरूरी, असली बात यानी कानून को उचित, वांछित तरीके से लागू करने की जिम्मेदारी नहीं ली जाती। बात सिर्फ बात रह जाती है। यह कहा जाता है कि हमारा देश बहुत बड़ा है, तरह-तरह की इतनी ज्यादा जनता को संभालना मुश्किल है। लेकिन हर जिले में जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक हैं। हर मंडल में मजिस्ट्रेट हैं। वे क्या नहीं कर सकते? लेकिन सवाल है कि वास्तव में क्या-क्या कर सकते हैं।

मिसाल के तौर पर, पर्यावरण विश्वस्तरीय मुद्दा है राष्ट्रस्तरीय भी, लेकिन स्थानीय नहीं। हमारा समाज इष्ट और व्यक्तिपूजक है। अनगिनत आयोजन, भाषण और पुरस्कार हैं। करोड़ों के विज्ञापन दिए जाते हैं। यहां वृक्ष लगाना जरूरी नहीं है, सड़क चौड़ा करना जरूरी है।

किसी वृक्ष को जरूरतवश हटाना हो तो कानूनन स्वीकृति लेनी पड़ती है, जो मुश्किल से मिलती है। कानून बहुत सख्त है, लेकिन वृक्षों की जड़ों को खोखला करने की हरकतों को रोकने के लिए कोई कानून नहीं है। जड़ों के आसपास की मिट्टी धीरे धीरे हटा दी जाती है और कुछ समय बाद वृक्ष स्वयं सूख जाता है। जरा-सी आंधी, बारिश में टूटकर गिर जाता है। जिम्मेदार लोगों की बारी आती है, तो वे कहते हैं कानूनन कार्रवाई करेंगे, किसी को नहीं छोड़ेंगे।

एक तरफ पर्यावरण से संबद्ध कानूनों को अनदेखा किया जा रहा होता है, दूसरी तरफ करोड़ों खर्च कर हरी दीवारें बनाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही होती हैं। दोनों तरह से करोड़ों का फायदा हो रहा होता है। इस तरह अनेक मामलों में, कानून में बचाव की सुरंग ढूंढ़ कर, समझदारी से, मिलजुलकर काम को अंजाम दिया जाता है। कानून के रक्षक कुछ नहीं कर पाते।

एक बार नहीं, फिर से और ज्यदा सख्त कानून बनाने का संकल्प लिया जा रहा होता है। मान लिया जाए कि सख्त, कठोर, कड़े कानून बनाए जाएंगे। मगर क्या उनके उचित क्रियान्वयन के लिए, ईमानदार और कर्मठ लोग प्रयोगशालाओं में बनाए जाएंगे? क्या नया, कड़ा कानून बनाने वाले लोग, देश और समाज से प्यार करने वाले होंगे?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे।

**वृषभ**
आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**कर्क**
दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप आज कोई फैसला बहुत ही समझदारी से ले। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कामों में अच्छे सफलता हासिल होगी। आप किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। सेहत आपकी नरम गरम रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। अपने आसपास में हो रहे वाद-विवाद से दूरी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**कुंभ**
दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपके रिश्तेदारों से आपका किसी बात को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है।

**मीन**
आज आपके मन में कुछ संशय रहने के कारण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई डील भी फाइनल होते-होते लटक सकती हैं।

# नेता नहीं बल्कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं चुनाव जितने का आधार : अमित शाह

## राहुल गांधी, लालू और तेजस्वी पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के मैदान में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। सम्मेलन में श्री साह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर तीखा हमला किया। श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि चुनाव जीतने का आधार नेता नहीं, बल्कि बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले चुनाव में दो-तिहाई बहुमत से नरेंद्र मोदी को फिर से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले 24 वर्षों से राज्य और देश की सेवा कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी छुट्टी नहीं ली। बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता गर्मी बढ़ते ही विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं। हाल की राहुल गांधी की यात्रा को उन्होंने घुसपैठियों को बचाने की यात्रा करार दिया और आरोप लगाया कि राहुल और लालू यादव का वोट बैंक घुसपैठियों पर आधारित है। गृह मंत्री ने दावा किया कि इस बार का चुनावी नतीजा इतना प्रचंड होगा कि तेजस्वी यादव अगली बार चुनाव लड़ने की हिम्मत भी नहीं कर पाएंगे। अमित शाह ने धारा 370 हटाने को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर को सदा के लिए भारत से जोड़ दिया है। साथ ही गरीबों के उत्थान, महिलाओं, युवाओं और वृद्धों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने विपक्षी इंडी गठबंधन पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि आरक्षण खत्म करने की अफवाह फैलाई गई। जबकि किसी का आरक्षण आज तक खत्म नहीं किया गया। बेगूसराय और आसपास के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि हल्दिया एक्सप्रेसवे और कोलकाता एक्सप्रेसवे मुंगेर प्रमंडल से होकर गुजरेगा। गंगा नदी पर सिक्स लेन ब्रिज और राजेंद्र सेतु के जीर्णोद्धार का काम भी मोदी सरकार की उपलब्धि है। वहीं चुनावी मौसम में भाजपा ने आम सभा के बजाय कार्यकर्ता सम्मेलन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मंचासीन थे।

## आइबीएम बेला में बीबीए एवं एमबीए का सत्र प्रारंभ

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट बेला दरभंगा में 18 सितंबर को दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि आर एन चौरसिया ने शिक्षा एवं प्रबंध के विभिन्न पहलुओं पर अपना विचार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम के साथ ही एमबीए सर्दी 2025-27 एवं 2025 -28का वर्ग प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक तो डाक्टर अजित कुमार सिंह ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। जिस में सफल होने के लिए प्रबंधन के छात्रों को विभिन्न विषयों का सैद्धांतिक ज्ञान तथा इसका प्रयोग अपने प्रबंधकीय जीवन में करने का कौशल भी होना चाहिए ।कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत डॉक्टर सुर्यकंात परिचयात्मक संबोधन डाक्टर एएनझा तथा धन्यवाद ज्ञापन बी के झा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पूजा झा ने की।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नवटोलिया मोड़ के पास दो बाइक के आमने सामने की टक्कर में एक पांच वर्षीय युवक बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वीरपुर भेज दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल युवक अपने परिजनों के साथ मोहनपुर की तरफ से वीरपुर की ओर जा रहा था वहीं दूसरी तरफ एक बाइक पर सवार दो युवक वीरपुर से मोहनपुर तरफ तेज रफ्तार से जा रहा था जो अनियंत्रित होकर जोरदार टक्टर मारते हुए भाग निकला। वहीं इसकी जानकारी देते हुए वीरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी ने बताया कि जख्मी युवक का पहचान तेघड़ा थाना क्षेत्र के आलापुर गांव निवासी अजय साह के पांच वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में की गई है इसके साथ इसकी मां और एक परिजन भी थे। सड़क दुर्घटना में बच्चे के दाहिने पैर पूरी तरह से क्षत विक्षत हो गई थी जिसको प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेगुसराय भेज दिया गया है।

### स्कूलों में पोषण माह का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसमें जिसमें प्रत्येक सप्ताह कई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसमें मोटापा पर नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, शिशु एवं बालहार पुरूष सहभागिता जो प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा स्थानीय वस्तुओं के लिए जन जागरण सहयोगी गतिविधियों एवं डिजिटल कारण प्रत्येक शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एमडीएम बी आर पी मो दाऊद ने दी। समुदाय को गतिविधियों में जोड़कर उन्हें जागरूक किया जाएगा। सभी प्रधान संचालित गतिविधि का फोटो और वीडियो कार्यालय में संधारित रखेंगे।

### पोखर में डूबकर मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहसारा पश्चिमी पंचायत के पजरोही पोखर में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना बुधवार की शाम की है। मृतक पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 06 के 63 वर्षीय उमाकांत सिंह है। मृतक का अनुज, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी के पति श्याम नंदन सिंह ने बताया कि ररिऔना स्थित डेरा से गाय दूहने के बाद दूध लेकर साइकिल से घर की ओर रवाना हुए। बरसा होने के बाद सड़क फिसलन वाली हो गई थी। घर से आधा किलोमीटर पूरब मजरोही पोखर के करीब फिसल कर पानी में चले गए और उसमें डूब कर दम तोड़ दिया। इसकी सूचना उन्हें गुरूवार की सुबह उस समय मिली जब डेरा जाने वाले राहगीरों ने उन्हें पोखर में उपलाते हुए देखा। सूचना पाकर उनके पार्थिव शरीर को उठा कर पहसारा स्थित आवास पर लाया गया। मृतक सात भाइयों में चौथे नंबर पर थे। घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। घटना की सूचना पाकर पुलिस दलबल के साथ पहुँच कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

### विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विधुत उप केंद्र गोसाई पोखर, जाखड़ पावर हाउस, बल्लीपुर, बंधार, करियन और अन्य क्षेत्रों में विश्वकर्मा पूजा हर्षोल्लास और विधिवत मनाई गई। सरकारी विभागों, उपकेंद्रों, निजी प्रतिष्ठानों एवं वाहन मालिकों ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। गोसाई पोखर विद्युत उपकेंद्र और जाखड़ उपकेंद्र में विशेष रूप से पूजा का आयोजन किया गया, जहां भगवान निर्माण के देवता विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा कराई गई। मौके पर बिजली विभाग के जेई आकाश वर्मा, समेत कई कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूजा पंडालों को सुंदर सजावट से सजाया गया था, जहां भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बल्लीपुर पंचायत के स्थल चौक के समीप मुरली मनोहर मंदिर में नई-नई गाड़ियों की पूजा के लिए लोगों की लंबी कतारें दिनभर लगी रहीं। पंडित दुखहरन झा उर्फ फलाहारी बाबा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। निजी वाहन मालिकों ने अपने वाहनों को साफ-सुथरा कर उन्हें दुल्हन की तरह सजाया और पूरे भक्ति भाव से पूजा की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन, जागरण और पारंपरिक गीतों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कई गांवों और मोहल्लों में गायक मंडलियों द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वहीं हथौड़ी थाना और शिवाजीनगर थाना परिसर में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन विधिवत किया गया, जहां थाने के कर्मियों ने पूरी आस्था से भाग लिया।

## ठाकुर अनुकूलचंद्र की 138वीं जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के कचहरी रोड स्थित सत्संग भवन बेगूसराय बुधवार को वेद मांगलिकी से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात उषा कीर्तन और समवेत उषा प्रार्थना से वातावरण भक्ति मय हो उठा। इस पावन दिवस में मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें ड बी के तिवारी, ड ओपी गुप्ता, ड रोहित एवं ड दीपशिखा मौजूद रही। इस कैम्प में आज सैकड़ों लोगों का मेडिकल जाँच, परामर्श के साथ ही मुफ्त में दबाई भी दिया गया।अपराह्न 2 बजे से मातृ सम्मलेन और 4 बजे से सत्संग सह नाम संकीर्तन का आयोजन आरंभ हुआ ।सत्संग में वक्ता एवं सत्संग विहार बेगूसराय के इनचार्ज श्रद्धेय नरेश कुमार सिंह ने बताया कि श्री श्री ठाकुर ने कहा है कि सद्गुरु शरणपन्न हो,सतनाम मनन करो, सत्संग का आश्रय ग्रह्ण करो। मैं निश्चय कहता हूँ कि तुम्हें अपने उन्नयन के लिए अब और सोचना नहीं पड़ेगा। भक्ति भाव रंजित सत्संग भजन को श्रीश्री ठाकुरजी के चरणों में समर्पित किया गया। सत्संग उपरांत सामुहिक भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रह्ण किया। इस उत्सव में रणवीर सिंह,सुधीर कुमार, जयनारायण ठाकुर,अभिनव चौधरी, विद्यानंद पोद्दार,बीरेन्द्र प्रसाद, घनश्याम कुमार, निरंजन शर्मा, गोविन्द कुमार, अभिषेक कुमार, गौतम कुमार एवं समस्त

## स्वच्छता ही सेवा एवं पोषण माह का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कारगिल भवन प्रांगण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के पावन अवसर पर बुधवार को देशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान तथा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ सांसद गिरिराज सिंह के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन किया।इस अभियान को स्वच्छता ही सेवा के संकल्प के साथ जोड़ते हुए, महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। जिले में 7,500 से अधिक



स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य स्वस्थ नारी के माध्यम से सशक्त परिवार और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल माताओं-बहनों को आर्थिक एवं स्वास्थ्य रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अभियान के तहत देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। जहां उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, क्षय रोग, कुष्ठ, एनीमिया, सिकल सेल रोग जैसी बीमारियों की प्रारंभिक जांच एवं उपचार किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल, किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र, पोषण परामर्श एवं वेलनेस सत्र भी शामिल हैं। साथ ही स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान कैंप एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां चलाई जाएंगी। इस अवसर पर विधायक राजकुमार सिंह, कुंदन सिंह, विधान परिषद सर्वेश कुमार, मेयर पिंकी देवी उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त एवं सिविल सर्जन ने भी उपस्थित थे।

## रोजगार क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही सरकार : डा. प्रवीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावंदपुर।** चेरियाबरियारपुर विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। जिससे युवाओं का भरोसा सरकार पर लगातार मजबूत हुआ है। डा. प्रवीण ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की उपलब्धियों और रोजगारपरक योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना जरूरी है ताकि जनता को समझाया जा सके कि नीतीश सरकार ने विकास और युवाओं के भविष्य को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आज बिहार का युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका श्रेय एनडीए सरकार को जाता है। सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारे लगाए और कहा कि अबकी बार चेरियाबरियारपुर विधानसभा में वे डा. कुमार को देखना चाहते हैं। इस पर डा. प्रवीण ने भावुक अंदाज में कहा आपका सहयोग मिलेगा तो जरूर आना ही पड़ेगा। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डा. कुमार ने पूरे विधानसभा क्षेत्र का माहौल बदल दिया है।

## जीविका दीदी ने बैंक में जड़ा ताला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित युको बैंक पर जीविका दीदी ने बैंक कर्मी के मनमानी के विरुद्ध हो हंगामा करते हुए गुरुवार को ताला जड़ दिया। जिससे करीब दो घंटे तक बैंक में अफरा तफरी मची रही और कार्य बाधित रहा। जीविका सीएम पिंकी कुमारी, रीता कुमारी, सुचिता कुमारी, जीविका दीदी की अध्यक्ष लीना कुमारी ने बताया कि कर्मी ने केवाईसी बैंक से बाहर करवाने, पेपर को काउंटर से बाहर फेक देना, फाड़ देना, नया खाता खुलवाने के लिए लोगों को महीनों भर बैंक में चक्कर लगाना, जमा, निकासी फार्म को छुपा कर रखना और संध्या 3 बजे के बाद जमा, निकासी के लिए ग्राहक को लौटा देना आम बात हो गई है। जबकि नियम के अनुसार 4 बजे तक लाईन लगे ग्राहक को लौटाना नहीं है। इस संबध में प्रभारी बैंक प्रबधंक अमर दीप नायक ने बताया है कि बराबर सभी कर्मचारियों को समझाते हैं कि ग्राहक से अच्छा व्यवहार करें। फिर भी एक महीनों मे करीब 70 लाख रूपये का लोन के रूप में मुहैया किया है। बैंक कैशियर कुमारी सिमी के विरुद्ध लिखित आवेदन जोनल कार्यालय बेगुसराय को दिया गया है। वहीं सहायक प्रभारी मयंक कुमार ने बताया है कि 70 से 75 हजार खाता धारक हैं। स्टाप की कमी रहने के कारण भीड़ बढ जाती है। केन्द्र सरकार की योजना द्वारा जीविका दीदी के लिए 10 हजार रुपए दिये जाने वाली राशि के लिए काफी भीड़ हो जाती है। इस संबंध में जोनल कार्यालय बेगुसराय से लिखित रूप में कर्मचारी की संख्या बढाने की मांग की गयी है। मौके पर थाना के पु,अ नि अजय कुमार यादव ने पहुंच कर जीविका दीदी को समझा बुझा कर मामला को शांत किया।

## मंडल कारा में आइएमए का निःशुल्क शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) एवं जेल प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंडल कारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कैदियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक, आईएमए सचिव एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार सिंह, फिजीशियन एवं डायबेटोलजिस्ट डा. राहुल कुमार, आर्थोपेडिक सर्जन डा. रोहित कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डा. कमलेश, स्त्री एवं




प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. श्वेता तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मनोज कुमार सिन्हा ने आईएमए के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने कम समय में शिविर का आयोजन होना उल्लेखनीय है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी आईएमए इसी प्रकार सहयोग करता रहेगा। आईएमए सचिव डा. सिंह ने कहा कि जेल और वहाँ रह रहे कैदी भी समाज का ही हिस्सा हैं। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आईएमए समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहा है। और आगे भी करता रहेगा। वहीं डा. राहुल कुमार ने बताया कि कैदियों में नेत्र एवं त्वचा रोग अधिक पाए जाते हैं। जो जेल के वातावरण के कारण सामान्यत देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आईएमए नेत्र, त्वचा एवं मानसिक रोग विशेषज्ञों के साथ मिलकर एक और शिविर आयोजित करेगा।शिविर में लगभग 250 कैदियों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया।

## हिन्दी पखवाड़ा पर राजभाषा वेबिनार का आयोजन

**बेगूसराय (नबिटा संवाददाता)।** बरौनी रिफाइनरी द्वारा बुधवार को .त्रिम बुद्धिमता दौर में राजभाषा हिंदी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यशाला के लिए बाह्य संकाय के रूप में बालेंदु शर्मा दाधीच, यूनिवर्सल एम्बेसडर, आइकैन थे। जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित हिंदी विद्वान हैं। वेबिनार का उद्घाटन सत्य प्रकाश, रिफाइनरी प्रमुख ने किया। रिफाइनरी प्रमुख श्री प्रकाश ने अपने संबोधन में इस वेबिनार से जुड़े सभी का स्वागत किया और कहा कि वेबिनार हमारे लिए केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं। बल्कि हमारी मातृभाषा, हमारी पहचान हिंदी के प्रति हमारे समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वेबिनार में संजय रायजादा, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) भास्कर हाजरिका, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), बरौनी रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बरौनी नराकास के सदस्य उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**बिड सं. : जीईएम/2024/बी/6682034** **दिनांक 18.09.2025**

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,** काँचरापाड़ा वर्कशॉप रेलवे अस्पताल, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145, काँचरापाड़ा द्वारा अनुबंधित आधार पर "मेडिकल स्टाफ (नर्सिंग अधीक्षक-08 अदद, फार्मासिस्ट जीआर.III-04 अदद, लैब असिस्टेंट जीआर.II-02 अदद, ड्रेसर जीआर.III/ओटीए जीआर.III-04 अदद, एच एंड एमआई-02 अदद, एचए-40 अदद" को पारिश्रमिक पर लिए जाने के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **बयाना राशि जमा (ईएमडी) :** रु. 6,03,175/-, **ईपीबीजी :** पी.ओ. मूल्य का 5%, **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु.3,01,58,660/-, **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 23.09.2025 को 15.30 बजे। **समापन अवधि:** 1 (एक) वर्ष 02 (दो) माह। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे और दरें जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन कोट की जाएंगी एवं ऑनलाइन जमा की जाएंगी। MED-05/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## मिल्लत कॉलेज में सेवा पर्व के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

### राष्ट्रहित को सम्मान देना ही सेवा पर्व का उद्देश्य : परीक्षा नियंत्रक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मिथिला वन प्रमंडल के तत्वावधान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाये जाने वाले 'सेवा पर्व' के अंतर्गत मिल्लत महाविद्यालय, दरभंगा के प्रांगण में बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मिथिला वन प्रमंडल, दरभंगा के बीट पदाधिकारी काजल कुमारी के नेतृत्व में रुबी कुमारी,अनुराग रंजन,विकास कुमार आदि ने भाग लिया। उक्त अवसर पर ललित नारायण मिथिला



विश्वविद्यालय, के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर इंसान अली उपस्थित थै। उन्होने कहा कि 'सेवा पर्व' 2025 का उद्देश्य राष्ट्र हित की सोच को सम्मान देना और लोगों को कई तरह की समाजोपयोगी गतिविधियों और सेवा भाव से जुड़े कार्यों से जोड़ना हैं। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों से पर्यावरण संतुलन को स्थिर रखा जा सकता है जो मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है।इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉक्टर कीर्ति चौरसिया, डॉक्टर शाहनवाज आलम, डॉक्टर अब्दुस सलाम जिलानी एन.सी.सी, सी टी ओ डॉ विजय शंकर पंडित, सहायक साजिद इकबाल उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में एन0सी0सी के कैडेट्स और एन0एस0एस स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ कर भाग लिया गया ।

## स्वस्थ नारी सशक्त अभियान का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्र चकमुजफ्फर, छतौना तथा टेकनपुरा में बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त अभियान का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अभियान का उद्घाटन बीएच एम आनंद ईश्वर,मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, सीएचओ विक्रांत कुमार, सूर्य भूषण कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। श्री ईश्वर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर इस अभियान की शुरूआत की गई है। स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार की परिकल्पना संभव है। श्री पमपम ने कहा कि यह अभियान महिलाओं, किशोरियों तथा कुपोषित बच्चों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इसके तहत सपूर्ण जांच तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र पर आकर समुचित इलाज कराने की अपील की। इस अभियान के तहत 160 व्यक्तियों की जांच कर उपयुक्त दवा तथा परामर्श दिया गया। मौके पर ए एन एम सुजाता कुमारी, दीपा कुमारी, बीएम सी गोपाल शर्मा, बीएमईए संदीप चंद्र, रवि शंकर, आशा धर्म शीला, सुभद्रा, शकुन्तला, बुलंती, मंजू, नीतू आदि मौजूद थे।


**कार्यालय, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू, झारखण्ड**

**ई- निविदा सूचना सं0 01/2025**

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू झारखण्ड में के बाह्य कक्ष/अंतः कक्ष एवं अन्य सभी विभागों तथा आयुश्मान भारत योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले औशधि, रसायन एवं उपचार सामग्रियों/सामाग्री आपूर्ति के दर निर्धारण हेतु पंजीकृत निर्माता/प्रतिश्ठानों/प्राधिकृत एजेसिंयों (जिनका झारखंड राज्य जी0 एस0 टी0 निर्गत हो) से ई-निविदा दिनांक 13/10/2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | औशधि, रसायन एवं उपचार सामग्री के दर निर्धारण हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाईट पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 20.09.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाहन् |
| 2 | ई-निविदा ऑन लाईन भरने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक 13.10.2025 तक, समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | तकनीकि ई-निविदा खुलने की तिथि/समय तथा स्थान | दिनांक 15.10.2025, समय 02:00 बजे अपराहन्, स्थान – अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू झारखण्ड के कार्यालय प्रकोष्ट में। |
| 4 | अग्रधन की राशि | 2,00,000/– ( 2लाख रूपये) यह राशि राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी D/D के द्वारा हस्तांतरित कर सकतें हैं। जो Hospital Management Society, Palamu के नाम से देय होगी। |
| 5 | ई-निविदा परिमाण विपत्र (BOQ) की अप्रत्यपर्णीय राशि | 5000/– (पाँच हजार रूपये) यह राशि राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी D/D के द्वारा हस्तांतरित कर सकतें हैं। जो Hospital Management Society, Palamu के नाम से देय होगी। |
| 9 | निविदा अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि का D/D तथा तकनीकि निविदा से संबंधित सभी कागजातों की (हार्ड कॉपी) को हाथों-हाथ अथवा निबंधित डाक के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि, समय तथा स्थान | दिनांक 14.10.2025 तक, समय : 03:00 बजे अपराहन् तक, स्थान – अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू झारखण्ड के कार्यालय में। |
| Further Details can be seen on Website http:jharkhandtenders.gov.in | | |

उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि को ई-निविदा के तकनीकि भाग को खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकतें हैं। ई-निविदाओं के तकनीकि मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय भाग खोला जायगा।

पत्रांक .................... दिनांक ...............................

**अधीक्षक,**
**मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल**
**पलामू झारखण्ड**

PR 362193 (District)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों हो सकते हैं प्रत्याशी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव के आहट मिलते ही नेताओं की दौड़ा गांव के गलियारों में खुब देखने को मिल रही है वैसे तो यह क्षेत्र रक्सौल विधानसभा है जहां अभी से नेताओं के दौरा जारी है,जीत हार का सवाल नहीं,पर भाजपा को कैसे हटाएं सवाल यह है, भाजपा की सीट है प्रत्याशी को लेकर लोगों में उहापोह की स्थिति है,इसी के फायदा लेने के मंसुबे पर भाजपा के दावेदारी में इंजिनियर जितेंद्र कुमार कुशवाहा जी जान एक कर लगे हुए हैं वही दुसरी ओर कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार के तौर पर चौक चौराहों पर पोस्टर लगाकर उम्मीदवारी जता रहे हैं कांग्रेस से पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद,राजकुमार सिंह, अखिलेश दयाल, सरोज प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, डॉक्टर गौतम, आरजेडी से सुरेश यादव, रामबाबू यादव,बिजय यादव, सन्तोष जायसवाल, रवि मस्कारा,जन सुराज पार्टी से पुर्णिमा भारती, शेषांक शेखर, प्रदीप कुमार उर्फ गौतम तिवारी इंजिनियर सुजित कुमार,भुवन पटेल, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी पारस गुट से बिजुल सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में परमानन्द प्रसाद आ सकते हैं,इन नेताओं के द्वारा क्षेत्र भ्रमण शुरू हो गया है लोगों का प्रतिक्रिया चौक चौराहों या चाय की दुकानों पर चर्चा जारी है।

### एसएसबी ने नाबालिग सहित युवक को पकड़ा

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से एसएसबी ने एक नाबालिक लड़कीं सहित एक युवक को हिरासत में लिया है. दोनो नेपाल से लौट रहा था जिसे पिलर संख्या 356 लक्ष्मीनिया टोला के समीप से हिरासत में लिया है. एसएसबी के अनुसार उक्त नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर लाया जा रहा था.हालांकि दोनों भारतीय बताये जा रहे है.हिरासत में लिया गया युवती सारण जिला की निवासी है. जबकि पकड़ा गया युवक ढाका थाना क्षेत्र के कुशवंशी नगर वार्ड नम्बर तीन निवासी सिपाही प्रसाद का पुत्र दीपेंद्र कुमार है.एसएसबी के अनुसार दोनो को आवश्यक प्रक्रिया के बाद झरौखर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

### केक काटकर पीएम मोदी का मनाया जन्मदिन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रखंड के लालबेगिया चौक पर भाजपा संगठन जिला ढाका के जिला मंत्री जयराम प्रसाद निषाद की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन मनाया गया। श्री निषाद एवं कार्यक्रम के संयोजक भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बुधवार को भाजपा कार्यकताओं द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने केक काटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की गई। इस दौरान केक तथा जलेबी बांटकर सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया। जिसके बाद एनडीए सरकार की उपलब्धि का पत्रक लोगों के बीच वितरित किया गया। मौके पर चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता, भाजपा के पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, सरपंच विनोद सहनी, जदयू नेता कृष कुमार जायसवाल, हरदेव सहनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### एसडीएम ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने गुरूवार को चुनाव के दौरान डिस्पैच सेंटर बनाये जाने को लेकर कृषि बाजार समिति स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने ईवीएम के भंडारण, सीलिंग, कमीशनिंग,और वितरण की तैयारियों की समीक्षा अधिकारियो से की। इसके साथ एसडीएम ने चुनाव कर्मियों की ब्रीफिंग और पोलिंग पार्टियों के योगदान की व्यवस्था की भी जांच की। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि डिस्पैच सेंटर से नरकटियागंज विधानसभा के 326 और सिकटा विधानसभा के 343 बूथों के लिए मतदान सामग्री का वितरण होगा। इसी को लेकर निरीक्षण किया गया है। चुनाव को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए उपस्थित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है ताकि चुनाव प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। इस मौके पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह, नप ईओ उपेंद्र कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार राम कृष्ण कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नहाने के दौरान झिकेरि नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से युवक के शव को गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे झिकेरि नदी से बरामद किया गया।घटना बुधवार की दोपहर लौकरिया थाना क्षेत्र के भड़छी पंचायत की है। मृत युवक की पहचान शैलेश कुमार (20 वर्ष) के रूप में हुई है। काफी मशक्त के बाद गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे युवक के शव को नदी से बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### धूमधाम से की गई देव शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रो में ब्रह्मांड के शिल्पकार बाबा विश्वकर्मा की पूजा हर्षोल्लास के साथ की गई। कल कारखानों समेत छोटे बड़े गैराजो के साथ साथ कल पुर्जे की दुकानो में औजारों, मशीनों और दुकानों में विधि विधान के साथ की पूजा अर्चना की गयी।आचार्य मधुसूदन चतुवेर्दी ने बताया कि हिन्दू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का निर्माणकर्ता और शिल्पकार माना जाता है।सृष्टि की रचना में भी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का योगदान रहा है।ऐसे में लोग कारोबार में बढ़ोतरी को लेकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते है।चीनी मिल, विद्युत पावर ग्रीड में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई।वाहन रखने वालों ने अपने अपने वाहनों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा को याद किया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 को बेतिया में

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 को बेतिया आएंगे। वे नगर के प्रेक्षागृह में एनडीए के कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। उनका कार्यक्रम दिन के 11.30 बजे संभावित है। इसके पूर्व वे वाल्मीकिनगर जाएंगे। जिला जदयू अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि वे पटना से हेलिकाप्टर से सीधे वाल्मीकिनगर जाएंगे। वाल्मीकिनगर में 23 को ही कार्यक्रम निर्धारित है, इसके बाद वे बेतिया आएंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। गुरुवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिले के आला अधिकारियों के साथ तैयारी का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। पश्चिम चंपारण जिले में प्रगति यात्रा के दौरान वाल्मीकिनगर में लव कुश पार्क, दोन कैनाल पर पक्की सड़क निर्माण, बेतिया के महाराजा स्टेडियम को हाईटेक स्टेडियम का दर्जा दिलाने, बरवत सेना जीएमसीएच होते हुए पथरी घाट तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण सहित दस योजनाओं की घोषणा की थी। इनमें अधिकांश योजनाओं के मामले में निर्माण एजेंसी से एग्रीमेंट भी कराया जा चुका है। जबकि कईयों पर कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

### मोहित बने दिल्ली हाईकोर्ट में सीनियर पैनल काउंसिल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के आर्दश कालोनी निवासी संजीव रंजन वर्मा के पुत्र मोहित राज दिल्ली उच्च न्यायालयक के सीनियर पैनल काउंसिल बनाये गये है। यह नियुक्ति भारत सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर की गयी है। इनके सीनियर पैनल काउंसिल बनने से यहां के स्थानीय लोगो में हर्ष है। विदित हो कि श्री राज ने दसवीं तक की शिक्षा संत जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल से वर्ष 2009 में प्राप्त की है। उसके बाद कॉमर्स कॉलेज पटना से बीकॉम ऑनर्स की डिग्री 2014 में प्राप्त की। दिल्ली विश्वविद्यालय से वर्ष 2017 में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की और इस समय से दिल्ली के जिला अदालतों और उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के तौर पर कार्यरत हैं। भारत सरकार द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में सीनियर पैनल काउंसिल की नियुक्ति हुई है।

### नीलाम पत्र वाद में गिरफ्तारी वारंट जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूमि निबंधन प्रक्रिया के दौरान सरकारी राजस्व की चोरी करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। निबंधन विभाग की ओर से दायर नीलाम पत्र वाद में नीलाम पत्र पदाधिकारी ने आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करना आरंभ किया है। अभी फिलहाल 17 लोगो के विरुद्ध गिरफ्तारी वांरट जारी हुआ है। जिसमें दो महिलांए भी शामिल है।जानकारों के अनुसार जिले में निबंधन विभाग को शिकायत मिली थी कि भूमि निबंधन के दौरान स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में हेराफेरी कर सरकारी राजस्व को चूना लगाया गया है।

# किसानों के लिए किसान सम्मान निधि उनके आत्मबल का साधन : राधा मोहन सिंह

## कृषि विज्ञान केंद्र में राज्यपाल ने तीन दिवसीय कृषि मेला का उद्घाटन किया



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो** पिपरा कोठी कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय कृषि मेला का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाजशास्त्र के मौलिक सिद्धांतों में हर प्रकार के तुलनात्मक अध्ययन एवं उनकी गहन समीक्षा निहित है, ताकि हम यह सिद्ध कर सकें की समाज के लिए बेहतर या ज्यादा उपयोगी कौन है या क्या है? यह हमें बेहतर निर्णय लेने एवं सकारात्मक सुधारों की संभावनाओं को समझने में भी मदद कर सकता है। यह दस्तावेज यूपीए एवं एनडीए सरकारों के दौरान कृषि क्षेत्र के लिए गए निर्णयों एवं किये गए कार्यों की विवेचना एवं उनके तुलनात्मक अध्ययन को प्रस्तुत करता है। यह अध्ययन नीतिगत निर्णयों, निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्षित समूह तक उनकी पहुँच पर केन्द्रित है। मेरा मानना है कि गत दो दशकों में भारतीय कृषि क्षेत्र में यूपीए और एनडीए सरकारों के अंतर्गत दो भिन्न दृष्टिकोण देखने को मिले हैं। यूपीए के दौरान कृषि क्षेत्र की समग्रता, किसानों के आय को बढाने, कृषि कार्य में लागत मूल्य को करने और उसमें नवाचार तथा प्रौद्योगिकी के प्रयोग से सम्बंधित विषयों को लेकर कोई समझ नहीं थी जबकि एनडीए सरकार ने समग्रता के भाव से योजनाओं का निर्माण किया है एवं बर्ड आई व्यू से उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया गया।

## आधुनिक भारत के शिल्पकार नरेंद्र मोदी : राधामोहन सिंह

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चरखा पार्क में बुधवार की संध्या सांसद सह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। नमो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा इस जगत के शिल्पी हैं और हमारे प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं। उनके जन्म दिवस के अवसर पर देशव्यापी सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की गई है। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस सेवा पखवाड़ा में विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में अपनी सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, पवन राज, डॉ. लालबाबू प्रसाद, वरूण सिंह, सुधांशु रंजन, गुलरेज शहजाद, सुधीर गुप्ता, प्रवक्ता संजीव सिंह, सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा, सह कोषाध्यक्ष पप्पू पाण्डेय, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अतुल कुमार, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल वर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अरुण कुमार, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक सुदीप कुमार, निगम पार्षद धीरज जायसवाल, रोचक झा, संजू कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## पूर्वी चम्पारण में 29.77 करोड़ रुपये की लागत से पथ निर्माण को मिली स्वीकृति : सम्राट चौधरी

**मोतिहारी(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को बताया कि पूर्वी चम्पारण में, जिला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज मोतिहारी से फायरिंग रेंज के पीछे होते हुए धनौती नदी के लेफ्ट बैंक पर मजुराहा में बन रहे उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के पहुंच पथ तक पथ निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना पर 29 करोड़ 77 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सड़क परियोजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पथ निर्माण निगम करेगा। दो वित्तीय वर्ष 2025--27 में यह कार्य संपन्न होगा। मुख्य अभियंता (अनुश्रवण) पथ निर्माण विभाग और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अधिकारी इस परियोजना के प्रगति की मासिक समीक्षा करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर स्वच्छता किट का वितरण



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्मदिन के अवसर पर देशभर में अलग-अलग सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में बुधवार को मोतिहारी के शिक्षाविद एवं उद्योगपति यमुना सिकरिया ने भी विशेष पहल करते हुए शहर के विभिन्न विद्यालयों और मोहल्ले में स्वच्छता किट का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के पंच मंदिर चौक स्थित मध्य विद्यालय के छात्राओं के बीच वितरण कर किया गया। इसके अलावे कन्या विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय पकड़ी बाजार,जीपीएस विद्यालय चिकपट्टी,राजकीय मध्य विद्यालय तेलिया पट्टी, राजकीय मध्य विद्यालय नकछेद टोला, रानी सती मंदिर,अवधेश चौक, दरोगा टोला, दालपट्टी हेनरी बाजार में स्वच्छता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबंध करते हुए यमुना शिकारिया ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार देश की बागडोर संभाले तो उनका पहला और सबसे बड़ा अभियान स्वच्छ भारत मिशन था । उस अभियान ने देश की तस्वीर बदलने का काम किया । आज स्वच्छता को लेकर लोग अधिक जागरूक हुए हैं । उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल सरकारी योजनाएं नहीं है बल्कि हर नागरिक की जिम्मेवारी है । प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वच्छता किट का वितरण करना उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना मेरा एक छोटा प्रयास है। बतादे कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सार्थक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान पूरे देश में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है मोतिहारी में यह कार्यक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। मौके पर गांधी स्मारक के उपाध्यक्ष चंद्र भूषण पांडे, वार्ड पार्षद धीरज जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## जीविका सामुदायिक उत्प्रेरक तीन निलंबित, एक की जांच

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर महिला के खाते में आयेंगे दस हजार की राशि वाली योजना में जीविका कार्यालय में भारी भीड़ लगना शुरू हो गया है, बिहार सरकार के ऐलान के बाद से महिलाओं में जिविका द्वारा चलाए गए गोलिया कमिटी से जुड़ने के लिए आफिस के चक्कर काट रहे हैं क्योंकि दस हजार रुपए की राशि पहले उन्हीं लोगों को मिलेगी जो पहले से गोलिया की सदस्य हैं, उक्त बातें आदापुर प्रखंड के परियोजना पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया की प्रखंड मे एक सौ नवासी सामुदायिक उत्प्रेरक कार्यरत हैं इक्कीस सौ गोलिया चलती है, इसके बाइस हजार सदस्य हैं जिसमें अभी तक बारह हजार के करीब आवेदन पड़ चुका है, लोगो के द्वारा शिकायत मिली कि कुछ सीएम के द्वारा दस हजार रुपए की रकम दिलाने के नाम पर दो,दो हजार की रकम वसूल की जा रही है, पत्रकारों से बातचीत के दौरान कुमार ने बताया कि अनियमितता व लापरवाही, भ्रष्टाचार मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी, प्रखण्ड के तीन चिन्हित सामुदायिक उत्प्रेरक को पद से मुक्त कर दिया गया है,जो भवानीपुर के नजमा खातून,जुलेखा खातुन सिरिसिया,मनीषा कुमारी लक्ष्मी पुर पोखरिया के है,एक के खिलाफ जांच पड़ताल की जा रही है।

## डीएलसीसी व डीएलआरएसी की हुई समीक्षात्मक बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधा कृष्णन भवन सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलसीसी व डीएलआरएसी) की प्रथम तिमाही (2025-26) की बैठक अपर समाहर्ता (पीजीआरओ) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि, एमएलसी प्रतिनिधि, जीप अध्यक्ष ममता राय, एलडीओ आरबीआई, महाप्रबंधक, एसडीसी बैंकींग, जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, सेन्ट आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार सिंह सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक शामिल रहे। इस बैठक में जिला संबंधित पदाधिकारियों व बैंक प्रबंधकों के साथ सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। वार्षिक ऋण योजना की प्रथम तिमाही की उपलब्धि , ऋण-जमा अनुपात, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, जिला साख योजना उपलब्धि, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, पीएमएसवीए निधि, महिला स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, गव्य विकास योजना अन्तर्गत बैंकों में लंबित आवेदन, सेन्ट आरसेटी के कार्य उपलब्धि व बचत खाता, मुद्रा ऋण और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई क्लेम सेटलमेंट सहित अन्य की भी समीक्षा की।

**Affidavit**

I, Neeshant s/o Arun Bihari Srivastava R/o 209, Patliputra Colony, Road No.02, PS-Patliputra, Patna -800013, Bihar do hereby solemnly affirm and declare that I have passed 10th ICSE board exam from Don Bosco Academy, Patna in the year 1990 having Index no. T390/114, roll no. 1963 and registration no. 1779. That the said passing examination certificate was lost. Hence this affidavit no.06 dated 17.9.25 is produced.

बिहार सरकार

**प्रपत्र–VII**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

**समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता–सह समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

(अधिनियम 30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना उत्तर कोयल जलाशय निर्माण हेतु मौजा– लोहरा, थाना नं0–721, जकड़िया, थाना नं0–718, एवं ओड़ियाचक, थाना नं0–717, अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद में कुल 8.6940 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड, जो मानक माप से कमोवेश 8.6940 एकड़ है और जो मौजा– लोहरा, थाना नं0–721, जकड़िया, थाना नं0–718, एवं ओड़ियाचक, थाना नं0–717, अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद में है। जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित हैः–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| मौजा–लोहरा, थाना संख्या–721 अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | | | | | | | | | | |
| 1 | 353 | 2 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.0600 | गैरमजरूआ आम | सीमान जकरिया | 3 | नीज | नीज |
| 2 | 342 | 3 | रैयती | भीठ | 1.4350 | भोला यादव, पिता– सुखाड़ी यादव वो धनंजय यादव वो पिता– स्व0 बुल्लू यादव वो भुनेश्वर यादव वगैरह पिता– तपेश्वर यादव वो लालचंद यादव वगैरह, पिता– रामरतन यादव वो सुखाड़ी यादव वो द्वारिका यादव, पिता– चिंतावन यादव, सा0– शेखपुरा | 2 | 4,5 | नीज, 4 | नीज |
| 3 | 342 | 4 | रैयती | धनहर | 0.1300 | भोला यादव, पिता– सुखाड़ी यादव वो धनंजय यादव वो पिता– स्व0 बुल्लू यादव राजेन्द्र यादव, वगै0 पिता–जगदेव यादव,वो द्वारिका यादव, पिता– चिंतावन यादव, सा0–शेखपुरा | नीज | 5 | नीज, | 3 |
| 4 | 341 | 5 | बकाश्त खरीदार | भीठ | 0.4350 | बकाश्त खरीदार | 3,4 | 6,9 | नीज, 6 | नीज |
| 5 | 341 | 6 | बकाश्त खरीदार | धनहर | 0.1600 | बकाश्त खरीदार | 5 | 8 | 13 | 8 |
| 6 | 342 | 9 | रैयती | भीठ | 0.0200 | रामपति यादव वो रामस्वरूप यादव वो रामाशिष यादव, पिता– नागदेव यादव | 5 | नीज | 8 | नीज |
| 7 | 341 | 8 | बकाश्त खरीदार | धनहर | 0.2600 | बकाश्त खरीदार | 6 | नीज | 13 | नीज |
| 8 | 353 | 13 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.1400 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | सीमान बरोरह | 8 |
| 9 | 28 | 649 | रैयती | भीठ | 0.1800 | भुनेश्वर यादव, वलीराम यादव, सत्येन्द्र यादव, सूर्यदेव यादव, सत्यदेव यादव, छोटू यादव पिता–तपेश्वर यादव | नीज | नीज | 650 | 648 |
| 10 | 38 | 650 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.0400 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | सीमान | 649 |
| 11 | 38 | 648 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.1000 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | 649 | सीमान बरोरह |
| कुल | | | | | 2.9600 | | | | | |
| मौजा–जकड़िया, थाना संख्या–718 अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | | | | | | | | | | |
| 12 | 32 | 306 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.0100 | गैरमजरूआ आम | 305 | नीज | 307 | नीज |
| 13 | 29 | 307 | रैयती | भीठ | 0.3300 | सूर्यदेव यादव पिता बेचन यादव चन्द्रदेव यादव पिता स्व0 रामपती यादव वो चन्द्रीका यादव पिता नारायण यादव | 305 | 308 | नीज | नीज |
| 14 | 14 | 308 | रैयती | भीठ | 0.2600 | सूर्यदेव यादव पिता बेचन यादव चन्द्रदेव यादव पिता स्व0 रामपती यादव वो चन्द्रीका यादव पिता नारायण यादव | 307 | 309 | नीज | नीज |
| 15 | 22 | 309 | रैयती | भीठ | 0.2400 | सूर्यदेव यादव पिता–देवचंद यादव सा0–ओड़ियाचक | 308 | 310 | नीज | नीज |
| 16 | 24 | 310 | रैयती | भीठ | 0.2020 | सूदामा यादव पिता तारकेश्वर यादव वो अरविन्द यादव पिता दिनदयाल यादव पिता सार्गिद यादव तालकेश्वर यादव पिता यदु यादव | 309 | 311 | नीज | नीज |
| 17 | 26 | 311 | रैयती | भीठ | 0.1500 | श्री गोप वो युगल यादव वगै0 पिता स्व0 चन्दु यादव | 310 | 312 | नीज | नीज |
| 18 | 24 | 312 | रैयती | भीठ | 0.1800 | भुनेश्वर यादव, पिता– तपेश्वर यादव, लालमुनी देवी, पति– भुनेश्वर यादव | 311 | 313 | नीज | नीज |
| 19 | 4 | 313 | रैयती | भीठ | 0.4900 | महेश यादव वगैरह पिता–विस्मभर यादव प्रमेश्वर यादव पिता–रामबालक यादव नरेश यादव वगैरह पिता–विस्मभर यादव वो विजय यादव वगैरह पिता–प्रमेश्वर यादव | 312 | नीज ,318 | नीज ,318 | नीज |
| 20 | 32 | 315 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.0600 | गैरमजरूआ आम | 317 | सीमान लोहरा | नीज | नीज |
| 21 | 32 | 318 | गैरमजरूआ आम | पिण्ड | 0.1450 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | 317 | 313 |
| 22 | 32 | 305 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.1050 | गैरमजरूआ आम | सीमान, ओड़ियाचक | 307,306 | नीज | सीमान, ओड़ियाचक |
| 23 | 4 | 317 | रैयती | भीठ | 0.2300 | नरेश यादव वगैरह पिता– विस्मभर यादव, प्रमेश्वर यादव, पिता– राम बालक यादव | नीज | 315 | नीज | 318 |
| कुल | | | | | 2.4020 | | | | | |
| मौजा–ओड़ियाचक, थाना संख्या–717 अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | | | | | | | | | | |
| 24 | 16 | 147 | गैरमजरूआ आम | आहर | 0.0540 | गैरमजरूआ आम | सीमान वयानी | 148 | नीज | नीज |
| 25 | 3 | 148 | बकाश्त मालिक | भीठ | 0.4800 | बकाश्त मालिक | 147 | 149 | नीज | नीज |
| 26 | 6 | 149 | रैयती | भीठ | 0.1800 | कामेश्वर यादव, पिता– भजन यादव | 148 | 150 | नीज | नीज |
| 27 | 13 | 150 | रैयती | भीठ | 0.1680 | शत्रुधन यादव वो विनय यादव पिता–स्व0 मोसाफिर यादव | 149 | 151 | नीज | नीज |
| 28 | 16 | 151 | गैरमजरूआ आम | आहर | 0.0600 | गैरमजरूआ आम | 150 | 155 | नीज | नीज |
| 29 | 9 | 154 | रैयती | भीठ | 0.1200 | अखलेश यादव, योगेश यादव पिता–कन्हैया यादव | 155 | 159 | नीज | नीज |
| 30 | 5 | 155 | रैयती | भीठ | 0.1200 | देवनन्दन यादव, जयकिशुन यादव, रामस्वरुप यादव, पिता–जगन यादव | 151 | 154 | नीज | नीज |
| 31 | 5 | 159 | रैयती | भीठ | 0.1080 | देवनन्दन यादव, जयकिशुन यादव, रामस्वरुप यादव, पिता–जगन यादव | 154 | 161 | नीज | नीज |
| 32 | 4 | 161 | रैयती | भीठ | 0.1200 | चमारी यादव, भोला यादव, प्रभु यादव पिता– सिया राम यादव वो सूर्यदेव यादव, पिता– देवचंद यादव वो अवधेश यादव, पिता– राजदेव यादव | 159 | 162 | नीज | नीज |
| 33 | 12 | 162 | रैयती | भीठ | 0.1200 | भुईनी देवी, पति– तालकेश्वर यादव, पिता– बालचंद यादव, मोहन यादव, पिता– विशुनधारी यादव, दिनदयाल यादव वो भुनेश्वर यादव, पिता– सागरित यादव | 161 | 164 | नीज | नीज |
| 34 | 6 | 164 | रैयती | भीठ | 0.1080 | रामलगन यादव वो बासुदेव यादव, पिता– श्री यादव, ब्रहमराज यादव, पिता– स्व0 रामलगन यादव | 162 | 165 | नीज | नीज |
| 35 | 9 | 165 | रैयती | भीठ | 0.1935 | रामरतन यादव, पिता– रामाऔतार यादव, कुन्ति देवी, पति– स्व0 देवनंदन यादव | 164 | 166 | नीज | नीज |
| 36 | 5 | 166 | रैयती | भीठ | 0.2190 | केश्वर यादव, पिता– भजन यादव, रामजी यादव वगैरह, पिता– सत्येन्द्र यादव, सियाचरण यादव, पिता– केश्वर यादव | 165 | 167 | नीज | नीज |
| 37 | 11 | 167 | रैयती | भीठ | 0.1725 | राजेन्द्र यादव वगैरह, पिता– हरिचरण यादव, दिनेश यादव वो सत्येन्द्र यादव, पिता– स्व0 हरिचरण यादव | 166 | 169, 170 | नीज | नीज |
| 38 | 10 | 169 | रैयती | भीठ | 0.0450 | जवाहर यादव, पिता– गुरसहाय यादव, राजेश्वर यादव, पिता– स्व0 रामचन्द्र यादव | 167 | नीज | 170 | नीज |
| 39 | 18 | 170 | रैयती | भीठ | 0.1520 | अमिरवॉ कुवंर, पति– स्व0 सुरेश यादव, रामरतन यादव, पिता– रामावतार यादव | 167 | 172 | नीज | 169 |
| 40 | 17 | 172 | रैयती | भीठ | 0.2880 | भोला यादव, पिता– स्व0 हेमन यादव, कामता यादव, पिता– स्व0 रामराज यादव | 170 | 181 | नीज | नीज |
| 41 | 14 | 181 | रैयती | भीठ | 0.5280 | बासुदेव यादव, पिता– स्व0 श्री यादव | 172 | 182 | नीज | नीज |
| 42 | 16 | 182 | गैरमजरूआ आम | छौर | 0.0960 | गैरमजरूआ आम | 181 | सीमान अबादी खास | नीज | नीज |
| कुल | | | | | 3.3320 | | | | | |
| कुल योग रकवा (एकड़ में) | | | | | 8.6940 | | – | – | – | – |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आपत्तियों के सुनने के और भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं परदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम स० 30/2013) की धारा–15 में प्रदत यथा उपबंधित समयक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत: है :–

–: ''शून्य'' :–

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खादान, लौह–पत्थर, स्लेट, अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खादान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गयी है।

परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाए अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है, को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार निचे दिए गए है :–

–: ''शून्य'' :–

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015185 ( Revenue ) 2025-26

समाहर्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# 15 हजार निर्माण श्रमिकों को वार्षिक वस्त्र सहायता राशि का अंतरण

## सीएम ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल का भी किया शुभारंभ, सरकार अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत 16,04,929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खातों में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना अंतर्गत उत्क्रमित सहायता राशि 5,000 प्रति श्रमिक की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपये का अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। बिहार आज विकास के नए आयाम छू रहा है, जिसमें हमारे श्रमिक भाई-बहनों का अमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए सभी श्रमिकों का निबंधन कर उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाए।



इस दौरान ग्राम प्लेक्स भवन, जहानाबाद से जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में जिले के 46,400 निबंधित श्रमिकों में से अगस्त 2024 के बाद नवीकृत 15,452 श्रमिकों के खातों में 5,000 प्रति श्रमिक की दर से कुल 7 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपये का अंतरण किया गया। इसमें रतनी फरीदपुर प्रखंड से 2075, काको से 2344, जहानाबाद सदर से 2035, मोदनगंज से 909, मखदुमपुर से 3746, हुलासगंज से 1298, घोसी से 1907 तथा नगर परिषद क्षेत्र से 831 श्रमिक सम्मिलित रहे। इस अवसर पर श्रमिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीजी का यह सराहनीय कदम है जिसमें उन्हें साल में एक बार नया वस्त्र पहनने का अवसर देता है तथा निबंधन से बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ भी मिल रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी निबंधित श्रमिकों/कामगारों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार व बच्चों के भविष्य को संवारें।

## विकास मित्रों के साथ बैंकर्स की बैठक, योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड परिसर स्थित सभागार भवन में सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से विकास मित्रों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रकाश ने की, जबकि संचालन पीएनबी के वरीय प्रबंधक धीरज वर्मा ने किया। बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों ने विकास मित्रों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। प्रबंधक ने कहा कि सैलरी अकाउंट के माध्यम से विकास मित्रों को हाउसिंग लोन, पर्सनल लोन, वाहन ऋण, लॉकर सुविधा तथा बीमा योजनाओं में विशेष पैकेज का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सभी विकास मित्रों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रकाश ने बताया कि सरकार विभिन्न स्तरों पर कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी ने की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 मामलों पर विचार किया गया और पांच मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस दौरान सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। साथ ही कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे तीन मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, नाले की उडाही, भुगतान संबंधित इत्यादि अपीलीय मामले है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

## खाद की कालाबाजारी के विरूद्ध ओबरा में प्रतिरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। खाद की कालाबाजारी के विरोध में स्वराज पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने आज बेल मोड़ से प्रतिरोध-मार्च करते हुए ओबरा प्रखंड कार्यालय के पास पहुंचकर जनसभा किया। इस प्रतिरोध-मार्च का नेतृत्व संगठन महामंत्री अरविंद जयसवाल ने किया। वहीं सभा की अध्यक्षता स्वराज पार्टी जिलाध्यक्ष लक्ष्मण यादव एवं संचालन लेबर यूनियन दाउदनगर के अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए किसान प्रकोष्ठ के ओबरा प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार द्वारा खाद की कीमत 266 रूपये प्रति बोरा निर्धारित कर दी गयी है ताकि निर्धारित मूल्य पर किसानों को खाद मिल सके। परंतु सरकारी पदाधिकारियों की मिलीभगत से खाद विक्रेता काफी उच्च दाम करीब 450-500 रूपये प्रति बोरा खाद बेच रहे है। किसान विवश होकर उच्च दाम पर खाद खरीदने को मजबूर है। सभा को लक्ष्मण पासवान, कमल गुप्ता, नीलकमल राम, योगेन्द्र प्रजापति, मिथलेश सिंह, चंदन यादव, शिव पूजन राम, जयनंदन पासवान, स्वराज पार्टी के दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, मनार पंचायत के मुखिया राज कुमार राम सहित अनेक लोगों ने संबोधित करते हुए खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों का लाइसेंस रद्द कर उनके विरूद्ध कानूनी कारवाई एवं कालाबाजारी के जिम्मेदार पदाधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की मांग की।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान 2025 का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण समाज तथा राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे "राष्ट्रीय पोषण माह" के साथ समन्वित रूप से संचालित किया जा रहा है।बुधवार को इस अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल, जहानाबाद में सदर विधायक श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरियां एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



इस विशेष पखवाड़ा के दौरान जिले के कुल 178 स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं एवं किशोरियों को विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य शिविरों में उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, मुख, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग, किशोरियों एवं महिलाओं का एनीमिया जांच एवं परामर्श, शारीरिक कमजोरी एवं यक्ष्मा जांच, अनुसूचित जनजाति वर्ग की विशेष स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सुविधा, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण पर कार्यशालाएं, खाना पकाने के तेल की खपत को 10 प्रतिशत तक कम करने हेतु जागरूकता अभियान तथा पोषण परामर्श एवं स्वास्थ्य सत्र जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 4835 महिलाएं, 1329 पुरुष एवं 331 लाभार्थियों को एचपीवी टीकाकरण की सुविधा प्रदान की गई। इस अभियान में महिलाओं के साथ-साथ महिला जनप्रतिनिधि, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं कन्या विद्यालय की छात्राएं भी स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श से लाभान्वित हो रही हैं। अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

# उत्तर कोयल नहर की मांग पर 250वें दिन भी धरना जारी, तिरंगा लेकर जताया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम में फाटक लगाने और मगध की धरती पर पानी लाने की मांग को लेकर चल रहा धरना गुरुवार को 250वें दिन भी जारी रहा। धरनार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रदर्शन किया और संकल्प व्यक्त किया कि उनकी मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष अहमद रज़्ज़ा खान उर्फ़ लड्डु खान ने बताया कि वे पिछले 250 दिनों से रफीगंज प्रखंड मुख्यालय पर धरना पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी शान है और हम इसे लेकर सरकार तक अपनी आवाज़ पहुँचा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने पटना के चर्चित शिक्षाविद खान सर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा जगत के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी मिसाल पेश की है। गरीब और जरूरतमंदों के लिए मुफ्त अस्पताल खोलकर उन्होंने समाजसेवा की नई दिशा दी है। डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि बिहार को खान सर जैसे गौरवशाली व्यक्तित्व पर गर्व है। पहले उन्होंने कोचिंग के माध्यम से गरीब छात्रों को ऊंचे पदों तक पहुंचाया और अब अपने संसाधनों से एक निःशुल्क अस्पताल शुरू कर समाज के वंचित वर्ग को जीवनदान देने का काम किया है। धरना स्थल पर मौजूद सीधी यादव और पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि जब तक मगध की धरती को उत्तर कोयल नहर का पानी नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से इस दिशा में ठोस पहल की मांग की।

## विकलांगों को दी गई उनके अधिकार की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन में गुरुवार को एनएलआर इंडिया फाउंडेशन एवं बिहार विकलांग अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि एलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम के पदाधिकारी डा. चंद्रमणि कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिला नियोजनालय के परियोजना पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के डा. विजय कुमार थे। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य दिव्यांग स्वयं सहायता समूह के सदस्य एवं डीपीओ के सदस्य गण को एक दिवसीय उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन योजन कर उन लोगों को जागरूक करना था।

# विशेष मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। श्रम कल्याण दिवस के अवसर पर बुधवार को श्रम भवन, जहानाबाद में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत एक विशेष मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रमिकों को उनके मताधिकार के महत्व एवं निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) राजीव कुमार, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिल्पी आनंद, जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे एवं स्वीप आइकॉन अमित कुमार, श्रमाधीक्षक मृत्युंजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र की मज़बूती प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। इसी क्रम में नए मतदाताओं को प्रपत्र-6 (नया नाम जे जुड़वाने के लिए), प्रपत्र-7 ( गलत/ मृत/स्थानांतरित नाम हटवाने के लिए) प्रपत्र-8 (अपना नाम, पता या अन्य विवरण ठीक करवाने के लिए) के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, वोटर हेल्पलाइन ऐप आदि की भी जानकारी दी गई। इस दौरान सभी श्रमिकों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। आपका प्रत्येक मत लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रमिकों एवं अधिकारियों ने मतदाता शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे तथा दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगे और इस प्रकार लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।




# राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जनसंवाद सह आशीर्वाद यात्रा, डॉ. रणविजय ने मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा गुरुवार को प्रखंड के जैतपुर पंचायत में जनसंवाद सह आशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणविजय कुमार ने ग्रामीणों से संवाद किया और आगामी चुनाव के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि इस बार वे चुनाव अवश्य लड़ेंगे। डॉ. रणविजय ने कहा, "मैंने गोह विधानसभा क्षेत्र में कई कार्य किए हैं। अब मैं आप सबके पास अपनी मजदूरी मांगने आया हूं। आप सभी का सहयोग और समर्थन चाहिए।" जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। बख्तियारपुर गांव में नहर में पानी लाने की मांग की गई, वहीं नगोली गांव के लोगों ने मलहारा पथ से अपने गांव तक सड़क निर्माण की मांग उठाई। जैतपुर पंचायत के लोगों ने नाला निर्माण की आवश्यकता बताई, जबकि कई गांवों में बंद पड़े नल-जल योजना को चालू कराने की अपील की गई। इस मौके पर विधायक पुत्र कृष्ण सिंह, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, प्रकाश सिंह, मुखिया सत्येंद्र पासवान, अरुण पटेल, श्रीकांत प्रसाद, संतोष शर्मा, शैलेश कुमार, वेंकटेश शर्मा, जलाल खान, नारायण शर्मा, मिथिलेश शर्मा, राम रंजन सिंह, विनय सिंह, प्रेम प्रकाश, अशोक सिंह, दिनेश चंद्रवंशी सहित दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में नेताओं ने सभी लोगों से 21 सितंबर को पथरौल हाई स्कूल मैदान में एनडीए द्वारा आयोजित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

## चार वारंटी को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने अलग अलग मामलों में भिन्न- भिन्न जगहों से चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने धनकोल गांव में छापेमारी कर सोनू कुमार गिरफ्तार किया है, साथ ही सोलहंडा गांव में छापेमारी कर भूषण मांझी एवं रंजन मांझी को गिरफ्तार किया है। साथ ही मखदुमपुर डीह से मंटू मांझी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था, जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# सांकेतिक भाषा से नोडल शिक्षक होंगे सशक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बारून प्रखंड के केशव उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे समावेशी शिक्षा संभाग द्वारा संचालित नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के तीसरे चरण के आखिरी दिन आज सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण बीआरपी लाल बहादुर द्वारा दिया गया जिसे बड़े ही उत्सुकता के साथ नोडल शिक्षकों ने सीखा और बारी–बारी अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि अब हमारे विद्यालयों में श्रवण निःशक्त बच्चों की आवश्यकता, भावनाएं, समस्याओं को समझने में सहूलियत होगी। साथ ही हम सभी उनके जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।



प्रथम दिवस में परिचय सत्र, समान्य शिक्षकों को दिव्यांगजनों के होने वाले कठिनाईयों से अवगत कराया गया जिसमें शिक्षिका एवं शिक्षक स्वेता, अंजू बाला, भावना, उत्कर्ष एवं अनुज ने बताया कि आंख पर पट्टी बंध जाने पर कुछ आभाष ही नहीं हो रहा था लग रहा था सब कुछ अंधकार हो गया हैं। जब हम लोगों को ऐसी अनुभूति हुई तो दृष्टि दिव्यांग को कितना कठिन जीवन हो जाता होगा जिनके आंख कि रौशनी ही जन्मजात नहीं हैं। निश्चित रूप से ऐसे बच्चों की पहचान के साथ मदद बहुत ज़रूरी हैं। सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण हम सब के लिए नया हैं। अब हमलोग अपने विद्यालयों के श्रवण निःशक्त बच्चों कि जरूरतों को अवश्य ही समझ पाऊंगी।

# नवीनगर में नवरात्र की तैयारियां को ले मां दुख हरनी मंदिर समिति ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में आने वाले नवरात्र की तैयारियों को लेकर नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं-1० स्थित मां दुख हरनी मंदिर समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवरात्र और दुर्गा पूजा के पावन पर्व को भव्य और विधिवत तरीके से मनाना था। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने इस वर्ष शारदीय नवरात्र में भारत माता की मूर्ति स्थापित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया। बैठक में पूजा के सफल संचालन के लिए एक नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसमें विनय कुमार सोनी को अध्यक्ष, राम उदय साव को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को सचिव और शंकर प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही युवा और बुद्धिजीवी व्यक्तियों को भी कमेटी के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं और पूजा के सुचारू आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने इस साल भी दुर्गा पूजा उत्सव को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने का संकल्प लिया। इसके अलावा, पूजा के अवसर पर भक्ति संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि शनिचर बाजार से मां दुख हरनी मंदिर तक रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटों से सजावट की जाएगी। सदस्यों को मूर्ति निर्माण, पंडाल और पूजन कर्म में होने वाले अनुमानित खर्च की जानकारी भी दी गई ताकि तैयारियों को समय पर पूरा किया जा सके। इस मौके पर पूजा को सफल संचालन को लेकर नई समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनय कुमार सोनी, उपाध्यक्ष राम उदय साव उर्फ गुड्डू, सचिव अनिल कुमार, उपसचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद मेहता, संरक्षक राजकुमार सोनी, पंकज कुमार, विकास कुमार, दिलीप कुमार स्वर्णकार, पवन कुमार, विनोद कुमार पटवा, मीडिया प्रभारी संदीप कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अशोक चौधरी, सुदर्शन चौधरी, राजेश शर्मा, विवेक कुमार उर्फ बंगाली, संजय प्रसाद जायसवाल, मनोज कुमार सोनी, अर्जुन कुमार, पवन अग्रवाल उर्फ गुड्डू, अजय कुमार सोनी, राजू कुमार, जीतू पंडा को चुना गया है।

# थानाध्यक्ष को दी गई विदाई नए थानाध्यक्ष ने संभाला पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गुरुवार को उपहारा व गोह थाना क्षेत्रों में थानाध्यक्ष पद का कार्यभार परिवर्तन हुआ। गोह थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में प्रशांत कुमार सिंह ने पदभार संभाला, जबकि उपहारा थाना की जिम्मेदारी आकाश कुमार को सौंपी गई। इस अवसर पर पूर्व थानाध्यक्ष मनेश कुमार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भावभीनी विदाई दी। उपहारा पंचायत के मुखिया चंद्रभूषण कुमार सहित कई समाजसेवियों ने उन्हें अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। नए थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। शराबबंदी, अवैध खनन और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।



वहीं, गोह के नए थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने भी कानून व्यवस्था को सर्वोपरि बताते हुए निष्पक्ष कार्य करने का भरोसा दिलाया। विदाई समारोह के दौरान पूर्व थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि उपहारा की जनता, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से मिला स्नेह जीवनभर याद रहेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी अम्बेडकर यादव, दिलीप कुमार, विकास कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि झोंकी यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### जहानाबाद में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण माह का शुभारंभ

**जहानाबाद**। 17 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के अवसर पर जहानाबाद जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया। इस अवसर पर मोदनगंज एवं जहानाबाद ग्रामीण परियोजनाओं अंतर्गत जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आइसीडीएस), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ), महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विशेष रूप से महिला मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों ने मतदाता शपथ ली कि वे निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करेंगे।

### श्रद्धा और उल्लास के साथ हुई विश्वकर्मा पूजा

**हसपुरा**। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर सृष्टि के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गई। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। प्रखंड के पटेल जय माँ राइस मिल कोईलवां, आईटीआई संस्थान हसपुरा, फ्रैक्चर क्लिनिक, कृष्णा एक्स-रे, ज्योति फर्नीचर समेत कई छोटे-बड़े उद्योग-धंधों और दुकानों में विशेष उत्साह के साथ भगवान विश्वकर्मा की आराधना हुई। पूजा के उपरांत आरती उतारी गई तथा कामगारों और उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा-अर्चना का उल्लास केवल हसपुरा बाजार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दूरस्थ गांवों में भी श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखा गया। इस अवसर पर जयकृष्ण पटेल, श्रीकांत प्रसाद, ब्रजेश कुमार, राजेश कुमार विचारक और शंभु शरण सत्यार्थी सहित अन्य लोगों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टिकर्ता और शिल्पकार देवता के रूप में पूजने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे देशभर में आस्था और परंपरा के साथ की जाती है।

### सोनबरसा से टेंपू चोरी, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के सोनबरसा गांव से अज्ञात चोरों द्वारा टेंपू चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित टेंपू मालिक सदन पासवान, निवासी सोनबरसा, ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। मालिक ने बताया कि उनकी गाड़ी (नंबर बीआर-02 पीए 6216) रोज की तरह 15 सितंबर की रात घर के बाहर खड़ी थी। अगले दिन सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि टेंपू गायब है। आसपास खोजबीन करने के बावजूद गाड़ी का कोई पता नहीं चला। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस टेंपू की बरामदगी के लिए लगातार छानबीन कर रही है। वहीं, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान ने प्रशासन से चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द चोरी हुई टेंपू बरामद कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए।

### रफीगंज में धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन बुधवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रफीगंज स्थित कारगिल गैस एजेंसी परिसर में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और मिठाई बांटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू और क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर भाजपा ने देशभर में दो सप्ताह का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इसके तहत विभिन्न राज्यों में 'नमो युवा रन', रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण और धार्मिक अनुष्ठान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि बिहार भाजपा राज्यभर में 50 हजार स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी पर आधारित लघु फिल्म दिखाएगी। साथ ही 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान और आठवें पोषण माह की भी शुरुआत की जाएगी। देशभर में पीएम मोदी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गई हैं। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री बालगोविंद साहू, महेंद्र प्रसाद, गोपाल सिंह, आकाश कुमार, रोहित कुमार, रवि कुमार, राकेश कुमार, रामजी कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### बारुन प्रखंड में शिष्टमंडल ने सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

**औरंगाबाद**। महापरिवर्तन आंदोलन के तहत मंगलवार को बारुन प्रखंड में शिष्टमंडल द्वारा पांच सूत्री मांगों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रखंड संयोजक जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने बीडीओ, सीओ, बीइओ, एसडीपीओ, मनरेगा, एसडीओ, बिजली विभाग समेत कई अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग रखी। शिष्टमंडल में राजेश कुमार रंजन, योगेन्द्र कुमार भारती, विजय कुमार चौहान, लालबाबू सिंह, धनंजय पांडेय, पप्पू भगत, राजेश गुप्ता, विनय कुमार यादव, रंजीत कुमार, नंदू यादव और हरेंद्र कुमार सिंह शामिल थे। जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि महापरिवर्तन आंदोलन का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना और बिहार को विकसित एवं अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना है।

### दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर मखदुमपुर थाना परिषर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने किया। थाना अध्यक्ष ने लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा में जिन-जिन जगहों पर मूर्ति की स्थापना की जाएगी वहां स्थानीय लोगो को कमेटी बनाकर लाइसेंस लेना अति आवश्यक है। बिना लाइसेंस लिए यदि कोई मूर्ति की स्थापना करेंगे तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक प्रशासन को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा के प्रशासन 24 घंटे आपके सहयोग के लिए तैनात रहेगी। बावजूद इसके आप लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने लहरिया कट मोटरसाइकिल चालकों एवं असामाजिक तत्व के लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि मेला परिसर में इस तरह का कोई भी व्यक्ति दिखे तो इसकी सूचना फौरन थाने के सरकारी नंबर पर दें।


सहाययक अभियंता का कार्यालय

**ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवता नियंत्रण प्रयोशाला, औरंगाबाद**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

(अल्पकालीन कोटेशन सूचना संख्या–01/2025–26)

विभागीय निर्देश के अनुपालन में औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद स्थित शहरी क्षेत्र अथवा उसके आस–पास ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत नवसृजित कार्यालय "जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, औरंगाबाद" के संचालनार्थ कार्यालय को स्थापित किया जाना है। कार्यालय हेतु सरकारी भवन की उपलब्धता नहीं होने के कारण एक निजी भवन किराये पर लेने की आवश्यकता है, जिसके लिए निविदा कोटेशन प्रकाशन किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 22.09.2025 से 27.09.2025 तक समय 3:00 बजे अपराह्न तक |
| कोटेशन खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 30.09.2025 को समय 3:30 बजेअपराह्न तक |
| कोटेशन प्राप्ति का स्थान | ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, औरंगाबाद |

(क) औरंगाबाद शहरी क्षेत्र एवं आस–पास में उक्त सरकारी कार्यालय स्थापित करने हेतु इच्छुक मकान मालिक निम्नांकित नियम एवं शर्तो के आधार पर इस आमंत्रित कोटेशन में भाग ले सकते है :–

1. कोटेशन खोलने के समय कोटेशनर अथवा उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।
2. कार्यालय उपयोग हेतु निजी भवन का Carpet Area कम से कम 1200 से 1500 वर्गफीट तक हो जो Ground Floor पर अवस्थित हो तथा वाहन पार्किंग के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध हो।

(ई. मो0 रफीक आलम)
सहायक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,जाँच एवं गुणवता नियंत्रण प्रयोशाला, औरंगाबाद

PR. No. 015020 (RWD) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

# एनटीपीसी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनी विश्वकर्मा पूजा

## की गई श्रमिकों एवं कर्मचारियों के सुख-समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विद्युत परियोजना में कल विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस परियोजना के मुख्य कार्यस्थल और टाउनशिप के पूजा पंडाल दीप, फूल और मंत्रोच्चार की गूँज से भक्ति और ऊर्जा से भर गया। परियोजना प्रमुख रवींद्र पटेल ने भगवान विश्वकर्मा की आराधना करते हुए परियोजना की समृद्धि और सभी श्रमिकों कर्मचारियों के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक परिवारजन इस अवसर पर एक साथ जुटे। पूजा के बाद का दृश्य कुछ खास था। करीब 5000 श्रमिक और कर्मचारी एक साथ बैठे और खिचड़ी महाप्रसाद का स्वाद लिया। रोज़ाना मशीनों और काम के बीच व्यस्त रहने वाले ये लोग जब एक परिवार की तरह इस भंडारे में शामिल हुए, तो लगा जैसे संगठन की असली ताक़त यहीं पर बैठी है। कहलगाँव परियोजना में श्रम कल्याण दिवस हर साल उत्साह से मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि श्रमिकों की मेहनत को खुले तौर पर पहचान देने का तरीका है। इस बार 450 संविदा श्रमिकों को उनके समर्पण और ईमानदार काम के लिए उपहार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उस पल उनके चेहरों पर जो चमक थी, वही इस कार्यक्रम की असली पहचान बनी। परियोजना प्रमुख रवींद्र पटेल ने भी साफ शब्दों में कहा कि एनटीपीसी की सफलता की नींव हमारे श्रमिक हैं। उनकी मेहनत और लगन ने ही कहलगाँव को ऊर्जा उत्पादन में अलग जगह दिलाई है। उन्होंने श्रमिकों को संगठन की सबसे बड़ी पूँजी बताते हुए आगे भी पूरे जोश के साथ काम करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 की शुरुआत भी की गई। 'स्वच्छोत्सव' थीम के तहत परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता और सतत विकास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँगे। साथ ही सतर्कता विभाग ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कहलगाँव परियोजना की पहचान सिर्फ उसके टर्बाइन या मशीनें नहीं हैं। असल पहचान हैं वे श्रमिक, जिनकी मेहनत, आस्था और गर्व से यह परियोजना लगातार ऊर्जा देती है। यही सोच उसे बाकी परियोजनाओं से अलग और विशिष्ट बनाती है। अर्चना पटेल (सृष्टि समाज अध्यक्षा) के नेतृत्व में सृष्टि समाज की सदस्याओं ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया और भगवान विश्वकर्मा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

**नदी में डूबने से बच्चे की मौत :** मसौढ़ी मोरहर नदी में शौच के लिए गए एक 8 साल के मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान केवड़ा ओपी क्षेत्र के बाउक गांव के रहने वाले रुदल पासवान का पुत्र रोशन कुमार के रूप में हुई है।

## पेज 1 का शेष

### विकास और समृद्धि के लिए ...

इस बार इस क्षेत्र की 80% सीटें लाने का संकल्प हमें करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं क़ो मालिक कह सम्बोधित किया और पूछा आप बताइए किसी का वोट काटा है क्या। श्री शाह ने कहा कि यह चुनाव दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाने का चुनाव है। उन्होंने मोदी और नीतीश के नेतृत्व में बिहार के विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं, ऑपरेशन सिंदूर में देश की शक्ति, जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने, 125 यूनिट फ्री बिजली देने, ममता, आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय की बढ़ोतरी, सासाराम-पटना, दिल्ली-कोलकाता एक्सप्रेस वे का निर्माण समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक मतदाताओं क़ो पहुंचाये। कहा कि आप संकल्प लेकर जाइए मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनानी है। बैठक को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शाहाबाद और मगध प्रमंडल के भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए और उत्साहित नजर आए। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने मां ताराचंडी का चित्र और फूल माला देकर स्वागत किया। मंच पर गृहमंत्री अमित शाह के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा भाजपा के वरीय नेता राजेश वर्मा, ऋतुराज सिन्हा, भीखू भाई दलसानिया, विनोद तावड़े, मंत्री प्रेम कुमार, गोपाल नारायण सिंह, डॉ. अजय, विवेक ठाकुर, संतोष सिंह मौजूद रहे। मौके पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, ललन पासवान, युवा मोर्चा के अमित कुमार पटेल, प्रकाश गोस्वामी, आरती गुप्ता, सुनीता यादव, प्यारेलाल ओझा, अमित गुप्ता, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बिहार में बेरोजगार ग्रेजुएट...

करने तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों में करेंगे ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है कि राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिले। यहां के शिक्षित युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनें और देश एवं राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

### संत मिलन से ज्यादा...

कुमार ने माता सीता के धाम की परिकल्पना को साकार किया, उसी प्रेरणा से धार्मिक न्यास पर्षद अपने संसाधनों का सार्थक उपयोग करते हुए सामाजिक चेतना के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है। हमारी कामना है कि दोनों नेता जिस समर्पण और आस्था के साथ सनातन परंपरा को बल दे रहे हैं, वह सतत बनी रहे और समाज को नई दिशा देता रहे। इस दौरान पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने पर्षद के नए कार्यालय के भवन की भी मांग की और कहा कि उसका नाम तीर्थ भवन होगा। उन्होंने कहा कि मठ और मंदिरआस्था और पूजा के केंद्र के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और समाज सुधार के सक्रिय मंच होंगे और इसके लिए बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने पहल कर दी है। उन्होंने कहा कि पर्षद ने योजना बनाई है कि हर मठ और मंदिर में स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग संस्थान शुरू किए जाएं। संस्कृत पाठशालाएं और वेदपाठ की नियमित व्यवस्था होगी ताकि प्राचीन ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। प्रो. नंदन ने कहा कि राज्यभर के मठ और मंदिरों की मौजूदा स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। यह धार्मिक न्यास की नई पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य बिहार की सनातन परंपरा को मजबूत करना और समाज को संगठित करना है। बिहार में धार्मिक संस्थाओं के पास पर्याप्त स्थान और संसाधन उपलब्ध हैं, जिन्हें सही तरीके से उपयोग कर मठों को आपस में जोड़ा जाएगा। पर्षद की योजना है कि चारों धाम में विशेष केंद्र स्थापित किए जाएं और सभी बड़े तीर्थ स्थलों पर भी ऐसे केंद्र बनाए जाएं। इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य श्री हरिभूषण ठाकुर बचौल, चंदन कुमार सिंह, विश्वमोहन दास, हिमराज राम, शायन कुणाल, आनंद कुमार, दयानंद कुमार, राम बहादुर सिंह, विवेकानंद गिरी, अभिमन्यु कुमार सिंह की भी सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान महापौर सीता साहू, भाजपा नेता अनिल शर्मा, समाजसेवी मोहन सिंह, महंत मुरारी दास त्यागी बगही धाम के महंत सुखदेव दास, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन सिंह, महंत धनवर दास शास्त्री, कबीरपंथी मनभग़ दास महंत विजय शंकर गिरी, महंत चितरंजन गिरी, मोहित प्रकाश, पूर्व अध्यक्ष धार्मिक न्यास पर्षद उपेंद्र विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या मे आए साधु-संतों ने विचार व्यक्त किए।

## मसौढ़ी में आज बिजली रहेगी बाधित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार की सुबह 10:00 से 5:00 तक मसौढी शहर के कई मोहल्लों में बिजली गुल रहेगी, ऐसे में बिजली विभाग में सूचना जारी करते हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह ससमय में अपना पानी का भंडारण कर ले, सहायक विधुत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया की विधुत कार्य (तार बदलने) हेतू बर्तन गली,गंगाचक मलिकाना, हॉस्पीटल रोड, संघत पर,मेन रोड कुछ भाग, जत्तीचक, मलमाचक, महराजचक, पुरानी बाजार, के कुछ भाग, डीह मसौढी, लखीबाग,आदी मुहल्ले में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## 10 वर्षों से नहीं बनी सड़क, नेताओं की नो एंट्री

### रोड नहीं तो वोट नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के नुरा पंचायत के वार्ड नं 16 के मोहिद्दीनपुर गांव में इन दिनों रोड नहीं तो वोट नही के नारे की आवाज बुलंद हो रही है। दरअसल स्थानीय लोगों की माने तो मोउद्दीनपुर गांव में 10 वर्षो से सड़क बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। हमारे गांव मे 500 से अधिक वोटर है। स्थानीय विधायक से लेकर पदाधिकारियों को भी समस्याओं से अवगत कराया गया है बावजूद आज तक गांव मे जाने वाली सडक नही बनी है। नतिजन अब आजिज होकर गांव के बाहर रोड नहीं तो वोट नही का बैनर लगाकर नेताओं की नो एंट्री कर दी है। ग्रामीणों ने बताया की गांव में 2 किलोमीटर तक सड़क कच्ची और जर्जर है जिस वजह से लोगों को आने-जाने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बरसात मे बहुत परेशानी होती है।यह गांव मोरहर नदीं के किनारे पर बसा है कच्ची सडक पर आवाजाही करने के दौरान अगर संतुलन खो बैठता है तो सिधे नदी मे गिरने की संभावना बनी रहती है। आक्रोशित ग्रामीणों में बलधीर सिंह, जमालुद्दीन, जय किशोर पासवान, विकास कुमार, अरुण कुमार, संटू कुमार, नरेश पासवान, सलमान आलम, गीता देवी, रेणु देवी ,चानो देवी, सुधा कुमारी, बिट्टू विकास, मालती देवी, सुनैना ने कहा कि आजादी से अब तक हमारे गांव में कई विकास काम नहीं हुए हैं। इस बार लोगों ने मन बनाया है कि नेताओं की नो एंट्री करेंगे। जो भी नेता वोट मांगने आयेगे वोट बहिष्कार करेंगे सभी गांव के ग्रामीणों ने तय किया है की गांव का विकास नही तो वोट किस बात का....

## भाजपा ने मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में भाजपाइयों ने गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केक काट कर जन्मदिन मनाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर कहीं मिठाई बांटी गई तो मोदी के चित्र पर तिलक किया गया।नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। वह हमेशा स्वस्थ्य रहें। यहां एक प्रधानमंत्री के चित्र पर तिलक करते हुए खुशी का इजहार किया। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों और राजनेताओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की तथा सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने इस प्रमुख नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक पखवाड़े से अधिक समय तक चलने वाला ''सेवा पखवाड़ा'' शुरू किया।केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने 2 अक्टूबर तक देश भर में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य शिविरों से लेकर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।नगर अध्यक्ष आशीष देव, संजय केसरी, आशा किरण सिंह, नन्द लाल गुप्ता,शोभा कुमारी, सुनीता देवी, विजय यादव, पिंटू रजक, नीरज शर्मा,राकेश कुमार, अजय शर्मा, महामंत्री आलोक कुमार, संजीव, शंकर चंद्रवंशी, रंजन, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दुकानदार को झांसे में लेकर 30 हजार की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के शहरू बाजार में एक प्रीति ज्वेलर्स नाम के आभूषण दुकान में एक महिला ने आभूषण दुकानदार को अपने झांसे में लेकर नकली सोने के दो टॉप्स देकर 30 हजार उधार मांगे और कहा कि हमारे पति को लकवा मार दिया है बीमार है, मुझे 30 हजार चाहिए बाद में मैं पैसा निकाल कर दे दूंगी और रोने लगी। दुकानदार इसके झांसे में आ गया और उसे 30 हजार दे दिया, जब बाद में सोने के टॉप्स की जांच की तो पता चला हुआ नकली है, अपने आप को दुकानदार ठगा महसूस करने लगा, यह मामला 29 अगस्त की दोपहर को है। घटना के बाद वह आदमी उसे महिला की तलाश करने लगा कि अचानक बीते 16.09.2025 को वह महिला बाजार में दिखी जहाँ दुकानदार ने हो हल्ला कर उसे पकड़ा, पीड़ित दुकानदार धीरज कुमार ने बताया की दो नकली के सोने का टॉप्स देकर हमसे 30 हजार ठग ली थी और जब हम पूछे थे तो उस वक्त अपना नाम बडीहा गांव के पिंटू यादव की पत्नी रिंकू देवी बताई थी, पुलिसिया जांच में पता चला,की उस महिला चोर का असली नाम पुतुल देवी पति स्वर्गीय मनीष राम फुलवरिया गंज वार्ड नंबर 9 के बरौनी बेगूसराय के रहने वाली है जो इसी तरह से लोगों को झांसे मे लेकर शिकार बनाती है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि इस पर चोरी का केस कर जेल भेज दिया गया है। बहरहाल इस घटना के बाद धनरूआ के आसपास के जितने भी आभूषण दुकानदार हैं वह सतर्क हो गए हैं।

## हत्याकांड के फरार अभियुक्तों का घर कुर्क

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र का जियाउद्दीनचक गांव का राजेंद्र पासवान एवं उसके बेटे दीपक पासवान हत्याकांड की गुत्थी अभी तक पुलिस नहीं सुलझा पाई है, लेकिन पुलिसिया कार्रवाई लगातार तेज हो रही है, ऐसे में फरार 8 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस कुर्की जब्ती की कारवाई शुरु कर दी है। गुरुवार को धनरूआ थाना कांड संख्या 754/ 24 में नामजद अभियुक्त विजय यादव पिता स्व रामस्वरूप यादव, दीपक यादव पिता विजय यादव एवं अप्राथमिकी अभियुक्त सोहराय यादव के घर पर पुलिस ने कुर्की जब्ती की कारवाई की है। बताया जाता है की बीते 10 सितंबर को नामजद आठ अभियुक्तो के घर पर विधिवत तौर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन किसी ने सरेंडर नहीं किया ऐसे में पुलिस ने कुर्की के कार्रवाई शुरू कर दी है गुरुवार को तीन अभियुक्तों के घर पर कुर्की की है।

## 'द ब्रेन कोचिंग सेंटर' की हुई शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**फुलवारीशरीफ।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में इस्लामिया टी0टी0 बी0एण्ड कॉलेज के कैंपस में 'द ब्रेन कोचिंग सेंटर' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के चीफ एडिटर एस0 एम0 अशरफ फरीद ने कहा कि संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम उठाया है। सीटीईटी और एसटीईटी की तैयारी के लिए पहले कोई कोचिंग सेंटर नहीं था, लेकिन खुर्शीद हसन साहब ने छात्रों को यह सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की ज्योति जलाने वाला व्यक्ति समाज का सच्चा देशभक्त होता है। नगर परिषद फुलवारी शरीफ के अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि स्वर्गीय डॉ0 मो0 अहसन ने जो पौधा लगाया था, आज खुर्शीद हसन ने उसे एक बड़े पेड़ की तरह विकसित कर दिया है। बीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष इम्तियाज अहमद करीमी ने कहा कि शिक्षा समाज और देश को बदलने की ताकत रखती है। इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने समाज की तस्वीर और तकदीर बदलने में अहम भूमिका निभाई है। इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ0 खुर्शीद हसन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। जॉइंट सेक्रेट्री मौलाना इफ्तेखार अहमद निजामी ने कहा कि इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने 56 वर्षों का सफर पूरा करके 15वीं यूनिट की स्थापना की है।

## खेल क्लब बनने से युवाओं में बनेगा सकारात्मक माहौल बनेगा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत के जमालपुर गांव में एवं धनरूआ प्रखंड के कोसुत पंचायत के केवढा गांव में लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का नारियल फोडकर एमएलसी रविंद्र सिंह ने शिलान्यास किया। मौके पर दिल्ली जदयू के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह,ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया. विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राकल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा. उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है. सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, मुखिया रानी कुमारी, ललन आजाद, शिक्षक पंकज कुमार सिंह, मसौढी में रमेश ठाकुर, सुनील कुमार वर्मा, अश्विनी कुमार गोल्डी, राहुल पटेल, अशोक कुमार शर्मा, गौतम कुमार शर्मा आदी शामिल रहे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: आरईएचएबीएक्सएम_25-26, दिनांक 15.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 01 (एक) वर्ष की अवधि के अंदर कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में पी.बी. नं.-752/2024-25 और 365/2025-26 के माध्यम से स्वीकृत बल्क आरएसपी कार्य के तहत 106 कोचों के लिए प्रमुखता से ध्यान देने के दौरान साइकिल डाउनटाइम को कम करने के लिए कोचों का पुनर्वास/ओवरहॉलिंग (जीर्णोद्धार)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 2,06,21,391.58, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 15.09.2025 से 07.10.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगीः** रु. 2,53,200/-, **कार्य की समापन अवधिः** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधिः** दिनांक 15.09.2025 से 07.10.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधिः** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से दिनांक 07.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 07.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधताः** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** निविदा दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-210/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि पत्र**

**निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना।**

पत्रांक – 607/गढ़वा, दिनांक – 16.09.2025

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 360053 (WRD/MID/GARHWA/F2-05/2025-26) सरकोनी (हौकाहा) मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम–सरकोनी, पंचायत–सरकोनी, प्रखण्ड–काण्डी, जिला–गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश निविदा को अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.362267 Minor Irrigation(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(अज्ञात पुरुष के शव का फोटो, उम्र–करीब 30 वर्ष)**



दिनांक–02.09.2025 को मझिऑव थाना अन्तर्गत ग्राम–बकोईया के छठ घाट पानी टंकी के पास कोयल नदी के किनारे से एक अज्ञात शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। तथा इस संबंध मझिऑव थाना यू0डी0 कांड सं0– 12/25 दिनांक–02.09.2025 दर्ज किया गया है। उक्त अज्ञात शव का पहचान करने का काफी प्रयास किया गया है। परन्तु उक्त अज्ञात शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात पुरुष के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :–उम्र करीब–30 वर्ष, लम्बाई करीब–05 फिट 02 इंच,रंग–सांवला, पहनावा–हल्का गुलाबी रंग का फुल Sleeve टी शर्ट जिसपर BB Zara लिखा हुआ तथा कत्था रंग का जांघिया जिसपर MACHO लिखा हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 362260 Police(25-26).D



**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,**
**नगर पंचायत, नवीनगर औरंगाबाद**

**अति अल्पकालिन पूर्न निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11/2025–26 (E.T)**
**(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 16.09.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– दिनांक 23.09.2025 को 11:00 बजे अप्रा0 से
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 26.09.2025 को 05.00 बजे अपा0 तक
5. तकनिकी एवं वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.09.2025 को 10.00 बजे पूर्वा0 के बाद
6. निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे – सभी शपथ पत्र (मूल में), Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति/ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में), परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
7. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड सं0 – 02 में रमजान बिगहा तथा वार्ड सं0 – 10 में पंडा मुहल्ला एवं कुम्हार टोली तथा वार्ड सं0 – 11 में मुरली बेलाई एवं सत्यनारायण सिंह के घर के पास (कोसडिहरा) तथा वार्ड सं0 – 12 में भवानोखाप में नल –जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4315289.00 | 86400.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 02 | वार्ड सं0 – 04 में पाल भवन के पास एवं मध्य विद्यालय के पास तथा वार्ड सं0 – 05 में रामनगर , गुर्दी , कुर्मी पोखरा , जनकपुर पोखरा एवं खरौंधा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4627081.00 | 92600.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 03 | वार्ड सं0 – 06 में शंकरपुर देवी मंदिर के पास एवं महिप बिगहा तथा वार्ड सं0 – 07 में पुरानी पी0एन0बी0 के पास तथा वार्ड सं0– 08 में केदार सेठ के घर के पास तथा वार्ड सं0 – 09 में मंगल बाजार एवं मंसुरी मुहल्ला अम्बेडकर नगर में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4934836.00 | 98700.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 04 | वार्ड सं0– 13 में अनन्दुऑ एवं शिवाबिगहा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 2378896.00 | 47600.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |
| 05 | वार्ड सं0 – 14 में शिवराजपुर , जोबे एवं जोबे बिगहा पर नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 3064918.00 | 61300.00 | 5000.00 | As Per Eproc2 | 3 माह |

**Note :-** Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in

8. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR. No. 015146 (B&C) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**( चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–295/25 दिनांक–05.07.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03AF6908 एवं इंजन नं0–HA11EYMHK64268 एवं चेचिस नं0– MBLHAW11XMHK84352 का दिनांक–28.06.2025 को अनुमण्डल कार्यालय परिसर से अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त चोरी की गई मोटरसाईकिल का काफी खोजबीन किया गया परन्तु उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 362262 (Police) 25-26 (D)

फीफा वर्ल्ड रैंकिंग

## स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था। इस प्रक्रिया में उन्होंने लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना (तीसरे, 2 स्थान नीचे) को हटा दिया है, जो अप्रैल 2023 से इस स्थान पर था। मौजूदा विश्व चैंपियन को पछाड़ने में ऊंचे स्थान पर चल रहे स्पेन के साथ, वह टीम भी शामिल है जिसे अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में हराया था, फ्रांस (दूसरे, 1 स्थान ऊपर)। थोड़ा और नीचे, पुर्तगाल, क्रोएशिया और इटली सभी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमश- 5वें, 9वें और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिससे ब्राजील (छठे, 1 स्थान नीचे) और जर्मनी (12वें, 3 स्थान नीचे) को हुए नुकसान का पूरा फायदा उठाया जा रहा है।

## मंधाना के साथ स्वाभाविक समझ है, प्रयास करने की जरूरत नहीं: प्रतीका रावल



**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं।प्रतीका रावल ने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है। प्रतीका ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में मंधाना के साथ शतकीय साझेदारी की और दूसरे मैच में भी इस स्टार क्रिकेटर के साथ पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े थे। भारत ने यह मैच रिकॉर्ड 102 रन से जीता। भारतीय टीम में जगह बनाने के बाद से छह अर्धशतक और एक शतक जड़ने वाली इस 25 वर्षीय क्रिकेटर ने जियो हॉटस्टार से कहा, मुझे लगता है कि यह (समझ) काफी आसान और स्वाभाविक है। हमें पारी के बीच में ज्यादा बात नहीं करनी पड़ती। वह वही करती है जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ है और मैं वही करती हूं जिसमें मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। हमारे बीच एक समझ है जो स्वाभाविक लगती है, बनावटी नही।उन्होंने कहा, मैदान के बाहर भी, वह (मंधाना) अंतर्मुखी हैं और मैं भी, इसलिए हमें एक दूसरे को समझने के लिए अतिरिक्त प्रयास नहीं करने पड़ते हैं। हम पहले से ही एक दूसरे को लेकर अच्छी समझ रखते हैं।







# जेवलिन थ्रो फाइनल में नीरज नहीं बचा सके विश्व चैंपियनशिप का खिताब, आठवें नंबर पर रहे

**टोक्यो (एजेंसी)।**टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए।

डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे।

### नीरज, नदीम और सचिन का प्रदर्शन ऐसा रहा

नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए।

नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए।

इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे।

तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। नीरज इसी राउंड के बाहर हुए।

**ब्रॉन्ज चूके सचिन यादव, पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर**

**नीरज चोपड़ा ने अरशद नदीम को तो पछाड़ा, लेकिन टॉप-5 से बाहर रहे**

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट का फाइनल 18 सितंबर को हमे जो देखने को मिला, उसकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम को लेकर काफी ज्यादा चर्चा हो रही थी। लेकिन, दोनों में से कोई भी इस बार गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया। हालांकि, भारत के सचिन यादव ने जरूर प्रभावित किया। सचिन यादव ने ओलंपिक मेडल विनर्स नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया।भारत के भाला फेंक सचिन यादव ने अपना पहला थ्रो ही 86.27 मीटर का फेंका था। इसके बाद दूसरा थ्रो उनका फाउल रहा था जबकि तीसरा थ्रो फाउल रहा। फिर चौथे थ्रो में उन्होंने 85.71 मीटर दूर भाला फेंका। पांचवें अटेम्पट में सचिन ने 84.90 मीटर का थ्रो किया।

### नीरज चोपड़ा ने अरशद से बेहतर किया परफॉर्म

भारत के नीरज चोपड़ा भले ही यह इवेंट नहीं जीत पाए। लेकिन, उन्होंने अरशद से बेहतर परफॉर्म किया। चोपड़ा अपनी लय में नजर नहीं आए। उनका बेस्ट 84.03 मीटर रहा। नीरज चोपड़ा का तीसरा और पांचवां थ्रो फाउल रहा था। उन्होंने दूसरा थ्रो अपना 84.03 मीटर का फेंका जबकि पहला थ्रो नीरज ने 83.5 मीटर का फेंका। चौथे अटेमप्ट में नीरज ने 82.86 मीटर का थ्रो फेंका था। टॉप 8 के आगे नीरज चोपड़ा नहीं जा पाए। बता दें कि 2023 में हुई पिछली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीता।

### अरशद नदीम का ऐसा रहा प्रदर्शन

पाकिस्तान ने अरशद नदीम ने पूरे इवेंट में कुल 4 थ्रो किए, जिसमें उनका बेस्ट 82.75 मीटर रहा। अरशद ने यह अपने तीसरे थ्रो में हासिल किया। उनका दूसरा और चौथा थ्रो फाउल रहा था। अरशद नदीम टॉप 10 तक ही पहुंच पाए। उसके बाद टॉप 8 में वह अपनी जगह नहीं बना पाए।

## नीदरलैंड के अनीश गिरि नें जीता फीडे ग्रांड स्विस कैंडिडैट में बनाई जगह

**समरकंद, उज्बेकिस्तान (एजेंसी)।**फीडे ग्रांड स्विस 2025 में पुरुष वर्ग का खिताब नीदरलैंड के अनीश गिरि नें अपने नाम कर लिया है साथ ही उन्होने फीडे कैंडिडैट में अपना स्थान पक्का कर लिया है। अनीश नें रोमांचक मुक़ाबले में यूएसए के नीमन हंस मोके को पराजित करते हुए 8 अंक बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया वहीं 7.5 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर जर्मनी के माथियस ब्लूबम नें दूसरा स्थान हासिल किया और फीडे कैंडिडैट में जगह बना ली वहीं 7.5 अंक बनाने वाले फ्रांस के अलीरेजा तीसरे स्थान पर रहे पर कैंडिडैट में जगह बनाने से चूक गए।

भारतीय खिलाड़ियों में तीसरे बोर्ड पर भारत के अर्जुन एरीगैसी और जर्मनी के विंसनेट केमर के बीच , पांचवें बोर्ड पर निहाल सरीन और फ्रांस के मकसीम लागरेव के बीच और सातवें बोर्ड पर विदित गुजराती और यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा के बीच बाजी बेनतीजा रही और भारतीय खिलाड़ियों में से कोई भी इस बार कैंडिडैट में ग्रांड स्विस के जरिये जगह नहीं बना पाया।

अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब

## भारत दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है

**दुबई (यूएई) (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब ने टीम इंडिया की जमकर तारीफ की और उन्हें एशिया के साथ-साथ दुनिया की भी सर्वश्रेष्ठ टीम बताया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले नायब ने कहा कि उन्हें हमेशा उनसे सीखने में मजा आता है। नायब ने कहा, भारत एशिया और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है, आपको इन खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

उन्होंने कहा, मैंने आईपीएल में उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनके खिलाफ खेले गए सभी मैचों में हमें बहुत अच्छा अनुभव मिला है। हम यह नहीं कह सकते कि टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम प्रबल दावेदार है, जो टीम अच्छा खेलेगी वही जीतेगी। फिर भी, अगर आप अखबारों को देखें, तो भारत सर्वश्रेष्ठ टीम है।

नायब इस शानदार लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे हैं, जहां उन्होंने दो मैच खेले हैं। टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में बात करते हुए, अफगान ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि कोई भी खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है। न्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में एक खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है, चाहे वह शीर्ष क्रम का हो, मध्य क्रम का हो या निचले क्रम का, या फिर स्पिनर हो, कोई भी खिलाड़ी अपने दिन खेल को बदल सकता है। खेल इसी दिशा में जाएगा।

## सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखा, चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**शेनझेन (चीन) (एजेंसी)।** भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग पर सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। इस जीत के साथ विश्व बैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

## आज ओमान के साथ सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत



**दुबई (एजेंसी)।** पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है।

भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज़ शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे 7 दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है।

पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज़ 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया। हम्माद मिर्जा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

### बुमराह को मिल सकता है ब्रेक

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा।

# भारतीय टेनिस की मदद के लिए सिर्फ पद पर काबिज होना ही एकमात्र रास्ता नहीं है: सानिया



**दुबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुसार देश के प्रत्येक खेल महासंघ की 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में चार महिलाओं का होना अनिवार्य है लेकिन दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा का मानना है कि युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका अखिल भारतीय टेनिस संघ में एक पद से कहीं अधिक है। खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक रहीं सानिया ने अपने दुबई स्थित आवास से मीडिया से कई मुद्दों पर बात की जिनमें टेनिस में वेतन समानता से लेकर स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारत की डेविस कप जीत शामिल रहीं जबकि उन्होंने 16 साल की माया राजेश्वरन रेवती की विशेष प्रतिभा पर भी बात की है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह निकट भविष्य में खेल प्रशासन में दिखाई दे सकती हैं तो सानिया ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मदद करने के लिए उस शक्तिशाली पद पर होना ही एकमात्र तरीका है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा यही जवाब है। अगर मुझे मौका मिले तो क्या मैं कर पाऊंगी, तो क्या मैं उस पद पर रहकर और योगदान दे पाऊंगी तो मैं ऐसा करना पसंद करूंगी। लेकिन क्या मैं इसका लक्ष्य बना रही हूं तो मेरा जवाब है, नहीं। क्योंकि यह मेरा लक्ष्य नहीं है।

सानिया के लिए भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कोई पद पर बैठना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें। सानिया ने कहा, 'मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का मौका मिलता है और इससे मुझे सिर्फ फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरा फोकस इस पर नहीं है। यह मेरा लक्ष्य नहीं है।

सानिया के बाद भारत में महिला टेनिस में कौन उभरती हुई प्रतिभा है , यह पूछने पर उन्होंने माया राजेश्वरन रेवती का नाम लिया । माया स्पेन में राफेल नडाल अकादमी में ट्रेनिंग लेती हैं। सानिया ने कहा, 'माया में काफी प्रतिभा है। मेरे बाद कौन आएगा, यह ऐसा सवाल है जिससे हम शायद पिछले 25 साल से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'तो एक 15-16 साल की युवा खिलाड़ी को आगे बढ़ते हुए देखना और अपने आयु वर्ग के ऊपर वर्गों में भी अपनी पकड़ बनाए रखते हुए देखना अच्छा लगता है।

एकल में पूर्व 27वें नंबर की खिलाड़ी सानिया ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबला जीतने के लिए भारतीय पुरुष टीम की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'डेविस कप टीम तारीफ की हकदार है जिसने यूरोप में शायद 31 या 32 साल बाद स्विट्जरलैंड को हराकर एक यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली बार जीत हासिल की है। सुमित नागल ने अच्छा नेतृत्व किया और पिछले डेढ़ साल में एक तरह से शानदार वापसी की है।

नागल के बारे में बात करते हुए सानिया ने कहा कि भारत का शीर्ष एकल खिलाड़ी अभी 28 साल का है। उन्होंने कहा, 'लेकिन यह खिलाड़ी अब उतना युवा नहीं है। ये खिलाड़ी 28, 29, 30 साल के हैं। और टेनिस के लिहाज से ये इतने युवा नहीं हैं। यही सच है। लेकिन सुमित ने पिछले कुछ सालों से अकेले ही अविश्वसनीय काम किया है और डेविस कप में भी जीत हासिल की है।जहां तक युवा दक्षिणेश्वर सुरेश की बात है तो सानिया अभी थोड़ा और इंतजार करना चाहती हैं। ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं के लिए पुरस्कार राशि समान होती है लेकिन सानिया आने वाले दिनों में अन्य टूर्नामेंट के वेतन में और समानता देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'महिला और पुरुष टेनिस खिलाड़ी बराबर पैसा कमाते हैं, असल में यह एक मिथक है। हां, ग्रैंडस्लैम में दोनों बराबर पैसा कमाते हैं। लेकिन इसके अलावा शायद एक-दो टूर्नामेंट में ही ऐसा होता है। लेकिन ज्यादा टूर्नामेंट में ऐसा नहीं है। सानिया ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज के जमाने में बराबर इनामी राशि होना चर्चा का विषय भी नहीं होना चाहिए क्योंकि इसमें जो मेहनत लगती है, जो खर्च होता है, वह महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसा है।

# औरंगाबाद में 65 हजार श्रमिकों को मिली पोशाक राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** श्रम कल्याण दिवस पर जिला योजना भवन के सभा कक्ष में श्रम संसाधन विभाग द्वारा आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बिहार के कर-कमलों से बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 5000 रूपये प्रति श्रमिक की दर से 16 लाख 4 हजार 929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के तहत कुल 802 करोड़ 46 लाख की राशि का अंतरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत राज्य के प्रशिक्षित युवाओं को एमएसएमई, सार्वजनिक उपक्रमों एवं सरकारी संस्थानों में इंटर्नशिप हेतु नियोजन एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए विशेष वेब पोर्टल का लोकार्पण पटना से सीधा प्रसारण के माध्यम से किया गया। जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) जयप्रकाश नारायण, श्रम अधीक्षक प्रियंका, सभी प्रखंडों के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी एवं सैकड़ों श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं - जैसे बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, बोर्ड द्वारा संचालित 16 विभिन्न प्रकार की योजनाएं, बाल श्रम उन्मूलन, बंधुआ मजदूर पुनर्वास एवं अन्य योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं श्रमिकों ने जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक का वितरण भी किया गया। श्रम अधीक्षक प्रियंका के मुताबिक औरंगाबाद जिले के 65000 श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से पैसे खाते में हस्तांतरित किए गए है।

# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण आवश्यक : एसपी

## चतरा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के चतरा स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, एवं बिहार वन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा सेवा पर्व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी अंबरीष राहुल, वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर 100 से अधिक पौधो का पौधारोपण किया गया। मौके पर एसपी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वायुमंडल से हानिकारक प्रदूषकों को सोखते हैं, और ग्लोबल वार्मिंग को कम करते हैं। डीएफओ ने बताया कि वृक्षारोपण मिट्टी के कटाव को रोकता है, मृदा की उर्वरता बढ़ाता है और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाता है। यह जैव-विविधता को बढ़ावा देता है और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और पर्यावरण को संतुलित व स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नवबिहार टाइम्स प्रेस प्लांट में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के बियाडा स्थित नवबिहार टाइम्स अखबार के प्रेस प्लांट में विश्वकर्मा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। प्लांट में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा स्थल पर पुष्प, फल एवं मिष्टान अर्पित किए गए। हवन-पूजन कर उपकरणों, मशीनों और औजारों की भी विधिवत पूजा की गई। सभी ने भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। इसके बाद सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पी माना जाता है। वे निर्माण कला, वास्तुकला और औद्योगिक उन्नति के अधिष्ठाता देव हैं।

# कुटुम्बा में महागठबंधन ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत से लगने का सुरेश पासवान ने किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अम्बा(औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के तमसी मोड़ स्थित राजलक्ष्मी रिसोर्ट में गुरुवार को महागठबंधन के द्वारा कुटुंबा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने संयुक्त रूप से किया। महासम्मेलन में हजारों की संख्या में कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बज जाएगी, वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी घोषणा कर दी है कि हमलोग बिहार के 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में पूरे बिहार के कार्यकर्ता एक्टिव हो गए हैं और आज से लेकर चुनाव के दिन तक कोई भी कार्यकर्ता नहीं बैठेगा क्योंकि हम लोगों की जो लड़ाई है वह छलिया और जुमलेबाज लोगों से है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का पूरा मंत्रिमंडल पटना में आकर बैठ गया है इसलिए हम सबको एकजुट होकर जवाब देना है और इस कार्यकर्ता महासम्मेलन से संकल्प करके जाना है कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ही बनेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने दो माह पूर्व ही सर्वे में यह बता दिया है कि तेजस्वी यादव ही सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री का चेहरा है इसलिए बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत हम लोग आगामी विधानसभा चुनाव पूर्ण बहुमत के साथ जीतेंगे क्योंकि वोट काटकर कोई भी चुनाव नहीं जीत सकता है। कार्यक्रम का संचालन माले नेता वीरेन्द्र मेहता ने किया। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव मुनारिक राम, वीआइपी के जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी, पूनम देवी, मालती देवी, पूर्व प्रमुख मनोज यादव, बैजनाथ मेहता, नंदकुमार सिंह यादव, जगन यादव, मुखिया प्रतिनिधि पुटूश यादव, मुखिया रवीन्द्र यादव, श्याम बिहारी पासवान, राजकुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गांजा के साथ एक कारोबारी को ओबरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी 27 वर्षीय शत्रुघ्न कुमार के रूप में की गई है। दरअसल विशेष समकालीन अभियान के तहत वाहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के पास एक युवक को संदेह के आधार झोले की तलाशी ली गई जिसमें 2.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 2.200 किलोग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

# सदर अस्पताल में इमरजेंसी के बाहर झाड़-फूंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अचानक एक व्यक्ति की तबियत खराब होने पर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन इस दौरान मरीज़ के परिजनों ने चिकित्सकों पर भरोसा करने के बजाय तांत्रिक को बुला लिया। मरीज की पहचान भोला सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को भोला सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई। घबराहट महसूस होने लगा और मुंह से झाग आने लगा। जो भी सामने आता, उस पर हमला कर देता। कई लोगों को दांत से काटकर घायल कर दिया। इसके बाद इलाज के लिए पहले हरिहरगंज सामुदायिक अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजनों ने सदर अस्पताल परिसर में ही अंधविश्वास में पड़कर तांत्रिक को बुला लिया। झाड़-फूंक करना शुरू कर दिया। इसका वीडियो फुटेज भी सामने आया है। पूछने पर परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब तक एंबुलेंस नहीं आया था, तब तक तांत्रिक से झाड़ फूंक कराया गया। थोड़ी राहत मिली है। अब बाहर ले जा रहा हूं। विदित हो कि इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे अन्य मरीज भी झाड़-फूंक की क्रिया को देखकर हैरान रहे। हालांकि सदर अस्पताल में इस तरह का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हैरानी की बात यह कि सदर अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मी और सुरक्षा गार्ड भी इस गतिविधि को देखकर आगे बढ़ गए। किसी ने भी इस अंधविश्वास को रोकने की कोशिश नहीं की। सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि विज्ञान के युग में भी लोग अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर समय बर्बाद करते हैं। लोगों को अंधविश्वास के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए।

# सात थानों में नये थानाध्यक्ष की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** त्योहार व चुनाव के पूर्व पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने व बेहतर पुलिसिंग के उद्देश्य से कुछ पदाधिकारियों को इधर से उधर किया है। जिले के सात थानों में नये थानाध्यक्ष की पदस्थापना की गयी है। पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार को पुलिस केंद्र औरंगाबाद से गोह थाने में थानाध्यक्ष के तौर पर पदस्थापित किया गया है। पुलिस अवर निरीक्षक संजीत राम को रिसियप का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा पुलिस अवर निरीक्षक अजय बहादुर सिंह को टंडवा का थानाध्यक्ष, अमरजीत चौधरी को बड़ेम का थानाध्यक्ष, मनीष कुमार को देवकुंड का थानाध्यक्ष, आकाश कुमार को उपहारा और अंजलि कुमारी को महिला थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार और रणविजय कुमार को पुलिस केंद्र से जिला आसूचना इकाई में पदस्थापित किया गया है। प्रखंड के टंडवा थाना में अजय बहादुर सिंह ने नये थानाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। 2018 बैच के अजय बहादुर सिंह इससे पहले गया जिले के चकरबंधा थाना सहित कई थानों में भी थानाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया।

# गांजा तस्करी मामले में दो दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने बारून थाना के एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि काराधिन अभियुक्त भोजपुर जिले के बीबीगंज निवासी शिवकुमार महतो एवं गजराजगंज निवासी मिथलेश कुमार पासवान को एनडीपीएस एक्ट में दोषी ठहराए गए है। सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि 23.09.25 निर्धारित किया गया है। घटना के समर्थन में अभियोजन की ओर से 08 गवाहों ने गवाही दी थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पुअनि धनंजय कुमार शर्मा ने 28.08.21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर सासाराम की तरफ बड़ी मात्रा में गांजा जा रही है। सूचना के सत्यापन हेतु टीम गठित कर जांच के दौरान एक टैंकर से 20 क्विंटल 51 किलोग्राम गांजा के 401 पैकेट बरामद किया गया। साथ ही दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## दुष्कर्मी को सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने गोह थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त गोह निवासी धर्मेंद्र कुमार गोलू को पॉक्सो एक्ट में 10 साल की सजा और 30 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। पीड़िता के परिजन के मुताबिक गलत नियत से 08.06.22 को नाबालिग का अपहरण किया गया था जिसमें बताया कि जिसमें प्राथमिकी 17.06.22 को दर्ज कराई गई थी, अभियुक्त पर आरोप पत्र 29.08.22 को आई थी तो अभियुक्त पर आरोप गठन 23.03.23 को हुई थी कोर्ट द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद को आदेश दिया गया है कि पीड़िता को एक लाख रूपये प्रतिकर दिलाई जाए।

# जांच अभियान के दौरान ओवरलोड हाइवा जब्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में बेनी बिगहा मुख्य मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक डस्ट से लदा ओवरलोडेड हाईवा ट्रक पकड़ा गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल वाहन की जांच जारी है। सूत्रों के मुताबिक जांच में ट्रक पर निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक डस्ट लदा पाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी डीटीओ और खनन विभाग को दी गई, जो जांच में जुट गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त ट्रक पर जुर्माना लगाया गया है और राशि जमा करने के बाद ही वाहन को मुक्त किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से ओवरलोडिग करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

# डीएम ने लोगों की समस्याओं का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 10 परिवादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इन आवेदनों में सड़क निर्माण, दाखिल-खारिज, स्वतंत्रता सेनानी विशेष भत्ता, डीलर द्वारा राशन की अवैध बिक्री, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनहित की समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जनता दरबार गोह प्रखंड के क्षेत्र संख्या-26 के पंचायत समिति सदस्य रूबी कुमारी ने डीलर द्वारा राशन को बाजार में बेचने की शिकायत दर्ज की। इसी प्रकार नवीनगर थाना क्षेत्र के नाउर पंचायत के बसा निवासी गीतांजली कुमारी ने सड़क निर्माण की मांग रखी। कुटुंबा अंचल के बैरांव गांव निवासी मदन मेहता ने दाखिल-खारिज रोकने का मामला उठाया, वहीं हसपुरा थाना के पुरहारा गांव निवासी जगलाल सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी विशेष भत्ता दिए जाने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा गांव और कस्बों में सड़क, नाली, पुल, नल-जल आपूर्ति व्यवस्था और जनसुविधा से संबंधित मुद्दे भी रखे गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# ट्रैक्टर से कुचल कर महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र के अरंड़ा चंदा पथ के एकौना फॉल के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पैदल जा रही महिला को कुचल दिया जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान एकौना गांव निवासी मुंगेश्वर मिस्त्री की 60 वर्षीय पत्नी समतो देवी के रूप में की गई। वह गुरुवार की दोपहर अपने घर से पैदल अरंड़ा स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक शाखा में खाता खुलवाने जा रही थी। इसी क्रम में वह हादसे का शिकार हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व मृतका के परिजनों को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पोस्टमार्टम के दौरान सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतका वृद्धा पेंशन के लिए बैंक में खाता खुलवाने जा रही थी। इस दौरान ट्रैक्टर के चपेट में आ गई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के निशानदेही पर ट्रैक्टर चालक की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दशम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संभाला पदभार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के दशम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिव्या वशिष्ठ ने पदभार ग्रहण किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायधीश दिव्या वशिष्ठ के पदभार ग्रहण करने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं सचिव सिद्धेश्वर विधार्थी ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। अधिवक्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 10वें अशोक कुमार गुप्ता को अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश तृतीय का पदभार ग्रहण करने पर यह पद रिक्त था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सीसीटीवी व वीडियोग्राफी से रिकॉर्ड होगी नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के उद्देश्य से प्रशिक्षण कोषांग द्वारा नाम निर्देशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समाहरणालय परिसर स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। इस अवसर पर उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुख्य मास्टर राजकुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को नाम निर्देशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 एवं निर्वाचक संचालन नियमावली, 1961 के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचना निर्गत होने के दिन ही निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्ररूप-1 में आम सूचना प्रकाशित करना अनिवार्य है तथा नाम निर्देशन संबंधी समस्त कार्यों की पूर्व तैयारी समय रहते सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम निर्देशन की प्रक्रिया के लिए पदाधिकारियों और कर्मियों की सूची तैयार कर कार्यों का उचित बंटवारा करना, स्थल का ले-आउट, सुरक्षा, बेरिकेटिंग, सीसीटीवी कवरेज, स्टेशनरी, दस्तावेज, फॉर्म और रजिस्टर की व्यवस्था करना, बैठने की उपयुक्त व्यवस्था करना और समय से पहले अभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार के लिए एक प्रस्तावक, जबकि पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए दस प्रस्तावकों की आवश्यकता होती है। नामांकन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक केवल निर्धारित स्थल पर ही लिए जाएंगे तथा आरओ कार्यालय के 100 मीटर परिधि में अधिकतम तीन वाहन और कार्यालय कक्ष में पांच व्यक्तियों तक की अनुमति होगी। नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के माध्यम से रिकॉर्ड की जाएगी। सामान्य उम्मीदवार के लिए दस हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए पांच हजार रूपये की जमानत राशि जमा करना अनिवार्य है। संविधान के अनुच्छेद 173 (अ) के अंतर्गत प्रत्याशी को शपथ पत्र देना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो नोटिस जारी किया जाएगा। सभी नामांकन पत्रों की संवीक्षा निर्वाची पदाधिकारी द्वारा की जाएगी और आपत्ति की स्थिति में संक्षिप्त जांच कर निर्णय लिया जाएगा। अभ्यर्थिता वापसी प्ररूप-5 के माध्यम से नियत तिथि को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक की जा सकती है। नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, जिसमें मान्यता प्राप्त दलों को आरक्षित प्रतीक और अन्य को अनारक्षित प्रतीक दिए जाएंगे। इस प्रकार प्रशिक्षण सत्र में मुख्य मास्टर राजकुमार गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को नाम निर्देशन की प्रक्रिया से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं की गहन जानकारी प्रदान की ताकि निर्वाचन की यह महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

# दुर्गा पूजा को लेकर हटाया अतिक्रमण

**ओबरा(नबिटा संवाददाता)।** दुर्गा पूजा को लेकर अंचलाधिकारी हरिहरनाथ पाठक एवं थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में रथ दुर्गा चौक रोड व दुर्गा चौक रोड तथा सूर्य मंदिर रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान फुटपाथी दुकानदारों व अवैध रूप से कब्जा जमाए लोगों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अतिक्रम हटा ले। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगर दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो जुर्माना लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत करने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसी क्रम में सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग की गई वाहनों का चालान काटा गया। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, अवर निरीक्षक दीपक कुमार, निधि कुमारी, मोहम्मद मुनाजिर हुसैन सहित अन्य सशस्त्र पुलिस बल की मौजूदगी रही।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के मौके पर बहुत-बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं



**अनीश राज**
जिला कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग
भाजपा पटना ग्रामीण
मंडल प्रभारी रामजीवन मंडल
मसौढ़ी(पटना)